ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● पौष शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 06 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-83 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

फिल्म
गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज
पेज 10 पर

सीएम हेमंत की पहल का असर

सम्मेद शिखर पर नहीं होगी इको टूरिज्म में एक्टिविटी

केंद्र सरकार ने जैन समुदाय की मांग मानी

नशीले पदार्थ की बिक्री पर भी रोक

नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली
केंद्र सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाते हुए तीन साल पहले जारी अपना आदेश वापस ले लिया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने एक निगरानी समिति भी बनाई है। यह समिति इको सेंसिटिव जोन की निगरानी करेगी। केंद्र सरकार ने राज्य को निर्देश दिया है कि इस समिति में जैन समुदाय के दो और स्थानीय जनजातीय समुदाय के एक सदस्य को स्थायी रूप से शामिल किया जाए। दरअसल, केंद्र सरकार ने 2019 के नोटिफिकेशन में पारसनाथ पर्वत क्षेत्र के प्राकृतिक और पर्यावरण क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए इको सेंसेटिव जोन घोषित किया था। नए नोटिफिकेशन में केंद्र ने अपने पुराने निर्देशों में संसोधन करते हुए समिति बनाई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को दिल्ली में जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद यादव ने कहा कि जैन समाज को आश्वासन दिया गया है कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार सम्मेद शिखर सहित जैन समाज के सभी धार्मिक स्थलों पर उनके अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सम्मेद शिखर का है धार्मिक महत्व

झारखंड का हिमालय माने जाने वाला पारसनाथ पहाड़ पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित हैं। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की। यहां पर 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालु पैदल या डोली से जाते हैं। जंगलों, पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए नौ किलोमीटर की यात्रा तय कर शिखर पर पहुंचते हैं। जैन समाज को आशंका है कि पर्यटन स्थल बनने के बाद यहां मांस-मदिरा आदि बिकने लगेगी, यह समाज की भावना-मान्यता के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री को लिखा था पत्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सम्मेद शिखरजी को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा था। उसपर मंत्रालय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगा दी है, जिसमें पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्र लिख जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना के संदर्भ में समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि पारसनाथ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू सेंट्रल जेल में रेड

नवीन मेल संवाददाता
मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त और एसपी चंदन सिन्हा की संयुक्त टीम ने गुरुवार की दोपहर सेंट्रल जेल में 3 घंटे तक छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान हर एक वार्ड की तलाशी ली गई लेकिन किसी वार्ड से किसी तरह का कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। डीसी-एसपी की टीम ने रूटीन जांच के तहत गुरुवार की दोपहर करीब 1.30 बजे के आसपास सेंट्रल जेल में छापामारी शुरू की। छापामारी शाम 4.30 बजे तक चली। 3 घंटे की सघन छापामारी में जेल के हर एक वार्ड को खंगाला गया। महिला और बुजुर्ग वार्ड में भी तलाशी ली गई। एक-एक कैदी के झोले और सामानों की तलाशी ली गई, लेकिन कहीं से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुए। छापामारी में सिविल और पुलिस प्रशासन मिलाकर 10 टीमें बनाई गई थी। डीसी, एसपी के अलावा एसडीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर, कई थाना प्रभारी, सहायक अवर निरीक्षक और पुलिस जवान शामिल थे। बताते चलें कि मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में 1 हजार के आसपास कैदी हैं। इसमें कई बड़े अपराधियों के अलावा नक्सली और उग्रवादी शामिल हैं। सेंट्रल जेल से किसी तरह की कोई आपराधिक घटना ना हो, इसके मद्देनजर समय समय पर रूटीन जांच के तहत छापामारी अभियान चलाया जाता है, ताकि आपत्तिजनक सामान बरामद किया जा सके। इनमें मोबाइल फोन, धारदार हथियार, नशीला पदार्थ ना हो इसकी जांच की जाती है।

NEWS इन ब्रीफ

पलामू में भारी मात्रा में शराब बरामद, किया गया नष्ट

मेदिनीनगर। उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के आदेश पर उत्पाद विभाग की टीम ने सदर थाना क्षेत्र के भूसही गांव में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर पांच भट्टी को ध्वस्त करते हुए। 1200 केजी जावा महुआ और 450 लीटर जुलाई शराब जब्त कर उसे घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया। वहीं उत्पाद विभाग की टीम को देखकर शराब तस्कर घटनास्थल से फरार हो गए। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रहा था कि सदर थाना क्षेत्र के भूसही गांव में शराब तस्करों द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने भूसरी गांव में छापामारी कर अवैध महुआ शराब की भट्ठी, जावा महुआ और जुलाई शराब को बर्बाद करने की कार्रवाई की है। वहीं शराब नष्ट करने की प्रक्रिया के बाद शराब बनाने वाले के खिलाफ उत्पाद विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री के आदेश पर थाना प्रभारी निलंबित

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर संथाल परगना क्षेत्र, दुमका के पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा थाना प्रभारी नगर देवघर रतन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी पर देवघर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के आर्म्स गार्ड कैलाश यादव के साथ मारपीट करने, मोबाइल तोड़ने एवं गार्ड को जेल भेजने का आरोप है। मालूम हो कि दो जनवरी को थाना प्रभारी द्वारा बैंक के गार्ड के साथ थाना प्रभारी ने मारपीट एवं गाली-गलौज करने के उपरांत अतिरिक्त पुलिस बल के सहयोग से गार्ड को घसीटते हुए हाजत में बंद कर दिया गया। गार्ड की गिरफ्तारी अपेक्षित नहीं रहने एवं पर्यवेक्षी पदाधिकारी के आदेश के बिना गार्ड को जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा मामले की जांच किए जाने के उपरांत थाना प्रभारी को कर्तव्यहीनता, लापरवाही, अनुशासनहीनता, उद्दंडता, नियम विधि विरुद्ध कार्य एवं आपराधिक कृत्य के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने लाभुकों को विभिन्न योजनाओं की दी सौगात

योजनाएं कागजों-फाइलों में नहीं, धरातल पर उतारा जा रहा : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज
ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी सरकार का संकल्प है। इसी मकसद से कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। जिनके लिए ये योजनाएं हैं, उनके दरवाजे तक यह पहुंचे, इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अब योजनाएं कागजों-फाइलों में सिमटी नहीं रहेगी। योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर सरकार की पूरी नजर है, ताकि हर जरूरतमंद और गरीब को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में हजारों शिविर लगाए गए। इन शिविरों के माध्यम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प सरकार ने ले रखा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि हम एक तरफ चांद पर जाने की बात कर रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, पिछड़ापन, बेरोजगारी और कुपोषण जैसी कई समस्याएं व्याप्त है। अलग राज्य बने 22 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन ग्रामीण इलाके आज भी विकास से अछूते हैं। गांव और ग्रामीणों की दशा पर ना तो सरकार की नजरें गई और न ही उन्हें मुख्यधारा में लाने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में वृद्धापेंशन का लाभ ले रहे हैं युवा लाभुक

अधिकारी व बिचौलियों की मिलीभगत, नहीं हो रही कार्रवाई

अजय कुमार पांडेय
मेदिनीनगर। पलामू जिले के उंटारी रोड, हैदरनगर समेत कई अंचलों में बिचौलियों हावी हैं। बिचौलियों और अंचलकर्मियों कि मिलीभगत से सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड 60 वर्ष की उम्र के वृद्ध के बजाय 30 वर्ष के लाभुक वृद्धा पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार उंटारी रोड प्रखंड लुम्बा सतबहिनी गांव की उषा देवी पति दिलीप शर्मा का उम्र वर्तमान के मतदाता सूची में 37 वर्ष है। जबकि उक्त महिला नवम्बर 2017 से पेंशन का लाभ उठा रही है। इसकी शिकायत लुम्बा सतबहिनी के ग्रामीण ने उपायुक्त से की थी। किंतु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं कि गयी है। उक्त महिला द्वारा 30 वर्ष की उम्र से ही वृद्धा पेंशन का लाभ लिया जा रहा है । शिकायत के वावजूद अभीतक उक्त लाभुक का न तो पेंशन बन्द किया गया और न ही राशि वसूली की गई। वहीं हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा निवासी साहेबदयाल राम ने उपायुक्त से 60 वर्ष से कम उम्र के आधे दर्जन लोगों द्वारा वृद्धा पेंशन लिए जाने की शिकायत की है। श्रीराम ने कहा है कि बरडंडा के बिंदा देवी 41, मंसूर आलम 54, केश कुमारी देवी 50, सचिदानंद शर्मा 51, शिवप्रसाद शर्मा 52 वर्ष की उम्र में वृद्धा पेंशन का लाभ ले रहे हैं।

एनटीपीसी गोलीकांड में पूर्व विधायक निर्मला देवी को राहत

निचली अदालत में बांड भरने के बाद रिहाई का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने शर्त के साथ जमानत दे दी है। शर्त के अनुसार पूर्व विधायक निर्मला देवी को निचली अदालत में बेल बांड भरना होगा, इसके बाद उन्हें रिहा किया जायेगा। निर्मला देवी बड़कागांव एनटीपीसी आंदोलन में हुई गोलीबारी में सजायाफ्ता हैं। इस मामले में रांची एमपी-एमएलए की कोर्ट ने उन्हें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लोस चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

सिंहभूम के कुछ बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करने की कवायद

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चाईबासा आगमन को लेकर भाजपा की ओर से जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। श्री शाह के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा समेत सिंहभूम व आसपास के लोकसभा क्षेत्रों के नेता व कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। कार्यक्रम स्थल टाटा कॉलेज के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर जन समर्थन व्यापक रूप से देखा जा रहा है। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार के बावजूद यहां से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। यही नहीं, मोदी लहर का असर भी इस सीट पर न होने को लेकर यह सीट भाजपा शीर्ष नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है।
भाजपा के सूत्रों के मुताबिक देश के 160 संसदीय क्षेत्रों ने 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर लोकसभा प्रवास योजना के तहत पार्टी काम कर रही है जिसमें सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र भी एक है। पार्टी सूत्रों का मानना है कि सिंहभूम लोकसभा सीट के महत्व को देखते हुए यहां गृह मंत्री और प्रधानमंत्री की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रामगढ़ महिला थाना प्रभारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
एसीबी हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ महिला थाना प्रभारी को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को दोपहर एसीबी हजारीबाग की टीम रामगढ़ महिला थाना पहुंची। यहां महिला थाना में एसीबी हजारीबाग के डीएसपी और इंस्पेक्टर के नेतृत्व में छापामारी की गई। महिला थाना प्रभारी मेंजारी बिरवा एक केस के मामले में आरोपी से 10 हजार रुपये घूस ले रही थी। इसी क्रम में एसीबी की टीम ने छापामारी कर उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। एसीबी की टीम महिला थाना प्रभारी को तुरंत गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गई। मांडू थाना निवासी तपन गिरि ने भ्रष्टाचार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

थोड़ी हरकत | 70 साल की वृद्धा पर सू सू करने की सजा 30 दिन के लिए नो फ्लाई लिस्ट में शामिल होना

इतने बड़े अपराध की इतनी छोटी सजा?

कुछ घटनाएं भुलाए नहीं भूलतीं। कई घटनाएं हैं। इनमें एक आपके संज्ञान में होगा। वही, 50 साल के शख्स का 70 साल की वृद्धा पर सू सू करना। इसको लेकर कुछ हुआ नहीं। मीडिया शांत रहा। एयर इंडिया भी शांत रहा। डीजीसीए भी शांत रहा। हमारे उड्डयन मंत्री भी शांत रहे। अब थोड़ी सी हरकत हुई है। उस सू सू करने वाले बिजनेसमैन की पहचान हुई है। मुंबईकर है। कोई बिजनेस करता है। नाम है, शेखर मिश्रा। शेखर मिश्रा कहां रहता है, किसी को पता नहीं। वह महिला कहां रहती है, यह सबको पता है। अगर 70 साल की वह वृद्धा अपनी पैरवी खुद न करती तो क्या होता? यह मिश्रा के संस्कारों का ही फल है कि वह एक स्त्री पर सू सू कर आया। दारू पीकर क्या मिश्रा अपने संस्कार भूल गया या यह बदमाशी थी? क्या उसका व्यापार चौपट हो गया या उसके मन में यह कुंठित भावना थी कि जीवन में कभी किसी महिला की देह पर सू सू करना है? एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स को क्या हो गया था? जब उस महिला ने अपना विरोध दर्ज कराया, तब एक्शन क्यों नहीं हुआ? एयर इंडिया वाले मामले को क्यों दबाना चाहते थे? इसमें उनकी कौन सी कार्पोरेट डील छुपी हुई थी? क्या क्रू मेंबर्स की मिश्रा के साथ कोई डील थी? क्या क्रू मेंबर्स को मिश्रा ने कुछ डॉलर थमा दिये थे? भारत जैसे देश में इस घटना की चहुंओर निंदा न होना इस बात का परिचायक है कि हम भले दंभ भरें कि भारत विश्वगुरु बनने जा रहा है, हममें भारतीय संस्कृति की मूल बातें भी नहीं हैं।

जाने-माने पत्रकार रवीश कुमार ने इस पर लिखा है : बिजनेस क्लास में सू सू करने वाला अमीर कौन था? मेरी मांग है कि एयर इंडिया के बिजनेस क्लास में कंबल से लेकर कप तक पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लिखा हो। यह काम सबसे पहले किया जाए। रही बात उस अमीर का नाम गुप्त रखने की जिसने किसी स्त्री के ऊपर सू सू कर दिया, उसके बारे में भी कुछ कहना है। उसकी तीस दिन की यात्रा पर रोक की सजा माफ की जाए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इस एक्शन को क्या कहा जाए

इतना हो-हंगामा होने के बाद मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इससे क्या होगा? कौन जानता है मिश्रा को? अगर कोई जानता है तो उसके बारे में बताता क्यों नहीं? अगर यह पता है कि वह बिजनेसमैन है तो उसके कुल-खानदान को खोजने के लिए क्या एफबीआई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

देश में विदेशी विवि की अगवानी के लिए बिछाया जाने लगा लाल जाजिम

– कृष्णमोहन सिंह। नयी दिल्ली
विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में अपनी शाखाएं खोलनेवाले सभी विदेशी विश्वविद्यालयों को केवल ऑफलाइन कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय को यूजीसी की मंजूरी के बिना भारत में अपना कैंपस खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यदि विदेशी विश्वविद्यालय किसी भारतीय प्राइवेट विश्वविद्यालय से गठबंधन कर लें या हिस्सेदारी वाला व्यवसाय कर लें, तब यूजीसी क्या करेगा। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी विदेशी यूनिवर्सिटी यूजीसी की मंजूरी के बिना कैंपस स्थापित नहीं कर सकती है। लेकिन यूजीसी के मंजूरी के बिना तो देशी कंपनियां भी प्राइवेट विवि नहीं खोल सकती हैं और बिना मंजूरी तथा शर्तों का पालन किये ही तमाम प्राइवेट विश्वविद्यालयों का रांची या अन्य शहरों, जगहों से नोएडा में एक्सटेंशन कैंपस चल रहा है। यह क्या है? यूजीसी अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने की शुरुआती मंजूरी दस साल के लिए होगी। यह मंजूरी नौवें वर्ष में रिन्यू की जाएगी, बशर्ते वे कुछ शर्तों को पूरा करें। इस बशर्ते में ही सारा खेल छुपा हुआ है। ऐसा तो है नहीं कि बिना शर्त पूरा किये ही विश्वविद्यालय को अपना कैंपस खोलने की अनुमति दी जाएगी। फिर नौ साल बाद कौन सी शर्त परखी जाएंगी? लगातार निगरानी क्यों नहीं?
यूजीसी अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालय फिजिकल मोड में केवल फुल टाइम कोर्स पेश कर सकते हैं। हालांकि, विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने की स्वतंत्रता होगी, लेकिन इन विश्वविद्यालयों को अपने भारतीय परिसरों में प्रदान की जानेवाली शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी जो उनके मेन कैंपस के बराबर हो। लेकिन यूजीसी अध्यक्ष पहले भारतीय विश्वविद्यालयों के मेन कैंपस से अलग कैंपस में ही पढ़ाई की गुणवत्ता को परख व देख लें। बीएचयू के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अपनी मर्जी से फीस ले सकते हैं विदेशी विवि

विदेशी विश्वविद्यालयों में आरक्षण के तहत न तो नौकरी और न ही एडमिशन

NEWS इन ब्रीफ

राष्ट्रीय युवा सप्ताह प्रतियोगिता आज से शुरू

हुसैनाबाद। स्थानीय एके सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 6 जनवरी को निबंध प्रतियोगिता, 7 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता एवं 12 जनवरी को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का विषय स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और विचार पर आधारित होगा । साथ ही महाविद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों एवम छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित दिनांक 8 जनवरी एवं 9 जनवरी को प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 जनवरी एवं 11जनवरी को भाग लेंगे और पुरस्कृत किये जायेंगे । उन्होंने बताया कि निबंध 500 शब्दों में होना चाहिए।

सबकी योजना, सबका विकास अभियान को लेकर ग्राम सभा आयोजित

पांकी। पंचायत सचिवालय में आज मुखिया प्रेम प्रसाद के अध्यक्षता में सब की योजना, सबका विकास अभियान के तहत पलामू उपायुक्त के पत्रांक 1469 के निर्देश के आलोक में ग्राम सभा की बैठक की गई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023- 2024 के वार्षिक कार्य योजना हेतु विषय मनरेगा, 15 वे वित्त, शिक्षा, स्वास्थ, उद्योग विभाग एवं अन्य से संबंधित सूचीबद्ध कर चर्चा की गई। बैठक में उप मुखिया अनारीक राम, पंचायत सेवक परशुराम, सेवक अनिल प्रसाद, सभी वार्ड सदस्य, जल सहिया, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, मौनटी कुमार, केदार प्रसाद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

नील गाय से ग्रामीण परेशान

पाटन। प्रखंड मे नीलगाय के आतंक से ग्रामीण किसान हुए परेशान। झुण्ड के झुण्ड बना कर दौड़ रहे खेत में लगे फसल को नस्ट कर रहे है। शोले, राजहारा, बिल्होरी, सुठा, धन्यगाई, समेत कई गाँव मे लगे हुए रबी की फसल को किया नष्ट।

घटिया पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद, आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। पलामू जिले के नीलांबर पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड क्षेत्र के बौराखाड़ पीरी नदी में चल रहे मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने बंद करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का निर्माण घटिया तरीके से किया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर विरोध दर्ज किया। योगेंद्र सिंह , जितेंद्र कुमार , विश्वनाथ कुमार , शिवकुमार राम , रमेश महतो , मुकेश कुमार सिंह , बृज नंदन सिंह , उपेंद्र राम , यशवंत कुमार सिंह , विपिन बिहारी सिंह , सुरेश सिंह , विकास कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने घटिया पुल निर्माण कार्य का जमकर विरोध किया। 12

एमएम के जगह 8 एमएम का पतला सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट भी घटिया लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल का निर्माण पेटी कांट्रेक्टर रेयाज अहमद खान के द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। निर्माण कार्य करा रहे पेटी कांट्रेक्टर का संवेदक रेयाज अहमद खान मनमानी तरीके से निर्माण कार्य करा रहा है। बांगड़ सीमेंट का इस्तेमाल पुल की ढलाई में हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जो पुल का ढलाई हुआ है , उसे देखने से प्रतीत हो रहा है कि निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने पांकी विधायक के नाम पर एक आवेदन भी लिखा है। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा विधायक को आवेदन दिया गया है या नहीं , इसके बारे में जानकारी नहीं है। ग्रामीणों के दावा है कि निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। रात के अंधेरे में भी यहां काम किया जाता है। ग्रामीण ने पांकी विधायक से निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पुल का निर्माण कराने की मांग किया है। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पुल का निर्माण शुरू नहीं होता है, तब तक काम बंद रहेगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर ने कुकही को किया पराजित

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सिमरसोत मैदान में कुकही बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। यह टूर्नामेंट एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गत माह ही शुरू कराया है। मंगलवार को सिमरसोत मैदान में खेले गये। मैच में बिलासपुर की टीम ने कुकही की टीम को 35 रन से पराजित कर दिया। बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में सात विकेट खोकर 104 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी कुकही की टीम मात्र 69 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का खिताब बिलासपुर टीम के शशि कुमार को मिला। इसमें उपस्थित विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जायेगा। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न पंचायतों में किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि बुधवार को दिन के 11 बजे से जपला हैदरनगर मुख्य पथ स्थित सिमरसोत मैदान में मैच खेला जायेगा। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, रविरंजन सिंह, अभिषेक सिंह हरी, चंचल कुमार, रजनीश सिंह, अजय चंद्रवंशी, पंसस राजीव कुमार शर्मा, सोनू सिंह, शामिल थे।

गड़बड़ियां मिली तो नपेंगे कस्तूरबा के सभी कर्मी : डीईओ

कर्मियों को कार्यशैली में सुधार का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी गुरुवार को विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वार्डेन सहित अन्य शिक्षिकाओं एवं कर्मियों को अपनी कार्यशैली में सुधार करने का सख्त निर्देश दिया।उन्होंने दो टूक लहजे में स्पष्ट तौर पर सभी को कहा कि पढ़ाई सहित पूरी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो अगली बार निरीक्षण में सभी पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने वार्डेन उषा कुमारी से सभी छात्राओं को अविलंब स्कूल पहुंचने की सूचना देने की हिदायत दिया ताकि छुट्टी के बाद सभी छात्राएं स्कूल पहुंच सकें।डीईओ ने विद्यालय की व्यवस्था पर काफी नाराजगी

प्रकट किया। श्री चौधरी ने वार्डेन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले बार निरिक्षण के दौरान अगर गड़बडियं मिली तो पद से हटा दिया जायेगा।उन्होंने कहा कि छात्राओं कि पढाई में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं किया जायेगी।छात्राओं को अपनी बच्ची समझ कर उन्हें बेहतर शिक्षा दें।अंशकालिक शिक्षिकाओं के बढ़े मानदेय पर भी उन्होंने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान वहां के पांच अंशकालिक शिक्षिकाएं डीईओ से बढ़े मानदेय की भुगतान कराने का अनुरोध किया था। डीईओ श्री चौधरी ने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त चाहरदिवारी का जल्द ही निर्माण करा दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान वार्डन उषा कुमारी, लेखापाल अमित श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

बालू के अभाव में अधिकांश विकास कार्य अवरूद्ध

पीएम आवास निर्माण पर भी आफत

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बालू संकट क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर समस्या बन गयी है। हुसैनाबाद में बालू नहीं मिलने के कारण विकास कार्य पूरी तरह से बंद है।वहीं भवन निर्माण कर रहे लोगों की भी परेशानी काफी बढ़ गयी है। बालू के अभाव में सरकारी या निजी भवन निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। हुसैनाबाद प्रखंड के आवास कॉर्डिनेटर अजय कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के 776 आवास अधूरा पड़े हैं। जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में भी सैकड़ो लाभुकों का आवास अधूरा है। वहीं निजी क्षेत्रों में भवन निर्माण में जुटे लोगों का निर्माण कार्य बालू के अभाव में बंद है। इन दिनों चोरी-छिपे बालू की बिक्री भी बंद है। हालांकि सम्पन्न लोग काफी महंगे दाम पर बालू की व्यवस्था कर लेते हैं। ताकि किसी तरह अपना आशियाना बना लें। लेकिन अब वे भी बिल्कुल बंद है।

रोजगार भी हुआ प्रभावित : बालू नहीं मिलने के कारण निजी या सरकारी भवन निर्माण का कार्य बंद है। इसके कारण दिहाड़ी मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों के रोजी-रोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है।

बालू से जुड़े व्यवसाय पूरी तरह ठप : बालू की किल्लत की वजह

से इससे जुड़े व्यवसाय पूरी तरह ठप है। छड़-सीमेंट व इट भठ्ठा से जुड़े व्यवसाय बालू के कारण पूरी तरह प्रभावित है। निर्माण सामग्रियों की बिक्री करने वाले कारोबारियों का कहना है कि बालू की किल्लत के कारण विगत कई माह से सीमेंट,छड़,स्टील आदि की मांग में 80 फीसदी तक कमी हो गयी है। वही भवनों का निर्माण कार्य बंद होने से वायरिंग का काम भी ठप्प हो गया है। इससे इलेक्ट्रिक सामानों की बिक्री भी काफी प्रभावित है। यानी बालू की कमी की चौतरफा मार बाजार पर पड़ रही है।

मजदूर पलायन को मजबूर : क्षेत्र में सुखाड़ के कारण किसान व मजदूर के पास रोजगार के कोई साधन उपलब्ध नही है।बालू मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों के पास भी निर्माण कार्य मे रोजगार उपलब्ध होता था लेकिन बालू नही मिलने के कारण मजदूर अन्य प्रदेशों में पलायन को मजबूर हैं।

विकल्प ढूंढ़े सरकार : इस संबंध में अधूरे आवास योजना के लाभार्थियों का कहना है सरकार को कोई बीच का रास्ता निकाल कर इस गंभीर समस्या का समाधान ढूंढना चाहिए। ताकि अपना आशियाना बना सकें। बालू के बिना रोजी-रोजगार के साथ-साथ इस रोजगार से जुड़े लोगों को राहत मिल सके। नगर अध्यक्ष शशि कुमार, हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से सरकार से इस दिशा में ठोस पहल करने की मांग की है।

प्रखंड साक्षरता की हुई बैठक

विश्रामपुर। विश्रामपुर प्रखंड साक्षरता कार्यालय में गुरुवार को पंचायत प्रेरकों की एक अहम बैठक आहूत की गई। जिसमे पंचायत के सभी प्रेरकों ने भाग लिया और कमिटी विस्तार पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सूर्यनाथ पाण्डेय ने किया। जिसमे कमिटी की सर्व सम्मति से विजय कुमार रवि उर्फ पेंटर विजय को ज्ञान विज्ञान समिति का प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। साथ ही दिलीप मेहता को उपाध्यक्ष,अमरेश तिवारी को सचिव, यशोदा देवी को सह सचिव व अनिता देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा रामकृष्ण मेहता गोपाल चौधरी, नीतीश कुमार, पूनम देवी, अर्चना देवी, सोनी देवी,रंभा देवी,पूजा देवी, रिज्जू देवी,सावित्री देवी,श्रवण कुमार, सुनील सिंह, प्रयाग राम को सदस्य पद पर मनोनित किया गया। मौके पर श्री पांडेय ने कहा की शिक्षा के बिना राष्ट्र नव निर्माण में हम कोई योगदान नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा आज के इस आधुनिक युग में जहां पूरा देश डिजिटल हो रहा है,वैसे में आज ग्रामीण क्षेत्रो में कई लोग अपना नाम तक नहीं लिख पा रहे है।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 प्रकाशित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत गुरुवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिसका अवलोकन आम लोग कर सकते हैं। विदित हो कि आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में दिनांक 9 नवंबर 2022 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 8 दिसंबर 2022 तक दावा/आपत्ति संबंधी प्रपत्र प्राप्त करने की कार्रवाई सभी मतदान केंद्रों एवं निर्धारित कार्यालयों में की गयी थी। उक्त दावा/ आपत्ति संबंधी प्रपत्रों का संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से निष्पादन के उपरांत अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का प्रकाशन करने की कार्रवाई पूर्ण कर ली गयी है। प्रारूप प्रकाशन तिथि दिनांक 9 नवंबर 2022 को मतदाताओं की संख्या 1576572 थी,जो अब बढ़कर 1622627 हो चुकी है। उक्त अवधि में आयोग से प्राप्त निर्देश का अनुपालन करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित करने की कार्रवाई संपन्न की गयी है।

खेल प्रतियोगिता से युवा प्रतिभाओं में निखार आता है : संजय

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत उरसुला कर्बला चौक खेल मैदान में आयोजित युवा बॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में उरसुला की टीम ने डिहारिया टीम को हरा कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। विजेता और उप विजेता टीमों के बीच ट्रॉफी पदक का वितरण बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा व विशिष्ठ अतिथि बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा आयोजकों द्वारा विजेता टीम को 41 हजार व उप विजेता टीम को 31 हजार रूपए नकद पुरस्कार के रूप में दिया गया। टूर्नामेंट के आयोजक संजय बैठा ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से किया गया था। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि युवा खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर तलाश करें। उन्हे हर संभव सहयोग दिया जायेगा। मौके पर अरबाज अंसारी, धनंजय पांडेय, कामेश्वर मेहता, रिंकू पासवान, श्रवण दीक्षित, दीपक दीक्षित, मंसूर हुसैन, तौकीर आलम, बबन पासवान,अरुण तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com

Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

Letter No : 17 Date : 04.01.2023

Corrigendum-2nd

The following changes have been done due to some unavoidable circumstances in Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/39/2022-23 (1st Call) Detailed survey, designing and drawing, Construction of 1383 Nos. FHTC in Gidhour Block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2022-23 under (JJM) on published vide P.R. No. – 286032 (DWSD) 2022-23

	Previously Published		Amended as follow	
Group No.	Estimated Cost (In Lac)	E.M Required (In Lac)	Estimated Cost (In Lac)	E.M Required (In Lac)
GID/SVS/CLTR/34(A)	490.10	4.90	490.08	4.90
Place of Pre-bid Meeting	Office of The Engineer-in-Chief, D.W&S. Department, Jharkhand, Ranchi.		Office of The Regional Chief Engineer, D.W&S. Department, Ranchi Zone, Ranchi.	

Other condition will be same as mentioned in NIT & B.O.Q

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 286718 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **219/2022-23/RWD/GARHWA** दिनांक :- **05.01.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि
1.	RWD/ GARHWA/ 26/2022-23	महुलिया रोड में बीर कुँवर से ढ़ोटी होते हुए जाटा पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.415 कि0मी0)	3,55,19,700.00	तीन करोड़ पचपन लाख उन्नीस हजार सात सौ रू0 मात्र	18 माह
2.	RWD/ GARHWA/ 27/2022-23	गढ़वा–चिनियाँ मुख्य पथ से हेलीपैड होते हुए कल्याणपुर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.620 कि0मी0)	2,82,19,000.00	दो करोड़ बेरासी लाख उन्नीस हजार रू0 मात्र	15 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **17.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **30.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **31.01.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **01.02.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 286747 (Rural Work Department) 22-23 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
(जिला कृषि कार्यालय, लोहरदगा)

आवश्यक सूचना

झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना (JKRMY)

लोहरदगा जिले के किसान भाईयों का **झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना** के तहत कृषि ऋण माफ किया जा रहा है। जो दिनांक **09.01.2023** से **12.01.2023** तक (दिन सोमवार से दिन गुरूवार) कुल चार दिनों का कार्यालय अवधि में शहरी एवं प्रखण्ड स्तर के सभी बैंकों में **शाखावार विशेष कैम्प** का आयोजन किया है। **विशेष कैम्प** में कृषि ऋण माफी का कार्य किया जाएगा।

जिन किसान भाईयों का कृषि ऋण माफ नहीं हुआ है वें अपना **e-KYC, BAO/BTM/ATM/VLWs** एवं किसान मित्रों से सम्पर्क स्थापित करते हुए संबंधित बैंक में जाकर **e-KYC** कराना सुनिश्चित करेंगे।

- इस योजना के लाभुक झारखण्ड राज्य के सभी रैयत/गैर रैयत होंगे, जो झारखण्ड राज्य स्थित किसी भी बैंक से फसल अल्पावधि ऋण (के0सी0सी0) लिए हो।
- इस योजना में 31.03.2020 तक के मानक फसल ऋण बकाया खातों में रू0 50,000/- तक की बकाया राशि माफ की जाएगी।
- इस योजना का कार्यान्वयन प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से होगा।
- इस योजना में एक परिवार के एक ही सदस्य को लाभ मिलेगा, जिसका सत्यापान किसी भी प्रकार के राशन कार्ड से किया जा सकेगा।
- आवेदन के लिए आवेदक को 1.00 रू0 सेवा शुल्क के रूप में प्राप्त किया जाएगा।

–ह0–
जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 286794 (Lohardaga) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू
Email- dcocoppalamu@yahoo.in

आवश्यक सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 के अन्तर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियों यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत कार्यशील पूंजी के रूप में प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–10 दिनांक 07.11.2022 के कंडिका–06 के अनुरूप विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के चयन हेतु शर्तें निम्नांकित है:–

1. समिति का निर्वाच अद्यतन हो
2. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–2021 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
3. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गई हो।
4. समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृषि/मत्सय/बुनकर/फल–सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
5. समिति में पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा– कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/संतोषजनक हो।
6. समिति में वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
7. समिति पिछले 3 वित्तीय वर्षों यथा– 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 तक बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा हो।
8. समिति का वार्षिक कारोबार कम से कम 3.00 लाख (तीन लाख) रूपये होनी चाहिए।
9. समिति का व्यवसाय पिछले 2 वर्षों से लगातार घाटे में नहीं हो।
10. समिति में पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11. समिति में नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12. चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य के प्रकृति के अनुरूप अनुज्ञप्ति हो।
13. समितियों के चयन में अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। A एवं B Category समितियों की अनुपब्लधता की स्थिति में C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकता अनुसार किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–10 के अनुसार पलामू जिला अन्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्डों को पुरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों की निम्न विहित प्रपत्र में प्रस्ताव के साथ जमा किये जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक 10.01.2023 तक कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।

विहित प्रपत्र

प्रखण्ड का नाम	समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या	गत निर्वाचन की तिथि	आधारभूत संरचना: कर्मी की संख्या	कार्यालय (हाँ/नहीं)	गोदाम (क्षमता)	फर्निचर फिक्सचर	वित्तीय प्रतिवेदन: गत अंकेक्षण का वर्ष	अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति	लाभ/हानि, (2020–21 के पूर्व तीन वर्षों में) 2018–19:– 2019–20:– 2020–21:–	वार्षिक कारोबार (रूपये में)

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलेख :– 1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2020–21 के पूर्व तीन वर्षों में), 2. निर्वाचन प्रमाण पत्र, 3. व्यवसाय कार्य योजना, 4. कारोबार संबंधित अनुज्ञप्ति, 5. शपथ पत्र– (क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वाषिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है। (ख) समिति वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू संयुक्त सहकारिता भवन, चर्च रोड ओवरब्रिज, पलामू– 822101

विश्वासभाजन
जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू

PR 286717 District (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण सूची की हुई प्रकाशन

पाटन। अंचल कार्यालय परिसर में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण 2023 की प्रकाशन सूची जारी किया गया। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह सीओ लालबाबू ने नामावली विशेष सूची की प्रकाशन जारी किया। मौके पर प्रधान सहायक अमित कुमार, निर्वाचक समन्वयक श्रीकांत संतोष,सुशील कुमार, पंकज कुमार, इमाम हुसैन, मृत्युंजय सिंह, आदि प्रखण्ड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी लालबाबू तथा समन्वयक श्रीकांत संतोष ने बताया की छतरपुर विधान सभा अंतर्गत पाटन अंचल अंतर्गत बूथ संख्या 162 से 277 कुल 116 बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 की मूल निर्वाचन नामावली की अंतिम प्रकाशन की एक एक प्रति सभी बीएलओ को हस्तगत कराया गया है। मतदाता नामावली विशेष पुनरीक्षण को अपने अपने बूथों पर प्रकाशन सूची की अवलोकन कर सकते है। बीएलओ आम मतदाता को अपने स्तर से मतदाता के बीच सूची को अवलोकन कराएंगे। प्रखण्ड स्तर पर विशेष पुनरीक्षण सूची को अंचल कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। अवलोकन के उपरांत मतदाता निर्वाचन नामावली में त्रुटि हेतु फॉर्म्स भरकर सुधार करा सकते है।

मंटू कुमार ने कसमार ओपी थाना में पदभार ग्रहण किया

मेदिनीनगर। पांकी कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने कसमार ओपी थाना में पदभार ग्रहण करते ही। अपने जवानों के साथ अपने क्षेत्र का भ्रमण करते देखे गए। अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की अपराध व किसी भी प्रकार का मामला सामने आता है तो वह निर्भीक होकर ओपी पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता का सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। मंटू कुमार पहले भी कसमार ओपी के प्रभार में रह चुके हैं, और उस समय भी जनता के साथ उनका अच्छा संबंध था। अभी फिलहाल में वे महिला थाना में कार्यरत थे। उसके बाद पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर उन्हें कसमार ओपी का प्रभार दिया गया है।

स्थानीय विधायक ने महाविद्यालय स्थापना का किया उद्घाटन

विश्रामपुर। रेहला में स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविधालय का स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को मनाया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं आरसीआईटी महिला महाविधालय की प्राचार्या नूतन रानी के नेतृत्व में विद्यायालय के छात्र छात्राओं ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया।मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, रविंद्र नाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, सदानंद शुक्ला सहित कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

ठाकुर समाज के प्रखंड अध्यक्ष का निधन

नावा बजार। नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के तुकबेरा पंचायत निवासी व ठाकुर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वें अपने पीछे 5 पुत्र दो बेटी भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनकी मृत्यु की सूचना पाकर भाजपा नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ,तूकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा ,उनके आवास पहुंचकर गहरी शोक व्यक्त किया। वहीं पर आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की उनके साथ उपस्थित परशुराम मेहता, संजय यादव, कपिल देव ठाकुर, बसंत ठाकुर, विगन ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, बेचन विश्वकर्मा , मोनी यादव, मुनी भुइयां काफी संख्या में अगल-बगल इलाके के लोग उपस्थित था।

उपायुक्त ने की अनुकंपा समिति की बैठक

10 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने गुरुवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में कुल 10 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 8 मामले थे। जबकि चौकीदारी के दो मामले शामिल थे। बताते चलें कि आज की इस बैठक में कुल 22 मामलों की समीक्षा की गयी। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 20 मामलों की समीक्षा की गयी। वहीं चौकीदारी के दो मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने एक-एक कर सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

कलाकारों ने कंबल व कपड़े का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा बेतला नेशनल पार्क के समीप कंबल वितरण किया गया। स्वर्गीय प्रभात रंजन मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण के द्वितीय चरण के तहत ये कार्यक्रम किए गए। ज्ञात हो की मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा पिछले नौ वर्षो से लगातार ठंड के समय पीटीआर के सुदूर ग्रामीण इलाके में जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जाता है। गुरुवार को बेतला के भुइयां टोली के जरूरतमंदों के बीच कंबल और पुराने कपड़े बांटें गए। मौके पर मौजूद वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने कहा की कलाकार सिर्फ कला तक ही सीमित नहीं है बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाती है। उन्होंने कहा की मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा जन सहयोग से ये कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा की वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार को पीटीआर के सुदूर गांवों में कार्यक्रम किया जायेगा। दूसरे और तीसरे चरण के कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेश कुमार, मोहन केडिया, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

यूथ कांग्रेस की बैठक में राहुल की प्रशंसा

मेदिनीनगर। स्थानीय कांग्रेस भवन में पलामू जिला यूथ कांग्रेस के द्वारा बूथ जोड़ों यूथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को बैठक की गई । मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि आने वाला वक्त युवाओं का है । युवा ही इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे । इसके लिए पलामू जिला के सभी युवा साथियों को अपने-अपने बूथ को मजबूत करना होगा। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंड अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द हर बूथ पर 10 यूथ जोड़ने का कार्य किया जाये। इस कार्यक्रम से कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत होगी।

पांडू थाना प्रभारी ने सीएसपी संचालकों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदनीनगर। पलामू पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड में कार्यरत सभी सीएसपी संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी सीएसपी संचालकों ने थाना प्रभारी पवन कुमार को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित। थाना प्रभारी ने सीएसपी संचालकों से परिचय प्राप्त किया एवं विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। सुरक्षा को लेकर सीएसपी संचालन को कई दिशा निर्देश भी दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि सीएसपी में लूट की घटनाओं को देखते हुए एसओपी का हर हाल में पालन करना होगा। संचालकों ने थाना प्रभारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए ही सीएसपी संचालित करने की बात कही है। मौके पर वनांचल ग्रामीण बैंक से प्रेम सागर सिंह, सुरेंद्र कुमार पांडे, कौशल कुमार गुप्ता, राहुल देव ठाकुर, नवाज अहमद, अनिल पासवान, सीताराम गुप्ता, जितेंद्र विश्वकर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र विश्वकर्मा, मिथुन कुमार साह, इसके अलावा अन्य बैंक से दीपक कुमार, अमित कुमार, मनोज महतो, गुंजन कुमार, संतोष कुमार रजक, अशरफ अली, लव कुमार महतो, शिवम तिवारी के साथ-साथ कई लोग उपस्थित रहे।

पाटन के स्कूली बच्चों का निवाला खाने का आरोप

नवीन मेल संववाददाता

मेदिनीनगर। पाटन पश्चिमी जिला परिषद के सदस्य संग्राम सिंह ने एक बयान जारी कर आक्रोश व्यक्त किया है कि पाटन के लगभग एक सौ स्कूली बच्चों का एमडीएम क्यों बंद है। आखिर इन बच्चों का निवाला कौन खा रहा है। संग्राम सिंह ने बताया कि पाटन के करीब एक सौ स्कूल में एमडीएम का चावल नहीं मिलने से एमडीएम बंद पाया गया है। कुछ स्कूलों में वैकल्पिक व्यवस्था करके बच्चों को भोजन कराया जा रहा है जो काफी दुखद है। एलॉटमेंट डीएसई पलामू के द्वारा दिया जा चुका है। जबकि अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर तीनों माह मिलाकर 1253 किलोग्राम चावल दिया जाना था जो अभी तक करीब 750 क्विंटल ही निर्गत किया गया है। शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पाटन के द्वारा और बीआरसी का कहना है कि चावल गोदाम में है, फिर स्कूल को क्यू नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान एजीएम से पूछा गया तो उन्होने बताया कि मेरे पास मात्र 200 केजी ही एमडीएम का चावल है। चावल की मांग किया जा रहा है फिर भी अभी तक चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है। गोदाम के जीएम से जब बात किया गया तो पता चला है कि मेरे पास चावल है ही नहीं तो चावल कहां से दे पाएंगे। एमडीएम के लिए आखिर 500 क्विंटल चावल 3 माह में क्या हुआ। पूर्व एजीएम के द्वारा 500 क्विंटल चावल क्या हुआ। इस पर जिले की सभी अधिकारी को संज्ञान लेते हुए बच्चों के निवाला को छीन रहे हैं और छीन ली हैं पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। बिचौलिए और एजीएम की मिली भगत से चावल बेचा गया है। उपायुक्त पलामू अपने संज्ञान में लेते हुए बाकी स्कूल को गोदाम से चावल दिलवाने का कार्य करे ताकि एमडीएम चालू हो सके। किसी तरह वैकल्पिक व्यवस्था से स्कूल में मध्यान भोजन बच्चों को कराया जा रहा है।

ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा ने किया आरक्षण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा पलामू के तत्वावधान में स्थानीय माटी कला बोर्ड के कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमे बताया गया कि राज्य में ओबीसी की स्थिति बद से बतर होती जा रही है। आजादी के बाद से जो भी सत्ता में रहे इस समाज को ठगने व बरगलाने का काम किया है। राष्ट्रीय स्तर पर हमारी आवादी 52 प्रतिशत है। राज्य में 54 प्रतिशत पिछड़ा आवादी हैं। पलामू में 63 प्रतिशत आबादी हंसिया पर है। झारखंड राज्य के स्थापना के समय ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण था। राज्य बनने के बाद घटाकर 14 प्रतिशत कर दिए गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है चुनाव के समय सभी दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा कि हम आवादी के अनुपात में आरक्षण देगें। मगर हुआ ढाक के तीन पात। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लगभग 10 हजार ओबीसी प्रतिनिधि का हकमारी हुआ। वर्तमान सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक जनगणना नहीं कराना सरकार का मनसूबा झलकता है। नगर निकाय की चुनाव में सरकार ने ओबीसी आरक्षण के बगैर चुनाव कराने का निर्णय लेना अति दुर्भाग्य पुर्ण है। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। सरकार को नोटिस जारी किया गया है। मोर्चा के द्वारा 17 जनवरी को उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय महा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसमे हजारों की संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में डा. रवि पाल, सतीश कुमार, अजीत मेहता, संजय यादव, राम नाथ चन्द्रवंशी, ललन प्रजापति, टाईगर रोशन कुमार, कलिम अंसारी, सुनिल साव, ओम प्रकाश साव, रिंकू मेहता, अभिनाश मेहता, रविरंजन मेहता, बिरेन्दर मेहता आदि दर्जनों नेता शामिल थे।

सीटेट परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं

मेदिनीनगर। सीटेट परीक्षा में कोई बदलाव नहीं होगा। लगातार परीक्षार्थियों के बीच बन रहे संशय को देर रात सीबीएसइ ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में बदलाव नहीं होगा। हालांकि बुधवार को एक-एक नोटिस सामने आया था। जिसके बाद माना जा रहा था कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने सीबीएसई जा रहा है, लेकिन अब बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि परीक्षा 09 जनवरी से 07 फरवरी तक ही आयोजित की जाएगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डतरी एजुकेशन ने कंबाइंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट की डेट को बोर्ड ने नया नोटिस जारी किया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर नोटिस भी जारी किया गया है। नोटिस में जानकारी दी गई है कि परीक्षा 09 जनवरी से 07 फरवरी तक ही आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन लगभग 211 एग्जाम सिटीज में 20 भाषाओं में आयोजित किया जाएगा।

फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन ने मंत्री प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने खाद आपूर्ति मंत्री प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी को अपनी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। इसमें जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को मानदेय स्वीकृत कराने अनुकंपा की उम्र सीमा समाप्त कराने, ई पोस मशीन को 4जी सेट से जुड़वाने सहित कई मांग शामिल है। मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे संयुक्त सचिव जुगल तिवारी सहित कई लोग शामिल हैं। ज्ञापन में नेताओं ने कहा है कि ई पोस मशीन 2 सेट से लेने के कारण राशन वितरण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं डीलर के मृत्यु होने के पश्चात उनके आश्रितों को नौकरी उपलब्ध कराया जाए। डीलरों का कमीशन समय पर भुगतान किया जाए। सहित 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री प्रतिनिधि से आग्रह किया। वहीं समस्याओं से संबंधित मांग पत्र मंत्री को उपलब्ध कराया जाए। उनकी समस्या को समाप्त करने की दिशा में पहल की जाए। मंत्री प्रतिनिधि श्री तिवारी ने जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को मंत्री तक पहुंचा कर उनकी समस्या का समाधान कराने की दिशा में अवश्य पहल करेंगे।

संघर्ष मोर्चा ने गुरू गोविंद सिंह की जयंती मनाई

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में सिक्खों के दसवें गुरु गुरू गोविन्द सिंह कि 355 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम गुरू गोविन्द सिंह के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम कि शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की गुरू गोविन्द सिंह धर्मगुरू के साथ ही साथ शासक समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी संत थे। उन्हो ने खालसा पंथ कि स्थापना कर अत्याचार के विरूद्ध लड़ाई लड़ी। उन्हो ने मानव जाति को जिवन जिने की कला सिखाई। गुरू गोविन्द सिंह ने जिवन दर्शन कि कला सिखाई। इसे मानव जाति आत्मसात करें। इसी मार्ग के अनुसरन से मानव जिवन का कल्याण होगा। शिवनरायण साव ने कहा की गुरू गोविन्द सिंह ने अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए जिवन को बलिदान दिया। इस अवसर पर अरविन्द कुमार, नन्हक सिंह, विजय राम, यशवंत कुमार, नागेन्द्र राम, प्रभात कुमार, श्याम पाठक, प्रदुमण तिवारी, दिपक राम, प्रदिप कुमार अंशु कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। कुंदन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सदर थाना में सीएससी व सीएसपी संचालकों के साथ बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में सीएसपी संचालकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी सीएसपी संचालकों को थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि यदि किसी सीएसपी संचालक को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी आती है तो उसे छिपाए नहीं तुरंत प्रशासन को बतायें। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड में सीएसपी संचालक निर्भीक होकर काम करें पुलिस उनके साथ 24 घंटे तत्पर है। वहीं सदर थाना अंतर्गत के सभी सीएससी एवं सभी सीएसपी संचालकों के साथ थाना प्रभारी गौतम कुमार ने विशेष बैठक की। प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य आये दिन जो सीएससी सेन्टरों में दिन दहाड़े लूट की घटना हो रही है इससे कैसे निपटा जाए। इस सम्बन्ध में सभी संचालकों को निर्देश दिया गया की अपने-अपने सेंटर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे अपराधियों को खोज निकालने में मदद मिल सके। ऐसे में सीसीटीवी बहुत कारगर साबित होती है। थाना प्रभारी ने कहा की आपलोगों का सहयोग मिलने से सुरक्षा को चुस्त और दुरुस्त रखा जा सकता है। किसी के ऊपर कोई संदेह हो तो थाना को सुचित करें। सदर थाना सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। इस बैठक में सीएससी खनवां के जुबैर अहमद जोड़ के मनीष तिवारी समेत सीएससी और सीएसपी के कई संचालक मौजूद थे।

हैदरनगर प्रखंड परिसर में विशेष दिव्यांग कैंप आज

हैदरनगर। ब्लॉक परिसर में 6 जनवरी को विशेष दिव्यांग कैंप का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर दिव्यांग संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने पलामू सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को शुभकामनाएं के साथ आभार प्रकट किया है। इन्होंने कहा है कि इसी तरह का हर प्रखंड में कैंप लगाकर दिव्यांगजनों के उज्ज्वल और सुखद भविष्य को देखते हुए हर प्रखंड में कैंप लगायी जाये। ताकि हर दिव्यांग व्यक्ति अपने जरूरतमंद दिव्यांग को प्रमाण पत्र दिया जा सके।निःशक्तता सिर्फ एक शारीरिक कमी है, यह समझने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। निःशक्त व्यक्तियों के लिए समान अधिकार, तरक्की और विकास के रास्ते सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ही से इस कैंप में जांच उपरांत जरूरतमंद दिव्यांग को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। शुक्रवार को प्रखंड परिसर में दिव्यांग कैंप लगया जाएगा।इसमें जांच उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया जाएगा।कैंप शुक्रवार कि सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगेगा। हैदरनगर प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि, सेविका, सहायिका, सहिया और स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कैंप में आकर अपना भागीदारी सुनिश्चित करें।

सहारा | पलामू में कंपकपाती ठंड को लेकर अलाव की व्यवस्था

स्टेशन परिसर में अलाव से यात्रियों को ठंड से मिलेगा राहत : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कंपकपाती ठंड को देखते हुए डालटनगंज ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज की ओर से बुधवार की देर शाम स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की गई। जिसने एसडीएम राजेश साह ने ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलाव जलाकर इसकी शुरूआत की। अलाव जलते ही वहां ठंड से निजात पाने के लिए सैकड़ो यात्री जुट गए। एसडीओ ने कहा कि अचानक ठंड बढ़ गयी है ऐसी स्थिति में अलाव की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में सैकड़ों जरूरतमंद लोग शहर के कई हिस्सों से आकर रात्रि विश्राम करते हैं। वहीं ट्रेन की प्रतीक्षा में भी स्टेशन परिसर में रात भर यात्रियों की भीड़ जमी रहती है। ऐसे में स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था करना समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। ज्ञात हो कि टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपने दायित्वों के निर्वहन से बचे समय का सदुपयोग समाजसेवा में करते रहे हैं। चाहे वह कोरोना काल में अपनी जान की बिना परवाह किये पीड़ित लोगों को बढ़चढ़ सेवा करने की बात हो या फिर लोगों को टीका लेने के लिए उन्हें जागरूक की। समाजसेवा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य करने में चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में कभी भी अन्य सामाजिक संगठनों से पीछे नहीं रहती है। इतना ही नहीं ऑर्गनाइजेशन की ओर से गर्मी के दिनों में तपती धूप से स्टेशन पहुंचे यात्रियों को नींबू पानी पिलाने से लेकर धार्मिक अनुष्ठान छठ पूजा में व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियां वितरण करने में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव सह आल इंडिया टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन के धनबाद डिवीजन के उपाध्यक्ष टीटीआई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय बताते हैं कि समाजसेवा करने से न सिर्फ आत्मसंतुष्टि मिलती है बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन होने से मानव होने का फर्ज अदा होता है। मौके पर एसएस अनिल तिवारी, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज के शाखा सचिव संजय पासवान, वरीय अनुभाग अभियंता कर्षण वितरण विमलेश सिंह, सीआईटी अजय कुमार, टीटीई रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, लालबाबू रजक, दिलीप कुमार, श्याम ठाकुर समेत कई रेल कर्मी उपस्थित थे।

जेपीएससी ने जारी किया अंतिम कट ऑफ की सूची

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के अभ्यर्थियों जिन्होंने जेपीएससी की मुख्य परीक्षा में शामिल हुए लेकिन अंतिम कट ऑफ नहीं प्राप्त सके। बुधवार की देर शाम आयोग ने 7वीं से 10वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का कटऑफ मार्क्स जारी किया है। इसमें अभ्यर्थी अपना रोल नंबर, जन्म तिथि और मोबाइल नंबर डालकर मार्क्स डाउनलोड कर सकते हैं। मुख्य परीक्षा का कटऑफ जारी किया है। इसमें सामान्य वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग- वन, पिछड़ा वर्ग- दो और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 532-532 अंक का कटऑफ तय किया गया। वहीं एसटी के लिए 479 अंक और एससी के लिए 515 अंक का कटऑफ तय किया गया। गौरतलब है कि परीक्षा का फाइनल रिजल्ट 31 मई 2022 को जारी हुआ। जेपीएससी का विवादों से गहरा नाता रहा है। छात्र नेता के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन और लंबे समय तक आंदोलन किया गया। कई मांगों को लेकर जेपीएससी अभ्यर्थी राजभवन तक अपनी गुहार लगाने गए। उस समय आयोग के चेयरमैन अमिताभ चौधरी को भी राजभवन तलब किया गया था। बता दें कि सातवीं जेपीएससी को लेकर आयोग ने बुधवार को ही कट ऑफ मार्क्स जारी किया। इसके संबंध में झारखंड हाईकोर्ट ने आयोग को कट ऑफ मार्क्स जारी करने का आदेश दिया था। झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर 20 दिसंबर 2022 को सुनवाई हुई थी। इसकी अगली सुनवाई 20 जनवरी को भी है।

NEWS इन ब्रीफ

भवनाथपुर बीडीओ ने सभी डीलरों के साथ की बैठक

भवनाथपुर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयपाल महतो ने प्रखंड के सभी डीलरों के साथ बैठक की गई। बीडीओ ने सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों से कहा कि जनवरी से लाभुकों को फ्री राशन देना है पैसा नहीं लेना है। कहा कि अपने-अपने दुकान की लाभुक सूची से मृत लाभुकों का नाम अविलम्ब हटायें। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के नाम से लाइसेंस प्राप्त है वे ही दुकानदार दुकान संचालित करें। जो भी डीलर द्वारा लाभुकों को राशन नहीं देने की शिकायत मिलती है तो उनके पर कार्रवाई कि जाएगी।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल

गढ़वा। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोणमंडरा गांव निवासी मनीष दूबे पिता रामाकांत दूबे सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मनीष कुमार दूबे अपनी मोटरसाइकिल से श्रीबंशीधर नगर से भवनाथपुर आ रहा था। इस दौरान छहमइलवा के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मनीष कुमार दूबे के सिर व चेहरे में गंभीर चोट लगी है।

बाइक से गिरकर दंपती घायल

गढ़वा। जिले के नवादा बिंद टोला निवासी विवेक राम पिता रामवृक्ष राम व उनकी पत्नी रेखा देवी गुरुवार को मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए। सदर अस्पताल में घायल दंपती का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विवेक राम अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा बाजार की ओर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल से साइड लेने के क्रम में असंतुलित होकर विवेक राम की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें पति पत्नी घायल हो गए।

मारपीट की घटना में एक घायल

गढ़वा। डंडा थाना क्षेत्र के छप्परदगा गांव निवासी रमेश चंद्रवंशी उसकी पत्नी निर्मला देवी उसकी पुत्री रीता देवी एवं पूनम कुमारी मारपीट की घटना में घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया है। घटना के संबंध में रमेश चंद्रवंशी ने बताया कि उसके गांव के बृज किशोर चौधरी की पुत्री किसी के साथ घर से भाग गई थी। इसी बात को लेकर पूनम कुमारी पर उस लड़की का भगाने का आरोप लगाकर अजय चौधरी, आलोक चौधरी, बिहारी चौधरी, श्यामलाल चौधरी, रामनाथ चौधरी, मनदीप चौधरी उसे मारपीट कर रहा था। इसी दौरान रमेश चंद्रवंशी निर्मला देवी रीता देवी आदि ने उसे बीच बचाव करने का या तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया घटना के बाद रमेश चंद्रवंशी ने डंडा थाना में के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर संज्ञान

भ्रष्टाचार में शामिल कर्मियों पर गिरेगी गाज

आधा-अधूरा निर्माण कर पैसे के निकासी में जो भी कर्मी शामिल है कार्रवाई होगी : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। खबर छापने के एक माह बाद गढ़वा जिला डीआरडीओ दिनेश सुरीन ने भवनाथपुर पंचायत बुका गांव के बसकटिया अहरा के पास मनरेगा कर्मी के मिलीभगत से अधूरा निर्माण कर डोभा के सम्पूर्ण राशि निकालने की जांच किया। जांच में पाया कि अखबार में छापा खबर सही है। डोभा गलत जगह पर बनाया गया है उक्त जगह पर पूर्व में बड़ा आहार है वैसे में वहां डोभा का निर्माण कराना गलत है। डीआरडीओ दिनेश सुरीन ने कहा कि उक्त आधा-अधूरा डोभा निर्माण कर पैसे के निकासी में जो भी कर्मी सामिल हैं उनके ऊपर करवाई किया जाएगा। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, बीपीओ दयानन्द प्रजापति, रोजगार सेवक धर्मराज सिंह उपस्थित थे।

क्या है मामला

भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव में बसकटिया अहरा के ओट में मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से सरकारी पैसा के दुरपयोग किया गया है। उक्त योजना 2018 में जनक राउत के खेत मे डोभा निर्माण 1 लाख 28 हजार रुपए के लागत से सुकृत किया गया था। जिसके बाद लाभुक के द्वारा 1 लाख 12 हजार 464 रुपये की निकासी करते हुए आधे अधूरे काम करा कर रोजगार सेवक धर्मराज सिंह एवं जेइ प्रेमचंद गुप्ता के मिलीभगत से योजना को बंद कर दिया गया था।

सरकार की हरी झंडी : 6.37 करोड़ की लागत से बनेंगी दो सड़कें

पूरे राज्य की आधारभूत संरचना में हो रहा है तेजी से सुधार : मंत्री

गढ़वा- चिनियां मुख्य पथ से कल्याणपुर तक सड़क का किया जायेगा निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गढ़वा सदर प्रखंड में करीब छह किलोमीटर लंबी दो सड़क का निर्माण किया जाएगा। छह करोड़, 37 लाख, 38 हजार, सात सौ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा - चिनिया मुख्य पथ से हेलीपैड होते हुए कल्याणपुर तक करीब ढाई किलो मीटर से अधिक सड़क का निर्माण दो करोड़, 82 लाख, 19 हजार रुपए की लागत से तथा महुलिया रोड में वीर कुंवर से ढोटी होते हुए जाटा पुल तक करीब साढ़े तीन किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण तीन करोड़, 55 लाख, 19हजार, सात सौ रुपए कि लागत से किया जाएगा। यह दोनों सड़कें बाईपास के लिए रिंग रोड के रूप में काम करेंगी तथा कल्याणपुर,जाटा,छतरपुर एवं महुलिया पंचायत की एक बहुत बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी।

सभी गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि पूरे गढ़वा में सभी गांव को पक्की सड़क से एवं इन सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सभी प्रमुख सड़कों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कोई भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जो पक्की सड़क से वंचित रहे।

गांव की सड़कों को भी मुख्य सड़क से जोड़ते हुए रिंग रोड के रूप में उपयोग होगा

मंत्री ने कहा कि गढ़वा की सभी जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्य सड़क पर अधिक ट्रैफिक ना हो इसलिए गांव की सड़कों को भी मुख्य सड़क से जोड़ते हुए रिंग रोड के रूप में उपयोग किया जाएगा। ताकि लोग ट्रैफिक का सामना किए बगैर सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें। सुगम यातायात से समय की भी बचत होगी। साथ ही अनावश्यक ट्रैफिक एवं दुर्घटना की समस्या भी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार गढ़वा जिला एवं पलामू प्रमंडल सहित पूरे राज्य में आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। सीमित संसाधन के बावजूद सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में काफी तीव्र गति से कार्य हो रहा है। झारखंड को पूरे देश में अव्वल बनाने की सोच के साथ सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में भी इसी सोच एवं इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया जाता तो आज राज्य की स्थिति कुछ और होती।

बीआरसी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

मॉडल दिखाकर दी विज्ञान की जानकारियां

नवीन मेल संवाददता

खरौंधी(गढ़वा)। विज्ञान विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए बीआरसी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का सामूहिक बीआरसी खरौंधी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में राष्ट्रीय अविष्कार एवं नावचार के अंतर्गत कक्षा 6से 8 एवं कक्षा 9से 12 के छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक टीम केबीईईओ विजय कुमार पांडेय, बीआरपी राजेन्द गुप्ता,पंकज कुमार,शिक्षक नीरज कुमार दुबे, समाजसेवी ब्रिजविहारी द्विवेदी ने छात्र छात्राओं द्वारा तैयार

माडलों का अवलोकन किया। छात्राओं ने माडल से जुड़े हर पहलु की बारीकी से जानकारी दी। प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट हाई स्कूल तोरेलावा के कक्षा दस के गौतम कुमार एवं विकास कुमार प्रथम स्थान मिला। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के इंटर की छात्रा प्रिया कुमारी को द्वितीय, एवं प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के नवी कक्षा की छात्रा निशा कुमारी ने तृतीय स्थान पाया। मौके पर बीपीएम नवीन प्रकाश, अकाउंटेंट प्रदीप कुमार शुक्ला, शिक्षक राजनंदन राम,मोतीचंद जायसवाल, राजीव कुमार, गोविंद उराव, अरविंद साह, सत्यप्रकाश यादव, उदेश पासवान, सुनील ठाकुर, सतेंद्र दास, जमालुद्दीन, मो जमालुद्दीन सहित विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

रमना में मेले के आयोजन को लेकर कमेटी हुई गठित

नवीन मेल संवाददाता

रमना। सिलिदाग ग्राम के चांदराज पहाड़ी पर मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले एक दिवसीय मेले को लेकर ग्रामीणों की बैठक श्री सीताराम मानस मंदिर रमना के प्रांगण में किया गया।मेले में क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने,मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाने, प्रसाद वितरण करने,तथा पेयजल का समुचित व्यवस्था करने का निर्णय इस सभा में लिया गया।मेले का सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया,जिसमें डॉ पारसनाथ को अध्यक्ष, बनारसी ठाकुर को उपाध्यक्ष,गोपाल प्रसाद गुप्ता को सचिव,मंतोष चंद्रवंशी को

कोषाध्यक्ष एवं रविशंकर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सोनू सिंह, धनंजय गुप्ता, उमेश मिस्त्री, जगदीश यादव, श्यामसुंदर राम, राजकुमार चंद्रवंशी, दिलीप ठाकुर, बिरंची पासवान, समारू राम बारी, परशु मेहता,इम्तियाज आलम, त्रिभुवन राम,विनय ठाकुर एवं बाबूलाल साह को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

पूर्व जिप उम्मीदवार ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

भवनाथपुर । प्रखंड के दो पंचायतों में पूर्व जिला परिषद के उमीदवार नीरज चौबे के पिता समाजसेवी सह सेल से सेवा निर्वित कर्मचारी शुशील चौबे ने गुरुवार को गरीब असहाय विरिधो के बीच तीन सौ कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर शुशील चौबे ने कहा कि इस कंपकपी ठंढ में वृधो को देखकर बहुत ही दुख होता है। इस लिए मै सेवा भाव से पूरे भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में भर्मण कर गरीब असहायों के बीच कम्बल वितरण कर रहा हू। कम्बल पाकर सभी वृद्ध काफी खुश होकर शुशील चौबे को दिल से दुआ आशीर्वाद दिया वृधो के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।

अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का प्रकाशन

मतदाताओं को दी गई जानकारियां

मतदाता सूची से नाम हटाने पर दी गयी जानकारी

मतदान केंद्रों पर बीएलओअजंता देवी,नारद राम,अंजनी द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी, पंकज कुशवाहा, तिलेश्वरी देवी, संतरा देवी,मुनी देवी, शांति देवी,मंदीप साह,अवधेश यादव,उमा ऋषि,नागेंद्र यादव,शांति देवी, पूनम देवी सहित सभी 48 बीएलओ उपस्थित थे। प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। बीएलओ ने लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, शुद्धिकरण के लिए प्रपत्र 8 तथा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7 भरे जाने की जानकारी दी तथा प्रपत्र का वितरण किया गया।

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में मतदाता सूची का प्रकाशन किया। वही प्रखंड के सभी 48 मतदान केंद्रों पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मझिगावां पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां के मतदान केंद्र 45,47,48 पर मतदाता सूची प्रकाशन के दौरान शिक्षक अभिभावक एवं मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित जानकारी बीएलओ के द्वारा दी गयी। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने उपस्थित मतदाताओं को अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी।

इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय पर प्रधान सहायक सत्यनारायण बैठा, बीईईओ विजय कुमार पांडेय, अकाउंटेंट प्रदीप शुक्ला, शिक्षक, नंदकिशोर पाठक,इंदल पासवान निर्वाचन कार्यालय से अरविंद कुमार गुप्ता, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, मुसाफिर साह, बैकुंठ यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

मनमाने तरीके से किराया वसूल रहे छोटे-बड़े वाहन

नवीन मेल संवाददाता, धुरकी

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज सिंह, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव व रामप्रवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव, रविन्द्र यादव, रंजीत कुमार ने गुरुवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें छोटी बड़ी वाहन मालिकों द्वारा मनमानी ढंग से अवैध किराया वसूली से संबंधित आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन मे कहा है कि प्रखंड क्षेत्र से अनुमंडल व जिला कार्यालय जानें के लिये आमजनों से छोटी-बड़ी वाहनों के मालिकों द्वारा अवैध रूप से किराया वसूली किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को अनुमंडल कार्यायल एवं जिला मुख्यालय जाना काफी महंग सावित हो रहा है। वहीं सरकारी दर से जो किरया निर्धारित किया गया है। उसे वाहन मालिक को वाहनों में सार्वजनिक रूप से चिपका कर उचित किराया लेने को लेकर मांग किया है। वहीं मनमानी किराया वसूली पर रोका लग सके। इन सारी विंदू पर जांच कर उचित करवाई करने संबंधित ज्ञापन सौपा।

गरीब तबके के लोग करते है सफर

बताया गया कि कि छोटी-बड़ी वाहनों में ज्यादातर गरीब तबके के लोग हीं सफर करते हैं। जिससे एक आम आदमी अनुमंडल व जिला कार्यालय अपनें नीजी काम से जाते हैं. और उनसे मनमानी तरीके से किराया वसूली किया जाता है, जिससे आम-जनमानस त्रस्त है, इस पर जांच कर उचित किराया की दर सुनिश्चित किया जाए।

उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 15 क्विंटल जावा महुआ व 30 लीटर शराब किया नष्ट

श्री बंशीधर नगर। अवैध तरीके से महुआ शराब बनाने वाले पर नगर उंटारी पुलिस व उत्पाद विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुंबा कला गांव का उसका टोला में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेच जाने के विरोध विशेष

छापामारी अभियान चलाया गया। विशेष छापामारी अभियान में 15 क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया गया 30 लीटर महुआ शराब एवं बनाने के उपकरण को विनष्ट किया गया। गुप्त सूचना के आलोक में नगर उंटारी पुलिस एवं उत्पाद विभाग के द्वारा कुंबा गांव के उसका टोला में छापामारी अभियान चलाकर शराब बनाने के उपकरण एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा की अवैध शराब बनाने वाले के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी दल थाना प्रभारी नितीश कुमार सिंह, उत्पाद विभाग कुलदीप कुमार ,पुअनि विक्रम सिंह सहीत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

नप अध्यक्ष ने ऋण प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के साथ बैठक

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने ऋण प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ बैठक कर ऋण का सही उपयोग करने से सम्बंधित जानकारी दिया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा सभी महिला स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ स्वरोजगार से जोड़ने की पहल पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराकर लोगो का व्यवसाय बढ़ाने की दिशा में नगर पंचायत हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत एनयूएलएम के तहत हर आवश्यक कार्य किया जा रहा है। एनयूएलएम के तहत महिला स्वयं सहायता समूह को आवश्यक दिशा निर्देश तथा स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को 9लाख 25 हजार का ऋण इसी सप्ताह उपलब्ध कराया गया है। बैठक में सीएमएम अमित पांडेय, सीआरपी सुनीता देवी, उजाला महिला स्वयं सहायता समूह, सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह, साक्षी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व अन्य उपस्थित थे।

प्रखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया

श्री बंशीधर नगर। बीडीओ श्रवण राम ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम देखना चाहते है वे अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम, पता, उम्र या फोटोग्राफ गलत हो तो अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ से मिलकर सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरकर सुधार करा सकते हैं। मौके पर प्रभारी बीपीआरओ उत्तम रंजन,प्रधान सहायक अनिल कुमार, प्रखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह, वेद प्रकाश, उषा देव सहित अन्य उपस्थित थे।

पहल

सीआरपीएफ कैंप परिसर में जन कल्याण केंद्र का शुभारंभ

लोगों के सहयोग के लिए पुलिस हमेशा तत्पर: एसपी

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। भंडरिया थाना अंतर्गत बड़गड़ प्रखंड के कुल्ही गांव में स्थापित सीआरपीएफ कैंप परिसर में गुरुवार को जन कल्याण केंद्र का शुभारम्भ किया गया । इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के पुलिस कप्तान अश्वनी कुमार झा , सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी रामनरायण सिंह, अभियान एसपी विवेकानंद उपस्थित थे ।उनके द्वारा संयुक्त रूप से जन कल्याण केंद्र का फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । इकार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अश्वनी कुमार झा ने कहा की आम नागरिकों के सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन हमेसा तत्पर है। पुलिस क्षेत्र के लोगो को नक्सल मुक्त बनाने के साथ इसके आगे की कड़ी में क्षेत्र के लोगो को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की सुविधा के लिए आज कुल्हि में पुलिस प्रशासन एवं सीआरपीएफ के संयुक्त पहल से जन कल्याण केंद्र का शुभारंभ किया गया है, जिसका लाभ लोगो को मिलेगा ।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार के जन कल्याणकरी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। इस दौरान कैम्प परिसर में सामुदायिक स्वस्थ केंद्र भण्डरिया एवं सीआरपीएफ के द्वारा संयुक्त रुप से स्वस्थ शिविर लगाया गया जिसमें सुदुरवर्ति क्षेत्रों के लगभग 200 लोगों का स्वास्थ परिक्षण के पश्चात निःशुल्क दवा का वितरण किया ।

कार्यक्रम के तहत मनरेगा की 13 योजनाओं कि स्विकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरण किया गया तथा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया । मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे सीआरपीएफ के द्वितीय कमान पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, सहायक कमांडें अश्विनी कुमार, बीडीओ विपिन कुमार भारती, प्रमुख शांती देवी , सीओ मदन महली, 172 बटालियन चिकित्सा अधिकारी शंकि चंडोक, डाक्टर रामाशिष चौधरी, बीपीओ हाशीम अंसारी, मुखिया विनको टोप्पो आदि उपस्थित थे।

आम जनो के हर सुख-दुःख में सहभागी बनेगी सीआरपीएफ: कमांडेंट

कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह ने कहा की सीआरपीएफ का हमेसा से प्रयास रहा है की वे आम जनो के हर सुख-दुःख में सहभागी बने । सीआरपीएफ द्वारा जनसमुदाय को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से जन कल्याणकारी योजनाएं लाकर इनके सहयोग में खड़ी रहती है। आज इसी कड़ी में जन कल्याण केंद्र खोल गया है । उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगो को हर प्रकार के सरकारी कार्य कराने हेतु यहाँ के लोगो को 24 घंटे , सातो दिन लगातार सेवा मिलेगी। चाहे वह इलाज की सुविधा हो या थाना पुलिस से संबंधित मामला , जमीन जायदाद या अन्य सरकारी लाभ पाने जैसे ग्रामीणों की समस्या का त्वरित समाधान केंद्र के माध्यम से किया जायेगा। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रामनरायण सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया । उन्होंने कहा कि जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के दिशा निर्देशन में सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुल्हि, हेसातु, बहेरा टोली,तुरेर , तुमेरा, खपरी महुआ आदि गांव के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के लाभ से जोड़ने कि पहल की गई है ।

NEWS इन ब्रीफ

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जेएमएम की हुई बैठक

मनिका। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को जेएमएम कार्यालय मे लातेहार जिला में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बैठक किया गया। जिसमें मनिका प्रखंड के 15 पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी को मजबूत करने के विषय में भी चर्चा किया गया। बूथ स्तरीय कमेटी के गठन करने के लिए चर्चा किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मनिका जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम के द्वारा किया गया। मौके पर बलवंत सिंह ने बताया की मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बैठक बुलाया गया है और मनिका प्रखंड से भारी से भारी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता को चलने पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर प्रभारी रामेश्वर भुइयां, महासचिव मुरारी ठाकुर, करीमन सिंह चेरो आदि मौजूद थे।

दशगात्र में शामिल हुए प्रतिनिधि, दिवंगत को दी श्रद्धांजलि

मयूरहंड (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के फुलांग गांव निवासी महादेव पाण्डेय की मां के दशगात्र कार्यक्रम में गुरुवार को जनप्रतिनिधी समेत समाजसेवी शामिल होकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। दशगात्र कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा शांति हेतू दो मिनट का मौनधारन किया। इस अवसर पर शंकर रजक, गुड्डू रजक, गणेश प्रसाद सिंह, इटखोरी के पूजारी सतीश पांडेय, मंगल मणि सिंह, पंकज पांडेय, मनोज पांडेय, शंकर पांडेय जितेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

विक्षिप्त युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

गिद्धौर (चतरा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपिन गांव से भटकते मिले 24 वर्षीय विक्षिप्त युवक को पुलिस ने गुरुवार को पहुंचाया सदर अस्पताल चतरा। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने बताया कि गस्ती के क्रम में विक्षिप्त युवक पर नजर पड़ी, तो पास पहुंचकर उसके स्थिति से अवगत हुआ और थाना जाने की स्थिति में नही रहने के कारण ठंढ को देखते हुये बारिसाखी निवासी दिनेश भारती को सौंप दिया। गुरुवार को लिखित आवेदन के साथ सदर अस्पताल चतरा को सौंप दिया गया।

सहिया चयन को लेकर हुआ ग्राम सभा

गिद्धौर (चतरा)। गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र गांगपुर भाग 1 में स्वास्थ्य सहिया चयन को ले ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का आयोजन मुखिया डेगन गंझु के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सहिया के लिए नाजिया प्रवीण, सायरा खातुन, सिमरन प्रवीण व सबनम प्रवीण ने आवेदन जमा किया। सबनम प्रवीण का आवेदन कम उम्र होने के कारण निरस्त कर दिया गया। जबकि तीन आवेदनों की जांच कर योगयता के अनुसार चयन करने की बात बताई गई।

लातेहार पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

कार्रवाई : चार चोर, तीन बाइक बरामद

राज्य के कई जिलों में चोरी की घटना को अंजाम देते थे चोर

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर चार चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चार चोरों में तीन चोरों की गिरफ्तारी बरवाडीह के मुगीडीह के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान की गई है। जिसमें अनूप कुजुर उर्फ बड़ा दीपक पिता स्व. मेडाट कुजूर शांतिपुर, महुआडांड़, उपेंद्र सिंह पिता दिकदार सिंह गुआ पोस्ट चुंगरू, छिपादोहर व मौसम अंसारी पिता जमाल अंसारी लपरा,मैक्लुस्कीगंज,रांची का नाम शामिल है। इन तीनों के निशानदेही पर एक और चोर विष्णु मेहता पिता परमेश्वर मेहता मैक्लुस्कीगंज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इन गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तार होने से क्षेत्र में चोरी की घटना में विराम लगेगी। गिरफ्तार चोर अनूप कुजूर, मौसम अंसारी व उपेंद्र सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। तीनों पहले भी जेल जा चुके है। मौसम अंसारी को खलारी थाना द्वारा तड़ीपार करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

अभियान में शामिल पदाधिकारी

छापामारी अभियान में बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहार, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, पुअनि राहुल कुमार मेहता, सअनि पंचरत्न राय यादव, लातेहार थाना पुअनि अजय दास, लातेहार थाना पुअनि रोहित कुमार महतो, चंदवा थाना पुअनि नारायण यादव के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

कई जगह चोरी की घटना को देते थे अंजाम

चोर गिरोह द्वारा डाल्टेनगंज, बरवाडीह, लातेहार, चंदवा, मैक्लुस्कीगंज, खलारी, रांची में सक्रिय रूप चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरो द्वारा पहले बंद घरों का रेकी करते थे। इसके बाद ताला तोड़कर घर में रखे समान लेकर फरार हो जाते थे। इन चोरों द्वारा वैसे घरों को निशाना बनाते थे। जिनके घर में ताला लगा सभी घर के सदस्य बाहर गए हो।

चोरों के पास से पुलिस ने बरामद किये सामान

पुलिस टीम ने तीन मोटरसाइकिल, एक साइकिल, एक लैपटाप, एक टेब, एक इनवर्टर, 19 मोबाइल फोन, सिकड़ी चांदी का दो , अंगूठी चांदी का दो, बिछियां चांदी का दो,पायल चांदी जैसा दो जोड़ा, नगद 2500 रुपए बरामद किया है।

चोरी करने में प्रयुक्त सामग्री हुई जब्त

चोरी करने में प्रयुक्त सामग्री को बरवाडीह पुलिस ने जप्त कर ली गई। जिसमें गिरफ्तार अपराधियों के पास से पिलास, पेचकस, गुप्ती ,टॉर्च, बाइक का मास्टर चाबी बरामद किया है।

दस दिनों से बिजली सेवा ठप, नेतरहाट एवं महुआडांड़वासी परेशान

महुआडांड़। प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था ठप हो चुकी है। जानकारी के अनुसार हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने के कारण पिछले दस दिनों से महुआडांड़ में बिजली सप्लाई ठप है। गौरतलब है, प्रखंड में नेतरहाट और डुमरी, दो तरफ से बिजली आती है। लेकिन लाइन मैन राजेंद्र यादव न बताया कि दोनों तरफ लाइन एक ही बार फेल हो गया है।

ग्रामीण परेशान

वही प्रखंड में लाइट नहीं रहने के कारण प्रखंड वासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही कई उपभोक्ताओ ने बताया कि यदि नेतरहाट के तरफ से लाईन मरम्मती कर शुरू की जाती तो यह नौबत नहीं आती और हमेशा बिजली मिलती। लेकिन बिजली कर्मी इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे है। लेकिन अब फाल्ट के नाम पर अघोषित बिजली की कटौती होना शुरू हो गई है। जबकि पूर्व में मेंटेनेंस का कार्य किया जा चुका है। अब बार-बार लाइन में फाल्ट की समस्या क्यों उत्पन्न हो रही है।

उम्मीद : नेतरहाट-महुआडांड़ सड़क बनी तो 45 की जगह महज 22 किमी होगी दूरी

आवागमन में ग्रामीणों को होगी सुविधा

नवीन मेल संवादाता

महुआडांड़। नेतरहाट के बागेसखुआ मोड़ से करमखांड़ सीरसी होते बराही गांव तक नौ किमी तक की सड़क घने जंगल के बीच अवस्थित है।

पूर्व में तत्कालीन बिहार सरकार के समय पत्थर-मोरम 10 फीट का रोड निर्माण किया गया था। पर अब सड़क वन विभाग के अधीन है। इस रास्ते में तीन गांव है। करमखाड़, नैना, सिरसी इस रास्ते से नेतरहाट से महुआडांड़ आने पर 22 किमी पड़ता है, जबकि एसएच-9 मुख्य पथ होते हुए नेतरहाट से महुआडांड़ की दूरी 45 किमी है। महुआडांड़ से 17 किमी की दूरी पर लोध फॉल है। नेतरहाट से पर्यटक लोध जलप्रपात पहुंचने के लिए 62 किमी का सफर तय करते है। टूरिज्म को ध्यान में रख सरकार अगर बागेसखुआ मोड़ से बराही तक रोड का पक्कीकरण करा दे तो नेतरहाट से लोध फॉल की दूरी 39 किमी होगी। नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत, आधे, कुरगी, दूरूप, बरदौनी, गढ़बुढनी, शाले, लूरगुमी, कापू, बेलवार, चुटिया, बराही, करकट समेत दो दर्जन से अधिक गांवो के ग्रामीण आज भी इस रास्ते पैदल नेतरहाट जाते है। वही वाहनों से नेतरहाट जाने में लोगो को महुआडांड़ होते 70 से 80 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। बागेसखुआ मोड़ से करमखाड़ तक 7 किमी कच्ची सड़क को हर साल वन विभाग बरसात बाद मिट्टी-मोरम से मरम्मत करता है। फिर वर्षा होने पर मिट्टी बह जाती है, बचता है, तो पत्थर,खड्डा तब आवागमन करना आसान नहीं होता है। उप प्रमुख अभय मिंज ने कहा बागेसखुआ रोड का कालीकरण होने के बाद ही नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्रामीणो की समस्या दूर होगी, पर्यटक कम दूरी तय कर लोध फॉल पहुंचेगे।

ग्रामीणों की जुबानी...

गुप्तेश्वर सिंह

दूरूप के ग्रामीण गुप्तेश्वर सिंह ने बताया 1987 के आस-पास रोड ग्रेड वन पत्थर-मोरम पथ निर्माण हुआ था, जब 1965 में नेतरहाट तक ही यात्री बस आती थी, तो लोग रांची लोहरदगा, गुमला के लिए बस पकड़ने इसी रास्ते से होकर बागेसखुआ मोड़ तक आकर बस पकड़ते थे।

जगन्नाथ नायक

बरदौनी निवासी जगन्नाथ नायक ने कहा रोड बने वन विभाग बिल्कुल नहीं चाहता, नेता एवं अफसर सिर्फ नेतरहाट में आराम फरमाने से मतलब रखते है, रोड बन जाए, तो नेतरहाट थाना जाने के लिए हमें महुआडांड़ होते घूमकर नही जाना पड़ेगा, खर्च, समय दोनो बचेगा।

जिप सदस्य

महुआडांड़ जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कहा कि सीरसी, करमखाड़, नैना गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए बागेसखुआ से बराही तक सड़क बनना अति आवश्यक है,जिला उपायुक्त को आवेदन दिया गया है।

महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी वृंदा पांडे

महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी वृंदा पांडे ने कहा कि बागेसखुआ-करमखाड़ रोड टाइगर प्रोजेक्ट के तहत आता है। कुछ दिन पूर्व विभागीय मद से रोड पर मिट्टी मोरम डाला गया है। ये भी बताया सिरसी में पर्यटक के लिए जो होम स्टे सुविधा विकसित हो रही है, शायद बागेसखुआ से सीरसी तक एक किमी मार्ग बन सकता है।

जनता अधिकार दिवस 10 को समस्याओं का होगा निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड कार्यालय में 10 जनवरी को जनता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि 10 जनवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता अधिकार दिवस के रूप में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगाए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों एवं प्रखंड में अब तक मिले आवेदनों का अपना अपना हिसाब प्रखंड व अंचल कर्मी से अपने अपने आवेदनों का हिसाब मांग सकेंगे।

समस्याएं होंगी निष्पादित

पंचायतों में एवं प्रखंड कार्यालय लग रहे नियमित जनता दरबार में दूरदरज के ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदनों का निष्पादन किया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी कई ग्रामीणों केआवेदनों का अब तक निष्पादन नहीं होने पर ऐसे ग्रामीण जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर अपनी-अपनी आवेदनों का हिसाब मांगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से दिये गये आवेदनों का निष्पादन नहीं होने की स्थिति में हिसाब लेने के लिए जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर दिए गए अपने आवेदन का हिसाब मांग सकते है।

निरंतर: स्क्रैप उठाव कर रहे स्क्रैपर को कर्मियों ने रोका

फेज टू व फेज वन एरिया को लेकर विवाद

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के बाना गांव में अर्धनिर्मित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट जिसकी नीलामी कर बैंक अपने पैसे की भरपाई करने का कार्य कर रही है। प्लांट के फेज टू का स्क्रैप की खरीद के लिए मित्तल आयरन एंड स्टील व ध्रुवा इंफ्राटेक नामक कंपनी नीलामी की बोली लगाकर अपने नाम कर ली है। दोनों ही कंपनियों ने स्क्रैप निकालने का काम पीएसीएल नामक कंपनी को दे रखा है। इसके बाद से ही पीएसीएल नामक कंपनी प्लांट के फेज टू एरिया से स्क्रैप का उठाव कर रही है। स्क्रैप उठाव के साथ ही प्लांट से आए दिन लोहा चोरी की छिटपुट घटनाओं की सूचना प्राप्त होती रहती है। प्लांट के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को देखने के लिए झारखंड सरकार की पुलिस तैनात रहती है। बावजूद चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।

कॉलोनी एरिया से स्क्रैप का उठाव

गुरुवार को प्लांट के अंदर ही कॉलोनी एरिया से ट्रक पीबी 12 क्यू 2149 में लोहे की पाईप लोड की जा रही थी। जिसे मैन पावर केलोगों ने देखा और चंदवा थाना को सूचित किया। इस पर एनसीएलटी कंपनी के बीसी साहू ने कहा की लिक्विडेटर द्वारा प्लांट के कॉलोनी एरिया से स्क्रैप का उठाव किया जा रहा था, जिसे तुरंत रोक दिया गया है और एरिया क्लियरेंस के लिए एनसीएलटी को भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस पर लिक्विडेटर द्वारा कहा गया की यह एरिया भी फेज-2 के अंतर्गत ही आता है। इस संबंध में जब लिक्विडेटर कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज सुरेश ठाकुर से फोन पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।वहीं पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि फिलहाल इस पर जांच चल रही है।

अनुशासन समिति का गठन, अध्यक्ष आचार्य मिश्र

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। शहर के नयकी तालाब स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को करुणारस सिंधू परिवार की आवश्यक बैठक आचार्य बिनोद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक हेरु मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति अचला सप्तमी इस वर्ष भी धुम-धाम से मनाने के निमित्त की गई। जिसमें अचला सप्तमी मनाने पर विस्तृत चर्चा करते हुए हवन पूजन में होने वाले व्यय की रुपरेखा तैयार की गई। साथ हीं करुणारस सिंधू परिवार अनुशासन समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से आचार्य बिनोद कुमार मिश्र को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही अन्य कई बींदुओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से धिरेन्दर शर्मा, जितेन्द्र कुमार पाठक, गंगाधर शास्त्री, बिनोद कुमार मिश्र, अनिल पाठक, चन्द्रपाल पाठक, भुपेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र पाठक, राकेश मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक, अनिरुद्ध मिश्रा, प्रभुदयाल शर्मा, अवधेश कुमार पाण्डेय, रविरंजन पाण्डेय, आनंद किशोर पाठक, शिवकुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

बीडीओ ने बिरहोर परिवारों के बीच किया कंबल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा(चतरा)। कुंदा प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के टयाकरम गांव में निवास करने वाले चालीस बिरहोर परिवारों के बीच गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार ने कंबल का वितरण किया। वही दिवंगत परवा देवी के परिजनों को कंबल के साथ राशन सामग्री दिया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने काहा की कड़ाके की ठंड को देखते हुए बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही डाकिया योजना के तहत मिलने वाले राशन के संदर्भ में भी जानकारी लेने के साथ बिरहोरों के वस्तुस्थिति से बीडीओ अवगत हुए। मौके पर मुखिया भरत यादव, जनसेवक राजु रंजन, संतोष भोक्ता आदि मौजूद थे।

गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में मनी गुरु गोविंद सिंह की जयंती

गोविंद सिंह के जीवन की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित $2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत स्वागत गीत के साथ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह व संचालन बीएड प्रशिक्षु मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर अध्यापक डॉ. राजीव कुमार दास ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह गुरु गोविंद सिंह ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वंश दान कर गए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह किस प्रकार अपने राष्ट्र की रक्षा की। बीएसड संभाग के प्रशिक्षु नितेश कुमार सिंह ने जयंती पर विशेष चर्चा की व विद्यालय की ओर से 12वीं की छात्रा खुशबू कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत किया। मधु कुमारी, फुलमति कुमारी, विक्रम कुमार ने गीत प्रस्तुत किए एवं छात्रा निशु, खुशबू एवं अन्य गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन रसायन विज्ञान के शिक्षक डॉ. कृष्ण कुमार टिंकू ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक विपिन कुमार, संतोष सेठ, तमीम अहमद, राजीव नयन प्रकाश, सरोज कुमार, मीनाक्षी कुमारी, शारदा बाला, उमेश कुमार, गेंदो रवि दास व चतरा कॉलेज चतरा के प्रोफेसर डॉक्टर मो. मुमताज अंसारी (पर्यवेक्षक) आदि उपस्थित थे।

ठंड को देखते हुए मुखिया ने करायी अलाव की व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

इटखोरी(चतरा)। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत के कलाली चौक पर मुखिया रामदेव यादव के पहल पर अलाव की व्यवस्था गुरुवार को की गई। अलाव की व्यवस्था होने से आसपास के लोगों के साथ राहगीरों राहत मिली। बताते चलें कि 2 दिन से लगातार बढ़ती ठंड के कारण चौक-चौराहों में लोगों की उपस्थित नगन्य हो गई थी, वही संपन परिवार के लोग घर में रहरहे थे, तो गरीब व जरुरतमंद लोग इस ठंढ़ में भी घर से बाहर निकल रहे थे। जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई थी। ऐसे में ठंढ़ को देखते हुए मुखिया श्री यादव ने अलाव की व्यवस्था करवाया। मुखिया ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए अन्य चौक-चौराहों पर भी अलाव की व्यवस्था करवा दिया जाएगा। इस कार्य में मुखिया का सहयोग बिरेन्द्र दांगी, संजय यादव, प्रकाश प्रजापति आदि ने किया।

बाधा आम्रपाली परियोजना विस्तारीकरण

समस्या बनी 58.87 हेक्टेयर भूमि

वन विभाग ने सीसीएल को जीएमजेजे भूमि मानते हुए अग्रेतर कार्रवाई के दिए निर्देश

शशि पाठक

टंडवा (चतरा)। जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना के विस्तारीकरण के लिए 531.64 हेक्टेयर भूमि का अनापत्ति केंद्र सरकार की ओर से मिल गई है। जिसमें वन भूमि का असीमांकित 58.87 हेक्टेयर वह भूमि भी शामिल है जिसपर ग्रामीण वर्षों से जोत-आबाद कर जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। ऐसे में कुमरांग कला के 37.10 हेक्टेयर, बिंगलात 18.02 हेक्टेयर, होन्हें 02.49 हेक्टेयर एवं कुमरांग खुर्द 1.26 हेक्टेयर अपयोजित भूमि को गैर मजरुआ जंगल झाड़ भूमि मानते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने संबंधी लिखित निर्देश पत्रांक 916 में वन विभाग की ओर से सीसीएल प्रबंधन को सौंपी गई है। वहीं आशंका जताते हुए वन विभाग ने उल्लेख किया है कि दावेदार मुआवजा, नौकरी व अन्य सुविधाओं की मांग करते हुए खनन कार्य में बाधा डालेंगे। गैरमजरुआ जंगल झाड़ (जीएमजेजे) भूमि मानते हुए अग्रतर कार्रवाई में कोई भी वैधानिक अड़चन नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों में अब संशय गहरा गया है कि उनका क्या होगा?

गैरमजरुआ भूमि को रैयती के समतुल्य मुआवजा व अन्य लाभ देने की घोषणा

पिछले हीं दिनों आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में जीएम एके सिंह ने गैरमजरुआ भूमि को रैयती के समतुल्य मुआवजा व अन्य लाभ देने की घोषणा कर जहां संबंधितों की आशाओं को जीवन्त कर दिया था। वहीं दूसरी ओर राजस्व अधिकारी की मानें तो मुआवजे की राशि सरकार को भुगतान किए जाएंगे। पर, दावेदारों के भूमि सत्यापन के पश्चात उन्हें नौकरी दिया जा सकेगा। देखा जाए तो ऐसी स्थिति में सीसीएल प्रबंधन से भूरैयतों को मुआवजा के तौर पर फूटी कौड़ी नसीब नहीं होगा। यहां इस बात का उल्लेख करना प्रासंगिक है जब आम्रपाली परियोजना को धरातल में उतारने की नींव रखी जा रही थी तब भूरैयतों को विश्वास में लेने के लिए सीसीएल प्रबंधन ने 7 फरवरी 2014 को छः सूत्री सहमति का लिखित समझौता पत्र ग्रामीणों को सौंपा था। जिसमें सभी भूखंडों का एक साथ अधिग्रहण, मुआवजा व नौकरी देना, गैरमजरुआ भूमि का समतुल्य मुआवजा व अन्य लाभ, विस्थापित क्षेत्र के सभी कामगारों का रोजगार समेत अन्य चीजें शामिल थी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अगर मूल्यांकन किया जाए तो स्थानीय भूरैयत उसी पुराने डगर पर अब भी ज्यों के त्यों खड़े हैं।

सिमरिया व चतरा में मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

चतरा। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले के दोनों विधानसभा (26 सिमरिया (अजा) एवं 27 चतरा (अजा)) निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत सभी मतदान केन्दों/अभिहित स्थलों पर गुरुवार को किया गया। प्रकाशन सभी संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकरी सह अनुंडल पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से प्रारूप-16 में किया गया है। बताते चले की इस मतदाता सूची प्रकाशन में नए मतदाताओं का नाम प्रकाशित किया गया है। साथ ही आम नागरिकों से अपील किया गया ळै कि मतदाता सूची में नाम है या नही इसकी जानकारी नजदीकी बूथों पर एवं संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर से मिलकर प्राप्त कर लें। साथ ही त्रुटि सुधार एवं मतदाता सूची से नाम हटाने संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

बुलडोजर चलाकर हटाये गये अवैध कब्जे

चैनपुर (गुमला)। चैनपुर मुख्यालय के खास मौजा चैनपुर के पिपल चौक पर खाता नं 186 प्लाट नं 1164 रकबा 7 डिसमिल जो कि सरकारी केशर हिंद का जमीन था। इस जमीन पर पीपल चौक चैनपुर निवासी सहिनाथ रौतिया के द्वारा कच्चे मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया था। इधर इस संबंध में उन्हे अंचल के द्वारा नोटिस जारी कर मकान खाली करने को कहा गया था। बावजुद उनके द्वारा कब्जा नही हटाया गया अंततः अंचलाधिकारी गौतम कुमार अपने अंचल कर्मियों व चैनपुर पुलिस के साथ गुरुवार को बुल्डोजर चलवाकर अवैध कब्जे को हटाया गया।

शीतलहरी पर आंगनबाड़ी केंद्र बंद करने की अपील

सिमडेगा। सिमडेगा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है ऐसे में झारखंड सरकार द्वारा 1 से 5 वर्ग के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया है ताकि बच्चों पर इसका कोई प्रभाव ना पड़े। वही इसे ध्यान में रखते हुए। समाजसेवी अगुस्टिना सोरेंग के द्वारा सिमडेगा उपायुक्त एवं महिला बाल विकास सचिव झारखंड को पत्र लिखते हुए ठंड तक आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षणिक कार्य बंद रखने के लिए अनुरोध किया है उन्होंने कहा कि ठंड से बच्चों के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा ऐसे में उन्हें दिक्कत होगी इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय ठंड कम होने तक पठन पाठन पूरी तरह से स्थागीत हो जिससे कि बच्चे सुरक्षित रह सकें।

एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बोलबा। बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर एई राजीव कुमार महतो ने बताया कि आम एवं मिश्रित फलदार बागवानी से किसानों को अच्छी आमदनी हो सकती है उन्होंने बताया कि यह योजना पांच साल की होगी इस समय अंतराल में पौधों का कैसे बचाव करना है, कौन कौन सी दवा कितनी मात्रा में देनी है इसकी जानकारी दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, बीपीओ संजीता कुमारी, जेई अनील नाग, पंचायती राज पदा राहुल बडाईक, पंचायत सचिव अरूण बडाईक, सहित सभी पंचायत के मुखिया, सभी रोजगार सेवक एवं बीएफटी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विप्र फाउंडेशन ने गरीबों के बीच बांटे गर्म कपड़े

सिमडेगा। विप्र फाउंडेशन जॉन 6 शाखा सिमडेगा द्वारा सिकरीयाटाड शिव मंदिर में कोचेडेगा शिव मंदिर के सामने गरीब असहायो के बीच गर्म कपड़े कंबल टोपी मोजा चपल स्वेटर बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कि मुख्य अतिथि प्रदेश पदाधिकारी श्याम लाल शर्मा विशिष्ट अतिथि बाह्यमन सभा के पदाधिकारी गोकुल चन्द्र शर्मा, रघु प्रसाद शर्मा, सुरेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, श्यामा शर्मा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल शर्मा,आषिश शर्मा, प्रकाश शर्मा, महेश जी, सुदर्शन सिंह, महिला समिति ने भी बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इग्नू में जनवरी 2023 सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

लोहरदगा। इग्नू स्टडी सेंटर 3614 बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों बीए इतिहास, पॉलीटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, हिंदी, उर्दू, इंग्लिश, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी एवं पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन विद्यार्थियों का मार्क्स 45% से कम है उनका भी नामांकन इग्नू में लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र 31 जनवरी तक इग्नू के वेबसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं।

राजस्व व भू-अर्जन विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक में बोलीं डीसी

पथ चौड़ीकरण और भूमि अधिग्रहण रैयतों के लंबित राशि का हो भुगतान

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व एवं भू-अर्जन विभाग से संबंधित समीक्षात्मक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के विरूद्ध राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

उन्होंने अंचलवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा कर अंचलाधिकारी को लगान व सेस की मांग एवं वसूली बढ़ाने हेतु जिस हल्का क्षेत्र में कम लगान की वसूली हुआ है वहां वसूली से संबंधित हल्का कर्मचारी द्वारा कैम्प का आयोजन कराने की बात कहीं। स्कूली झारसेवा पोर्टल की समीक्षा कर कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी बच्चों का 26 जनवरी तक जाति प्रमाण प्रत्र निर्गत करने की दिशा आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। साथ ही लोहरा एवं चीक बड़ाईक जाति से संबंधित स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही समस्याओं का ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापन कराते हुऐ बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया तथा पोर्टल पर लंबित जाति प्रमाण पत्र को ससमय निष्पादन करने की बात कहीं। जिस प्रज्ञा केन्द्र में अधिक संख्या में जाति प्रमाण पत्र का लंबित आवेदन है उसे दूसरे प्रज्ञा केन्द्र में देकर ससमय अपलोड कराने हेतु सीएससी मैनेजर को निर्देशित किया गया। विभिन्न विभागों/कार्यालयों के लिए सरकारी जमीन चिन्हित कर हस्तांतरण करने हेतु अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया। तहसील कचहरी की भवन की स्थिति तथा नए तहसील कचहरी भवन निर्माण हेतु सरकारी जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। पुराने तहसील कचहरी की रंग-रोगन और मरम्मती कराने हेतु भवन निर्माण विभाग को एस्टीमेट भेजने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने भू-अर्जन विभाग से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में भूमि अधिग्रहण, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र व राशि उपलब्धता आदि भू-अर्जन से संबंधित मामलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने पथ चौड़ीकरण एवं भूमि अधिग्रहण रैयतों के लंबित राशि की भुगतान तथा रैयतों का भूमि संबंधित सत्यापन प्रतिवेदन अंचल से लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय कुमार बड़ाईक, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल पदाधिकारी, एवं सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

बचे हुए लैंप्स में जल्द से जल्द हो धान की खरीदारी कार्य प्रारंभ : डीसी

उपायुक्त की अध्यक्षता में गुरुवार को आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति योजना, ग्रीन राशन कार्ड, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, राशन कार्ड में मोबाईल नंबर सिडिंग, ऑनलाईन -ऑफलाईन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों, सुषुप्त राशन कार्ड, आहार सुविधा ऐप के माध्यम से पीवीटीजी परिवारों को खाद्यान्न वितरण, पेट्रोल सब्सिडी, दाल-भात केन्द्रों में लाभुकों को दाल-भात ऐप माध्यम से भोजन वितरण सहित, धोती साड़ी वितरण योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में चयनित लैम्पस की प्रखंडवार समीक्षा कर धान अधिप्राप्ति योजना 2022-23 में किसानों से धान की खरीद से संबंधित कार्यों जानकारी ली। 15 दिसम्बर अब तक लैम्पसों में हो रहे धान की खरीद की समीक्षा की तथा इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में निबंधित किसानों की संख्या का प्रखंड व लैम्पसवार जानकारी ली। साथ ही किसानों के राशि की भुगतान से संबंधित कार्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिस लैम्पस में अभी तक धान की खरीद की शुरूआत नहीं हुआ वहां ससमय किसानों से धान की खरीद करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिस लैम्पस में धान खरीद से संबंधित हो रही समस्याओं को समिति के सदस्यों से बैठक कर समस्याओं का निवारण करने की बात कहीं। उन्होंने अंचल अधिकारी को धोती साड़ी वितरण योजना से संबंधित प्राप्त राशि को ससमय विभाग को जमा कराने का निर्देश दिया। झारखंड राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने हेतु विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में कितने लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड से आच्छादित किया गया जिसकी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रखंडवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राशन कार्ड लाभ से वंचित परिवारों को नया ग्रीन राशन कार्ड से आच्छादित करने हेतु सभी अंचल अधिकारी को जनप्रतिनिधियों, मुखिया, प्रमुख एवं वार्ड से बैठक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पुनम कच्छप, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थें।

जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

प्रशिक्षित हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर सत्र का आयोजन करें : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। आयुष्मान भारत पहल के तहत विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम राज्य सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है और इसके अंतर्गत प्रखंड स्तर पर समन्वय समिति का जल्द से जल्द गठन कर कार्यों की समीक्षा की शुरूआत की जाए। उन्होंने आशा जतायी कि स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अगर हर विद्यालय में सुचारू रूप से चलाया जाए तो आने वाले समय में किशोर किशोरियों और स्कूल के छात्र-छात्राओं में काफी महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा सकता है। बताया कि बहुत जल्द इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन को देखने हेतु वह विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण भी करेंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि हर विद्यालय अपने समय सारणी में प्रस्तावित घंटी के अनुसार इस शैक्षणिक वर्ष में छात्रों के बीच प्रशिक्षित हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर द्वारा सत्र का आयोजन करें प्रत्येक विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाए। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित गूगल फॉर्म में हर महीने के 30 अथवा 31 तारीख को विद्यालय समय सारणी में प्रस्तावित घंटी के अनुसार संपन्न वर्ग संचालन से संबंधित आंकड़ों को प्राथमिक तौर पर भरें। इस कार्य में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अपना योगदान दें एवं कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जिला प्रखण्ड एवं विद्यालय स्तर पर विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वन, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय कार्यक्रम अद्यतन की स्थिति व निगरानी क्रियान्वयन से संबंधित उपलब्धियों समस्याओं चुनौतियों का समाधान करना उद्देश्य है। सभी विद्यालयों जहां वर्ग 6 या उससे ऊपर की पढ़ाई होती है के बच्चों में जीवन कौशल का विकास करना है। इस बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त समीरा एस, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला शिक्षा पदाधिकारी, ए.पी.ओ, प्राचार्य डायट चिरि, जिला जेंडर समन्वयक तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर ब्योमकेश कुमार लाल, प्रोग्राम ऑफिसर दीपक कुमार, पवन कुमार गुप्ता, रंजन कुमार उपस्थित थे।

हरिनारायण साहू का निधन

मेरे अभिभावक तुल्य थे हरिनारायण : केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद साहू के निधन के पश्चात उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन लाया गया। जहां कांग्रेसियों के द्वारा उनके पार्थिव शरीर को पार्टी के झंडा से लपेटा गया और माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं शोक संदेश पढ़ा गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि हरिनारायण प्रसाद साहू कांग्रेस के सच्चे योद्धा थे इनके निधन से एक युग का अंत हो गया एवं पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा हरिनारायण प्रसाद साहू एकत्रित बिहार में महासचिव थे। मेरे अभिभावक तुल्य थे और इनका मार्गदर्शन मेरे राजनीतिक जीवन में हमेशा मिलता रहा है। इनके निधन से पार्टी के साथ-साथ मुझे भी व्यक्तिगत क्षति हुई है यह ताउम्र पार्टी के लिए कार्य करते रहें मजदूर हित में इनका कार्य अविस्मरणीय रहा है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन दुबे, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, कुणाल अभिषेक, शाहिद अहमद बेलु, प्रदीप विश्वकर्मा, वारिश कुरैशी, विशाल डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

दहेज उत्पीड़न व दुष्कर्म के मामले में चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा। कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 के आलोक में सेन्हा थाना में कांड संख्या 03/23 दर्ज कर चार नामजद के विरुद्ध पुलिस कारवाई शुरू किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो निवासी परिवार स्व सुनेशवर महली के बेटी हीरामणी कुमारी ने कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 दिनाक 7/12/2022 के तहत दहेज प्रताड़ना एवं दुष्कर्म मामला को लेकर न्यायालय से न्याय का गुहार लगाई थी। सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा की कोर्ट परिवाद के तहत स्वर्गीय सुनेश्वर महली के पुत्री हीरामणि कुमारी का कोट परिवाद प्राप्त हुआ था जिसके आधार पर सेन्हा थाना में कांड संख्या 3/23 दर्ज कर धारा 376, 313 ,323 ,379 , 498ए 34 भादवी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज।

सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया शुभारंभ

विश्लेषण करें कि आप क्या कर सकते हैं

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, लोहरदगा में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने प्रशिक्षण लेने आए युवतियों से कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति के पास प्रतिदिन 24 घंटे होते हैं। इसी में कोई भी बेहतर समय प्रबंधन करता है। आप अपना लक्ष्य तय करें और उसमें लग जायें। किसी भी प्रकार की कुंठा से ग्रसित ना हों। कोई भी 100 प्रतिशत परफेक्ट नहीं होता है। कभी भी अपनी तुलना दूसरों से कर नकारात्मक नहीं होना चाहिए। खुद का विश्लेषण करें कि आप क्या कर सकते हैं। अपने माता-पिता को धन्यवाद दें जो जीवन में आपको मिला है। हमेशा सकारात्मक सोच रखें। बिना कठिनाई के कोई भी आगे नहीं बढ़ता है। रूके नहीं, घबराये नहीं।

प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में महिंद्रा प्राईड की ओर से प्रशिक्षक ऋतुराज द्वारा युवतियों को अपना पर्सनिलिटी डेवलप करने, साक्षात्कार के दौरान खुद को प्रेजेंट करने का तरीका बताया गया। साथ ही, नियमित रूप से अपना स्किल में बढ़ोत्तरी करने, सकारात्मक सोच रखने, अपना लक्ष्य निश्चित कर उसे मंजिल तक पहुंचाने संबंधित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, आईटीआई कुजरा, बीएस कॉलेज और महिला कॉलेज की छात्राएं समेत अन्य उपस्थित थे।

निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किये गए संशोधन की अंतिम सूची प्रकाशित

कुडू-लोहरदगा। निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किये गए संशोधन की अंतिम सूची गुरुवार 5 जनवरी को प्रकाशित की गई। उक्त आशय की जानकारी कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने देते हुए बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किए गए संशोधनों की सूची अर्हक तारीख के रूप में दिनांक 01.01.2023 के संदर्भ में और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार की गई और उक्त नामावली की एक प्रति संशोधनों की उक्त सूची सहित प्रकाशित का दी गई है। सूची बीडीओ के कार्यालय एवं सभी मतदान केन्द्रों मतदान केन्द्र संख्या 73 से 160 पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

फिर हाथियों के झुंड ने कहर बरपाया

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर (गुमला)। क्षेत्र में आखिर कब थमेगा हाथियों का उत्पात मचाने का सिलसिला। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के विभिन्न गांव में हाथियों के झुंड द्वारा ग्रामीणों पर कहर ढाया जा रहा है। हालांकि चैनपुर वन विभाग भी लगातार जंगली हाथियों को दूर खदेड़ने में लगा हुआ है। पिछले कई रातों से वन विभाग की टीम के द्वारा जंगली हाथियों को खदेड़ने का काम किया जा रहा है। रेंजर गायत्री देवी ने बताया कि हाथी भगाओ टीम के साथ चैनपुर वन विभाग हाथी को ट्रेस कर खदेड़ने में प्रयासरत है। वन विभाग के कड़ी परिश्रम से जंगली हाथियों के झुंड को गांव में घुसने से रोका जा रहा है। जिसके बावजूद भी जंगली हाथी गांव में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को हो रहे नुकसान से हम भी काफी चिंतित हैं। लोगों को और परेशानी ना हो इसके लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। बीते रात जंगली हाथियों के झुंड ने कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के बरडीहा पंचायत अंतर्गत लोटाकोना गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए बंधु लोहरा के घर को तोड़ दिया। वही अनीता टोप्पो के घर को धास कर घर में रखे कई बोरे धान को खा गया। वहीं गांव के देरसो लोहरा का जाली तार का घेरा को तोड़कर आलू की फसल को बर्बाद कर दिया।

मुख्यमंत्री सारथी योजना का प्रसार रथ रवाना

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा 'मुख्यमंत्री सारथी योजना' के प्रचार-प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से एक प्रचार रथ को रवाना किया गया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखण्ड के निदेश पर निकाले गये इस प्रचार रथ द्वारा सभी प्रखंडों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा जिसकी शुरूआत सेन्हा और भंडरा प्रखंड से की गई। मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य उपस्थित थे। योजना के बारे में बताया गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं इंप्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विद कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग सहित नई योजना ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल एक्वीजिशन (बिरसा योजना) समाहित है। इसमें गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने हेतु एक हजार रुपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दी जायेगी। प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाणित सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणीकार के तीन माह के अंदर नियोजित नहीं होने की स्थिति में युवकों को प्रतिमाह एक हजार रुपए एवं दिव्यांग/युवतियों/परलैंगिक को प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपए अधिकतम एक वर्ष के लिए डीबीटी के माध्यम से दी जायेगी। झारखंड में रहने वाले वैसे युवक-युवतियां जिनकी उम्र 18-35 वर्ष हो, वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

कार्यक्रम — सामूहिक हवन कर पतंजलि भारत स्वाभिमान का 28 वां स्थापना दिवस मनाया

स्वस्थ-शिक्षित भारत बनाना है : प्रवीण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे पन्द्रह दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें सामूहिक हवन किया गया एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती द्वारा प्राणायाम एवं दिनेश प्रजापति द्वारा यौगिक जॉगिंग का अभ्यास कराया गया। उसके बाद संरक्षक शिवशंकर सिंह एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अभय भारती के नेतृत्व में हवन किया गया। हवन कार्यक्रम में संजय मधुर, पतंजलि योग समिति के जिला सह प्रभारी वासुदेव महतो, प्रदीप अग्रवाल, बंसी साहू, दिलीप साहू, राजेश गुप्ता, मुन्नी मिंज, रवि प्रजापति, कृष्णा राम, महेंद्र प्रसाद, मानसी भारती, दीपिका कुमारी, दिव्या ठाकुर, शोभा कुमारी, संगीता कुमारी, किरण देवी, राजा विवशवान, शौर्य वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं मुख्य योगशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि पतंजलि का मुख्य उद्देश्य योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं शिक्षा के माध्यम से एक स्वस्थ, समृद्ध और शिक्षित भारत का निर्माण करना है। योग हमारे मूल में है। एक स्वस्थ व निरोग व्यक्ति ही जीवन को उत्तम रीति से जी सकता है। योग आयुर्वेद की महत्ता को पूरे विश्व की स्वीकार्यता मिली है और संसार के लगभग दो सौ देशों ने इसे अपनाया है। आज भारत, भारतीयता, भारतीय ब्रांड, ऋषि परम्परा का डंका विश्व भर में बज रहा है। पूरे जिले में निःशुल्क योगशिविर लगाकर योग आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण जी ने योग आयुर्वेद से पूरे विश्व को अनुप्राणित करने का संकल्प लिया है जो पूर्ण होता दिख रहा है। हमें योग करने व कराने का अनुष्ठान अनवरत करना चाहिए।

अभय भारती ने बताया कि गुरु के संकल्प को पूरा करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। योग आयुर्वेद ही हमें पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकता है।

शिवशंकर सिंह ने सभी पदाधिकारियों को ऊर्जा व उत्साह के साथ इस अभियान को जारी रखने पर जोर दिया। योग शिविर के माध्यम से शरीर के असाध्य रोगों का शमन सम्भव है। ऐसा महती कार्य स्वामी रामदेव ने किया और हमें गुरु आज्ञा, ऋषि आज्ञा का पालन करना चाहिए।

डालसा सचिव ने पीएलवी के साथ की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें पिछले वर्ष में किए गए कार्यों और वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। डालसा सचिव ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी उसी ऊर्जा से कार्य करना है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा पूरे वर्ष के लिए कैलेंडर जारी किया गया है। उन सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। सभी पीएलवी डालसा के महत्वपूर्ण अंग है। सभी की सहभागिता विशेष महत्व रखता है। उन्होंने सभी पीएलवी को अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को कानूनी जानकारी और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक करने की बात कही। प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को सभी पीएलवी को विभिन्न विषयों पर कानूनी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि क्षेत्र की जनता तक बातों को सही तरीके से पहुंचाया जा सके। डायन प्रथा, बाल विवाह, नशापान, बढ़ती सड़क दुघर्टना कुछ ऐसे विषय हैं जिससे लोहरदगा जिला बुरी तरह प्रभावित है। इन सभी विषयों पर गहन कानूनी जागरूकता अभियान में तेजी लाना है। पूरे जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रत्येक माह कम से कम 30 लिगल लिटरेसी क्लासेस का आयोजन करना है। मौके पर रोहित तमेरा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, हफीजुल अंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

बीएसएनएल की 5जी सेवाओं के लिए अभी करना होगा इंतजार

भुवनेश्वर। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल 2024 में 5जी सेवाएं शुरू करेगी। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यह कहा। बीएसएनएल ने 4जी नेटवर्क शुरू करने के लिए टीसीएस और सी-डॉट के नेतृत्व वाले परिसंघ को चुना है, जिसे अनुबंध के तहत ऑर्डर देने के लगभग एक साल के भीतर 5जी में बदला जाएगा। दूरसंचार मंत्री ने कहा, पूरे ओडिशा में दो साल के भीतर 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। गुरुवार भुवनेश्वर और कटक में ये सेवाएं शुरू की गई हैं।

शाओमी ने लॉन्च की 5जी समार्टफोन सीरीज

नयी दिल्ली। शाओमी ने भारत में गुरवार को तीन 5 जी समार्टफोन रेडमी नोट 12, रेडमी नोट 12 प्रो और रेडमी नोट 12 प्रो+ लॉन्च कर दिए हैं। दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में कंपनी की ओर से बताया कि ये फोन नेक्स्ट जनरेशन 5ऋ स्मार्टफोन हैं। कंपनी इन स्मार्टफोन्स को सुपर नोट कह रही है। यहां हम आपको बता रहें तीनों स्मार्टफोन्स की कंप्लीट स्पेसिफिकेशन डिटेल्स। रेडमी नोट 12, रेडमी नोट 12 प्रो और रेडमी नोट 12 प्रो+ 11 जनवरी से ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑर्थराइज्ड आउटलेट्स पर अवेलेबल रहेंगे।

धमाकेदार शुरूआत के बाद औंधे मुंह गिरा आरबीएम इंफ्राकॉम का शेयर

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में उठा-पटक के बीच आरबीएम इंफ्राकॉम लिमिटेड के निवेशकों के लिए बुरी खबर है। कंपनी के शेयरों में आज यानी 5 जनवरी 2023 को लोअर सर्किट लग गया। इससे पहले कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री मारी थी। बता दें, कल कंपन की शेयर 53.06 प्रतिशत की उछाल के साथ 55.10 रुपये पर बंद हुए थे। लिस्टिंग के दूसरे दिन यानी आरबीएम के शेयर 54.80 रुपये पर ओपन हुए। लेकिन कुछ ही देर बाद इस स्टॉक कंपनी 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.35 रुपये के लेवल पर आ गए। यह आरबीएम का लोअर सर्किट लेवल भी था। बता दें, कंपनी का मार्केट कैप 44 करोड़ रुपये का है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना में 870 आवास 435 करोड़ रुपये में बेचे

नयी दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक आवासीय परियोजना में 870 आवासीय इकाइयां 435 करोड़ रुपये में बेची हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि गोदरेज गार्डन सिटी की परियोजना सलेस्ट के नए चरण की शुरूआत में उसने दस लाख वर्गफुट से अधिक का क्षेत्र बेचा है। कंपनी ने कहा, कंपनी ने अक्टूबर 2022 में शुरू की गई सलेस्ट परियोजना में 870 आवास बेचे हैं जिनका बुकिंग मूल्य करीब 435 करोड़ रुपये है।

फ्लिपकार्ट को स्मार्टफोन डिलीवर नहीं करना पड़ा भारी

नयी दिल्ली। ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट पर एक ग्राहक का फोन डिलीवर नहीं करने पर भारी जुर्माना लगाया गया है। फ्लिपकार्ट को अब मोबाइल की कीमत की तीन गुना से अधिक रकम ग्राहक को देनी होगी। यह आदेश बेंगलुरु शहरी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की ओर से दिया गया है। आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि ई-कॉमर्स कंपनी को 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ मोबाइल फोन की कीमत 12,499 रुपये भुगतान करनी होगी। इसका मतलब है कि फ्लिपकार्ट को कुल 42 हजार रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। इसमें अभी ब्याज की राशि नहीं जोड़ी गई है। टाइम्स नाउ के मुताबिक, बेंगलुरु के राजाजीनगर निवासी दिव्यश्री जे ने फ्लिपकार्ट के खिलाफ इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।

अब मुकेश अंबानी संभालेंगे ग्रीन एनर्जी का कारोबार

बच्चे संभालेंगे रिलायंस कंपनी

एजेंसी। नयी दिल्ली



रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक और एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी सेक्टर पर नजर जमा रहे हैं। हालांकि इससे पहले मुकेश अंबानी अपने बच्चों आकाश, अनंत और ईशा को रिलायंस इंडस्ट्रीज की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपेंगे। बता दें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज कुल 75 बिलियन डॉलर का निवेश ग्रीन एनर्जी में करने वाली है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मुकेश अंबानी का प्लान ग्रीन एनर्जी में फोकस होने के साथ ही गिगा फैक्ट्री और ब्लू हाइड्रोजन फैसलिटी का निर्माण करने का भी है। यह 15 सालों में 75 अरब डॉलर का निवेश करेगी, जिसकी घोषणा एक साल पहले ही की गई थी। वायर एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत के एनर्जी सेक्टर में अरबों डॉलर के निवेश की मांग कर रहा है और मध्य पूर्वी फंड समेत संभावित निवेशकों से संपर्क किया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि उनकी महत्वाकांक्षा इस सेक्टर में मजबूत करने की है। जैसा कि उन्होंने अपनी मोबाइल फोन कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के साथ किया था। एशिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति मुकेश अंबानी को कई उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। 1990 के दशक में शिपिंग कंटेनरों जुड़े कुछ मुद्दों पर काम किया। इसके बाद ही मुकेश अंबानी ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रो केमिकल रिफाइनरी खड़ी करने में कामयाबी दर्ज की। लगभग दो दशक बाद उनकी एक और अपस्टार्ट फर्म भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार ऑपरेटर बन गई। इसके साथ ही उन्होंने अपने बच्चों को रिलायंस इंडस्ट्रीज की जिम्मेदारी भी सौंपी है। रिलायंस ग्रुप के मुखिया मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अधिग्रहण के टारगेट को पहचानने और शेयरधारकों से बातचीत कर रहे हैं और ग्रीन एनर्जी पर पूरी तरह से फोकस हैं। इधर, गौतम अडानी ने भी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में मजबूत पकड़ बनाने के लिए प्लान तैयार किया है।

सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में एफडी से ज्यादा रिटर्न

नयी दिल्ली। अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और अपना पैसा कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जहां आपके पैसों पर अच्छा रिटर्न मिले और पैसा भी सेफ रहे तो आप पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम पर 8% सालाना ब्याज ऑफर किया जा रहा है। हम आपको आज इस स्कीम के बारे में बता रहे हैं। 60 साल या उससे अधिक आयु के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि श्फ्र लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है।

अब अमेरिकी वीजा लेना पड़ेगा महंगा

एजेंसी। नयी दिल्ली

अगर आप अमेरिका में नौकरी करने का सपना देख रहे हैं या अमेरिका जाना चाहते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर नहीं है। दरअसल संयुक्त राज्य अमेरिका वीजा की कुछ कैटेगरी में फीस बढ़ा सकता है। अमेरिका ऐसा इमीग्रेशन ऑपरेशन का बेहतर तरीके से मैनेजमेंट करने और वीजा प्रोसैसिंग की ग्लोबल बैकलॉग से निपटने के लिए कर रहा है। अगर प्रशासन के इस कदम को मंजूरी मिल जाती है तो एच-1बी वीजा के लिए फाइलिंग फीस में भारी बढ़ोतरी की संभावना है। इस कदम से अमेरिकी और भारतीय दोनों देशों की टेक्नोलॉजी कंपनियां प्रभावित होंगी। दरअसल एच-1बी और एल वीजा (एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर) होते हैं। ये वीजा फीस अमेरिकी नियोक्ता कंपनियां वहन करती हैं। ऐसे में इस प्रस्ताव के लागू होने से अप्रवासी कर्मचारियों को काम पर रखने की लागत में भारी इजाफा हो सकता है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (वरउक्र) ने प्रस्तावित नियम बनाने की सूचना प्रकाशित की है। अगर वीजा की इन दो कैटेगरी की फीस में बढ़ोतरी होती है तो भारत और चीन के लोगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इसकी वजह है कि भारत और चीन से काफी लोग इन दो कैटेगरी में अमेरिका के लिए वीजा लेते हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि एच-1बी वीजा लगभग के लगभग 70 और प्रत्येक वर्ष जारी किए गए स्थायी निवास परमिट के आधे के लिए जिम्मेदार हैं।

कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

email-npnagaruntari@gmail.com

पत्रांक :–04 दिनांक :–03.01.2023

आवश्यक–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक अन्तर्गत स्वीकृत नक्शा (ले–आउट) अनुरूप आवास निर्माण कुल 386 वर्ग फीट क्षेत्रफल में करते हुए शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण घर के अंदर करना अनिवार्य है। लाभुकों को प्रत्येक चरण में निर्माणाधीन आवास का जियोटैगिंग होने के उपरान्त चरणवार किस्तों की राशि लाभुक के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है।

अतः उक्त के आलोक में आवश्यक रूप से सूचित करना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक अन्तर्गत आवास निर्माण हेतु किसी भी लाभुक से किसी भी प्रकार की राशि की माँग किसी के द्वारा की जाती है तो इससे संबंधित शिकायत कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR.NO.286757 Urban Development(22-23):D

कार्यालयः– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार

पुनर्निविदा

विज्ञापन सं0 02/2022

लातेहार जिला अन्तर्गत विभिन्न मद में योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ क्षेत्र भ्रमण हेतु "जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार" के लिये एक बोलेरो वाहन (चालक सहित) एवं दो मोटर साइकिल किराये पर लेने हेतु **पी0आर0 नं0 285566 लातेहार 22–23(डी)** के द्वारा पूर्व में ईच्छा की अभिव्यक्ति की मांग की गई थी, जिसमें वांछित संख्या में ईच्छा की अभिव्यक्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

अतएव उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मों/प्रतिष्ठानों से पुनः दिनांक 11.01.2023 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट http://latehar.nic.in से Download कर प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
लातेहार

PR 286762 Rural Development(22-23)#D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

Short Term e-Procurement Notice (2nd Call)

e-Tender Ref No- 6/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 09
Dated:- 04.01.2023

1.	Name of Work	IRQP Work of Daltonganj - Hariharganj Road (MDR-118) (Length-4.075 km) for the year 2022-23.
2.	Estimated Cost	Rs. 1,96,22,133.00 (Rupees One Crore Ninety Six Lacs Twenty Two Thousand One Hundred Thirty Three) Only.
3.	Bid Security (Amount)	Rs. 3,92,500.00 (Rupees Three Lacs Ninety Two Thousand Five Hundred) Only.
4.	Time of Completion	02 Months
5.	Date of Publication of Tender on Website	06.01.2023, 10:30 AM
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	20.01.2023, 12:00 Noon
7.	Last Date/Time ofSubmission of Tender Fee & EMD	24.01.2023, 15:00 PM
8.	Date and Time of Bid opening	27.01.2023, 12:30 PM
9.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1stFloor, Engineering Hostel,No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004
10.	Name & address of officer Inviting tender	Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019
11.	E-mail Id	eercdmedini-jhr@nic.in
12.	Helpline number of e Procurement cell	0651-2401010

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR286709 (Road)22-23*D

कार्यालय – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिद्धौर

सूचना संख्या – 03

आम इस्तेहार
(सैरात बन्दोबस्त की आम सूचना)

दिनांक – 02.01.2023

हर आम–ओ–खास (सर्वसाधारण) को सूचित किया जाता है कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 5012 दिनांक 16.09.2016 तदनुसार अपर समाहर्ता चतरा के ज्ञापांक 925 दिनांक 29.09.2016 एवं अंचल अधिकारी गिद्धौर के पत्रांक 137 दिनांक 17.06.2020 के आलोक के साथ ही साथ उपायुक्त, चतरा महोदय के निदेश की प्रत्याशा में गिद्धौर प्रखण्ड में निचे लिखे शर्तो के अधीन मेला(सैरात) **वर्ष 2022–23 के लिए बलबल पशुमेला की बंदोबस्ती दिनांक 09.01.2023 को 11.00 पुर्वाहन** गिद्धौर प्रखण्ड कार्यालय में निर्धारित की गयी है। सैरात स्थल द्वारी खाता सं0 – 83 प्लॉट संख्या – 1228 रकवा 6.36 एकड उक्त सैरात का नाम – बलबल पशु मेला द्वारी बन्दोबस्ती वर्ष 2022–23 है तथा सुरक्षित जमा राशि 77769.00 (सतहतर हजार सात सौ उनहतर) रूपये है। उक्त बंदोबस्त खुली डाक प्रक्रिया के माध्यम से सम्पन्न होगी।

अतः जिस व्यक्ति को डाक में भाग लेना हो, वे **दिनांक 09.01.2023 को सुबह 11.00 बजे पुर्वाहन** को प्रखण्ड सभागार कार्यालय गिद्धौर में आकर निम्नलिखित शर्तो के आधार पर खुली डाक प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

नोट–शेष अन्य शर्ते प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर देख सकते है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिद्धौर

PR286796 (District)22-23*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

आवश्यक सूचना

(नोटिस)

नाम–1. जितेन्द्र कुमार दुबे, पिता–स्व0 रामकृष्ण दुबे, सा0–गाढ़ाखुर्द, थाना–काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप नगरउंटारी थाना कांड सं0–123/22, दिनांक–12.11.2022, धारा–186, 379, 414, 279, 337, 338, 307, 353, 34, भा0द0 वि0 एवं 4/54 JMMCR 2017, 179,194 M.V.I Act. के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अनुमण्डलीय न्यायालय, नगरउंटारी, गढ़वा के द्वारा आपके के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 286712 Police(22-23).D

Office of the Executive Engineer-cum-Member Secretary Drinking Water and Sanitation Committee, Medininagar, Palamu

Invitation for Tender

On behalf of the Government of Jharkhand, the Drinking Water and Sanitation Department invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for "Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in District Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand".

The summary of tender details is as below:-

Sr. No	Item Details	Particulars
1	Tender No.	SBMG Phase II /DWSD/Gobardhan/o2/2022-23
2	Tender Fee	Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only)
3	BID Security (EMD)	Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only)
4	Pre-Bid Conference (Address)	OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com
5	Address of Communication	OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com
6	Telephone Number	9835068475
7	Contact Person	Executive Engineer
8	Email Contact	eedwsd.medininagar@gmail.com

1. Tender Calendar:

Item Details	Target Date
Date of commencement of availability of the tender document.	04/01/2023
Last date to send requests for clarifications on the Tender.	17/01/2023
Project briefing & Pre-bid meeting.	20/01/2023 at 01:00PM
Last date and time for submission of bids.	27/01/2023 at 04:00PM
Opening of Eligibility/Technical Bids.	30/01/2022 at 03:00PM

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Committee Medininagar, Palamu the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof. All the EOI/Tender related document can be seen on https://palamu.nic.in

Executive Engineer –cum-Member Secretary
Drinking Water & Sanitation Committee
Medininagar, Palamu Government of Jharkhand
Email:eedwsd.medininagar@gmail.com

PR 286778 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

कार्यालय - निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला सहकारिता पदा0, चतरा

सूचना

संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, दक्षिणी छोटनागपुर प्रमंडल, राची सह संचालन पदाधिकारी के ज्ञापांक 605/स0 स0 दिनांक 23.12.2022 द्वारा प्राधिकृत किये जाने तथा झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0 राँची की निबंधित उपविधि 12 (बी) (1) (2) एवं झारखण्ड सहकारी सोसाइटी नियमावली के नियम–21 (ज) (4) में निहित प्रावधान के तहत झारखण्ड राज्य सहकारी बैक लि0 राँची के विशेष आमसभा/निदेशक पर्षद के निर्वाचन प्रयोजनार्थ राज्य अंतर्गत जिला से डेलीगेट/प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु मै नीलम कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा सह निर्वाचन पदाधिकरी झारखण्ड सहकारी सोसाइटी नियमावली 1959 यथासंशोधित 1997 के नियम– 21(ग) एवं 21 (ड) से प्राप्त शक्तियों के तहत STCCS वर्ग से कुल 05 (पाँच) एवं Other than STCCS वर्ग से कुल 01 (एक) डेलीगेट/प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु निम्र प्रकार से निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

क0	निर्वाचन कार्यक्रम	तिथि	समय	स्थान
01	नामांकन दाखिल करने की तिथि	28.01.2023	10.00 पूर्वा0 से 3.00 अप0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
02	नामांकन पत्रों की जाँच की तिथि	29.01.2023	10.00 पूर्वा0 से	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
03	नामांकन सूची के प्रदर्शन की तिथि	30.01.2023	10.00 पूर्वा0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
04	नामांकन पर आपत्ति दाखिल करने की तिथि	31.01.2023	10.00पूर्वा0स 3.00 अप0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
05	आपत्तियों के निष्पादन की तिथि	01.02.2023	10.00 पूर्वा0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
06	विधिमान्य नामांकन सूची के प्रदर्शन की तिथि	02.02.2023	10.00 पूर्वा0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
07	नामांकन की वापसी कि तिथि	03.02.2023	10.00 पूर्वा0 से 3.00 अप0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
08	वापसी के पश्चात नामाकंन सूची का अन्तिम प्रकाशन की तिथि	04.02.2023	10.00 पूर्वा0	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
09	चुनाव चिन्हों का आवंटन	05.02.2023	10.00 पूर्वा0 से	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
10	1. चुनाव की स्थिति में मतदान 2. मतगणना 3. परिणाम की धोषणा	09.02.2023	9.00 पूर्वा0 से 3.00 अप0 मतदान समाप्ति के पश्चात मतगणना के पश्चात	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय

निर्वाचन की स्थिति में झारखण्ड सहकारी नियमावाली 1959 के नियम 21(द) के तहत मतदाताओं के पहचान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चिन्हित पहचान पत्रों को अपने साथ लाना अनिर्वाय होगा। प्रबंध समिति से पारित डेलीगेट सदस्य जो निर्वाचन कार्यक्रम में भाग लेगें एवं चुनाव की स्थिति में उन्हे केवल एक मत देने का आधिकार रहेगा।

झारखण्ड सहकारी सोसाइटी नियमावली 1959 यथासंशोधित 1997 के नियम 21 (ञ) एवं 21(ट) के अनुपालन में प्राप्त मतदाता सूची STCCS वर्ग जिसमें कुल 40 पैक्स के सदस्य सूची को दिनांक 04.01.2023 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जाती है। मतदाता सूची पर आपत्ति का कार्यक्रम निम्न है–

क0	निर्वाचन कार्यक्रम	तिथि	समय	स्थान
1	मतदाता सूची का प्रकाशन	04.01.2023	10 बजे पूर्वाहन	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
2	मतदाता सूची पर आपत्ति	10.01.2023	10 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
3	मतदाता सूची के आपत्तियों का निष्पादन	10.01.2023	2.00 बजे अपराहन से 4.00 बजे अपराहन	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
4	वैध मतदाता सूची का प्रकाशन	10.01.2023	5. 00 बजे अपराहन	अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
5	सूचना का प्रेषण	11.01.2023	डाक एवं अन्य माध्यम से	

जिला सहकारिता पदाधिकारी
चतरा

PR 286793 Co-opretive (22-23)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

Short Term e-Procurement Notice

e-Tender Ref No-14/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 08
Dated:- 04.01.2023

1.	Name of Work	IRQP work of Chainpur-Ramdanda Road (Total Length-13.00 Km) for the year 2022-23.
2.	Estimated Cost	Rs. 9,02,00,188.00 (Rupees Nine Crore Two Lacs One Hundred Eighty Eight) Only.
3.	Bid Security (Amount)	Rs. 9,02,010.00 (Rupees Nine Lacs Two Thousand Ten) Only.
4.	Time of Completion	06 Months
5.	Date of Publication of Tender on Website	12.01.2023, 10:30 AM
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	28.01.2023, 12:00 Noon
7.	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	30.01.2023, 15:00 PM
8.	Date and Time of Bid opening	02.02.2023, 12:30 PM
9.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	Office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi.
10.	Name & address of officer Inviting tender	Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019
11.	E-mail Id	eercdmedini-jhr@nic.in
12.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.286705 Road(22-23):D

ज्ञान की बात

यदि आप श्री कृष्ण से यह अपेक्षा करते हैं कि वे सारी गोपियों से विवाह कर लेते, तो न आप उनके प्रेम को समझते, न गोपियों के प्रेम को। वह कामविहीन प्रेम था। वह आलौकिक प्रेम था। उसकी परिणिति विवाह नहीं थी वरन भगवत प्राप्ति थी। काम संबंध तो उस दिव्य प्रेम को लौकिक धरातल पर ले आता। फिर तो उनकी रासलीलाओं का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता। *-ठाकुर जी*

दवा व सावधानी

यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि मरीज अपने इलाज के लिए कोई दवा ले और वहीं उसके लिए जानलेवा साबित हो जाये। मगर पिछले तीन महीने के भीतर यह दूसरी बार है, जब खांसी से आराम के लिए दी गई दवा से कई बच्चों की मौत की खबर आई। हैरत की बात यह कि यह दवा अपने देश में बनती हैं। ऐसी दवा खांसी के लिए उपयोग में आती हैं। जाहिर है, अगर दवा के असर से ही इतनी संख्या में बच्चों की मौत हो गई, तो यह बेहद चिंताजनक मामला है। फिलहाल अपने देश में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद संबंधित कंपनी की नोएडा इकाई में सभी उत्पादन गतिविधियों को रोक दिया गया है। हालांकि इस मामले में जांच की प्रक्रिया के किसी नतीजे पर पहुंचने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि अगर बच्चों की जान जाने की वजह यह दवा थी, तो उसमें मिलाये गये कौन-से रसायन इसके लिए जिम्मेदार थे। गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले अफ्रीकी देश गांबिया में भी भारत की एक कंपनी की खांसी की दवा लेने से साठ से ज्यादा बच्चों की मौत की खबरें आई थीं। हालांकि उस घटना के बाद दवा के ही घातक होने को लेकर कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आ सका था। लेकिन किसी दवा के असर से कई मरीजों के भीतर समान प्रतिक्रिया होती है, तब इस बात की आशंका पैदा होती है कि क्या इसे किसी रासायनिक मिश्रण का दुष्परिणाम माना जा सकता है! उस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने इसे लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक आरोपों के घेरे में आई खांसी की कुछ दवाएं इंसान के लिए जहर की तरह हैं। डब्लूएचओ का कहना है कि इथिलेन ग्लाइकाल दरअसल कार्बन कंपाउंड है, जिसमें न खुशबू होती है और न कोई रंग। यह मीठा होता है, जिसे बच्चों के लिए तैयार खांसी की दवा में इसलिए मिलाया जाता है, ताकि वे उसे आसानी से पी सकें। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसकी मात्रा में असंतुलन हो जाता है, तो यही दवा जानलेवा साबित हो सकती है। यही वजह है कि ये दवाएं कई देशों में प्रतिबंधित हैं। सवाल है कि क्या दवा तैयार करने में इस रसायन के संतुलित प्रयोग का ध्यान नहीं रखा गया? या फिर बच्चों को यह दवा देते समय

हैरत की बात यह कि यह दवा अपने देश में बनती है। ऐसी दवा खांसी के लिए उपयोग में आती हैं। जाहिर है, अगर दवा के असर से ही इतनी संख्या में बच्चों की मौत हो गई,तो यह बेहद चिंताजनक मामला है...

मात्रा और खुराक की सीमा का खयाल रखने में चूक हुई? इन पहलुओं का जवाब विस्तृत जांच के बाद ही सामने आयेगा। मगर यह तथ्य है कि ऐसी कई प्रतिबंधित दवाएं कुछ देशों में खुलेआम उपलब्ध होती हैं और कई बार खुद चिकित्सक भी उसे लेने की सलाह दे देते हैं। आखिर किसी दवा पर पाबंदी की वजह यही होती होगी कि उसमें मौजूद कोई रसायन या तत्त्व मरीजों की सेहत या जान तक के लिए जोखिम भरा या जानलेवा साबित हो सकता है! सही है कि लोग किसी तकलीफ से निजात के लिए बिना चिकित्सीय सलाह के भी कोई दवा खरीद लेते हैं, जो घातक हो सकती है।

क्या हो जजों की नियुक्ति का सही तरीका

फरवरी 1970 में, केरल में एडनीर मठ के प्रमुख स्वामी केशवानंद भारती ने संविधान के अनुच्छेद-26 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसमें मठ की संपत्ति के प्रबंधन पर प्रतिबंध के केरल सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को चुनौती दी गई थी। तीन साल बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 7-6 बहुमत से संविधान के मूल संरचनात्मक सिद्धांत को रेखांकित किया। इसमें खास तौर पर संविधान के प्रमुख सिद्धांतों और इसकी मूल संरचना में संशोधन करने के संसद के अधिकारों पर लगे अंकुश को नये सिरे से रेखांकित किया गया।

इमर्जेंसी में बदला रुख : दिलचस्प है कि जब आपातकाल घोषित किया गया तो सुप्रीम कोर्ट भी नये न्यायाधीशों के साथ ढ़ेर हो गया था। ए एन रे को राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति में तीन न्यायाधीशों की वरिष्ठता खारिज की गई थी। गौरतलब है कि रे ने केशवानंद मामले में फैसले पर दस्तखत नहीं किये थे। यह बात भी सामने आई कि वास्तव में कोई समीक्षा याचिका दायर नहीं की गई थी। महज एक मौखिक अनुरोध पर यह समीक्षा सुनवाई हुई। जाहिर है, एक अनुचित प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश ने एकतरफा बेंच को भंग कर दिया। केंद्र के पास एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका होने के बावजूद संविधान की बुनियादी संरचना का सिद्धांत बमुश्किल बच पाया। इस ऐतिहासिक फैसले ने देश में निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच संतुलन साधने में मदद की। हाल में संविधान के अनुच्छेद 124 (2) और 217 (1) की व्याख्या को लेकर केंद्र और न्यायपालिका के बीच टकराव सामने आया है। अनुच्छेद 124 (2) इस बात पर प्रकाश डालता है कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों (विशेष रूप से मुख्य न्यायाधीश) और राज्यों के उच्च न्यायालयों के परामर्श के बाद की जायेगी। इसी तरह उच्च न्यायालयों के लिए अनुच्छेद 217 (1) बताता है कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश को भारत के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के राज्यपाल और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जायेगा। अभी केंद्र कलीजियम प्रणाली द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है, लेकिन यदि कोई सिफारिश दोहराई जाती है तो सरकार उसे मानने के लिए लिए बाध्य है। हाल में यह आम सहमति एक गतिरोध में बदल गई। केंद्र ने कलीजियम द्वारा दोहराई गई सिफारिशों को रोक दिया है। इससे अदालतों में नियुक्तियों पर असर पड़ा है। अगस्त 2022 में सर्वोच्च न्यायालय में जजों की 34 में से तीन और उच्च न्यायालयों में 1,108 में से 381 रिक्तियां थीं। निचली अदालतों में 24,631 में से तकरीबन 5,342 सीटें खाली थीं, जो इसकी क्षमता का 20 फीसदी हैं। इस तरह की रिक्तियों में बहाली टलने से विशेष रूप से बॉम्बे, पंजाब और हरियाणा, कलकत्ता, पटना और राजस्थान उच्च न्यायालयों में न्यायिक दक्षता पर प्रभाव पड़ना तय है। गौरतलब है कि इन अदालतों में लगभग चार करोड़ मामले लंबित हैं।

अन्य देशों में न्यायिक नियुक्तियां : चुनिंदा देशों में राजनीतिक संस्थानों द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है। विभिन्न देशों में न्यायिक नियुक्तियों की प्रचलित व्यवस्था पर एक नजर डाल लेना ठीक रहेगा। इटली में संवैधानिक न्यायालय में नियुक्तियां राष्ट्रपति, विधायिका और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती हैं। वहां प्रत्येक इकाई को पांच न्यायाधीश नामित करने की अनुमति है। अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा (जीवन भर के लिए) नामित किया जाता है और फिर बहुमत से सीनेट द्वारा अनुमोदित किया जाता है। जर्मन संवैधानिक न्यायालय को संसद द्वारा नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक सदन को प्रत्येक न्यायालय सीनेट में चार नियुक्तियां मिलती हैं, एक सर्वोच्च मत (2/3) के साथ। स्वाभाविक रूप से यह एक पक्षपातपूर्ण न्यायपालिका को जन्म दे सकता है। इराक में सभी न्यायाधीश एक न्यायिक संस्थान के स्नातक हैं। वहां सभी आवेदकों को न्यायाधीशों के एक पैनल के साथ साक्षात्कार के अलावा लिखित और मौखिक परीक्षा से गुजरना पड़ता है। जापान में सर्वोच्च न्यायालय का सचिवालय निचले स्तर की न्यायिक नियुक्तियों के साथ उनके प्रशिक्षण और पदोन्नति को नियंत्रित करता है। हाल ही में, केंद्र ने न्यायिक नियुक्तियों को न्यायिक आयोग के माध्यम से संचालित करने पर जोर दिया है। हालांकि 16 अक्टूबर, 2015 को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी अधिनियम (2014) को 4:1 के बहुमत से रद्द कर चुका है।

अगस्त 2022 में सर्वोच्च न्यायालय में जजों की 34 में से तीन और उच्च न्यायालयों में 1,108 में से 381 रिक्तियां थीं। निचली अदालतों में 24,631 में से तकरीबन 5,342 सीटें खाली थीं, जो इसकी क्षमता का 20 फीसदी हैं। इस तरह की रिक्तियों में बहाली टलने से विशेष रूप से बॉम्बे, पंजाब और हरियाणा, कलकत्ता, पटना और राजस्थान उच्च न्यायालयों में न्यायिक दक्षता पर प्रभाव पड़ना तय है...

इन दिनों

वरूण गांधी

बोधि वृक्ष

सुनें कहानी श्री हनुमान की

(गतांक से आगे)

पहाड़ पर पहुंचने पर जब हनुमान को विशिष्ट जड़ी-बूटी नहीं मिल पाई तो उन्होंने पूरा पर्वत उठा लिया और वापस राम के लिए उड़ान भरी। रास्ते में श्री राम के भाई भरत को लगा के कोई आकाश मार्ग से विशाल काय दैत्य जा रहा है तो उन्होंने हनुमानजी पर बाण का प्रहार किया। लेकिन जब भरत को अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने हनुमानजी से क्षमा मांगी और तुरंत जड़ीबूटी लेकर वापस भेज दिया। जहा हनुमानजी ने लक्ष्मण का सफल इलाज करने वाले वैद्य सुशाइन को जड़ी-बूटी पहुंचा दी। युद्ध खत्म होने के बाद राम वापस अयोध्या चले गए और राजयभार सँभालने लगे ,जंगल में रहने के दौरान उनकी मदद करने वाले हर व्यक्ति को उपयुक्त रूप से पुरस्कारित किया गया, लेकिन श्री राम ने जानबूझकर हनुमानजी को पुरस्कारित नहीं किया। इसके बाद माता सीता ने अपनी कीमती पत्थरो से जुडी माला हनुमानजी को भेट की ,हनुमानजी ने उसे खुशी खुशी भेट स्वीकार कर ली। जिन्होंने बड़ी कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया। लेकिन कुछ समय बाद दरबारियों ने देखा कि हनुमानजी एक-एक करके अमूल्य पत्थरों को तोड़ रहे थे, दरबारियों ने यह हास्यास्पत कार्य का कारन पूछा। हनुमानजी ने कहा जिसमे राम नहीं हे ,वह चीज मेरे लिए बेकार है। (हालांकि यह इस भौतिकवादी दुनिया में अमूल्य हो सकता है।) उनके इस जवाब से चिढ़कर दरबारियों ने उनसे पूछा कि क्या राम उनके दिल में रहते हैं?

(क्रमशः)

बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन, जवाब दें फार्मा कंपनियां

बीते कुछ दिनों में दो खबरें आईं, जिससे भारत के फार्मा सेक्टर की छवि पर गहरा असर पड़ा है। पहले तो अफ्रीकी देश गाम्बिया में एक भारतीय फार्मा कंपनी का सिरप पीने के कारण 60 से अधिक शिशुओं का निधन हो गया। कहना न होगा कि उस घटना से देश के फार्मा सेक्टर की बड़ी बदनामी हुई है। हालांकि, सिरप बनाने वाली कंपनी का दावा है कि उसकी सिरप में कोई गड़बड़ नहीं थी। अब उज्बेकिस्तान ने भी आरोप लगाया कि भारत में बना कफ सिरप देने की वजह से उनके देश में भी 18 बच्चों की जान चली गई। इस मामले में हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने जांच में सहयोग करने की बात कही। वहीं, भारत सरकार ने भी उज्बेकिस्तान सरकार के आरोपों की जांच का फैसला किया है। उज्बेकिस्तान ने कहा नोएडा की एक फार्मा कंपनी में बना कफ सिरप पीने से उनके यहां बच्चों की जान चली गई है। उज्बेकिस्तान का दावा है कि कफ सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल है, जो कि विषैला पदार्थ होता है। इसके इस्तेमाल से उल्टी, बेहोशी, ऐंठन, किडनी फेलियर और दिल से जुड़ी समस्या हो सकती है। जब बच्चों को यह सिरप पिलाई गई तो एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। बेशक, ये दोनों मामले बहुत गंभीर और दुखद हैं। इनकी तह तक जाँच भी होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा भी मिलनी चाहिये। कहना न होगा कि भारत के संबंधित विभागों को सारे मामले की निष्पक्ष जांच करनी होगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उस पर कठोर एक्शन भी लेना होगा। इन घटनाओं पर लीपापोती नहीं की जा सकती। ये अक्षम्य अपराध है। भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं। हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं। किसी भी ईमानदार जांच से पता चल जायेगा कि हमारी अधिकतर फार्मा कंपनियां नई दवाओं को ईजाद करने में बहुत कम निवेश करती हैं। याद रखिये कि बड़ी कंपनी वही होती है जो नई-नई दवाओं को ईजाद करती है। किसी कंपनी की पहचान इसलिए नहीं होती कि उसका मुनाफा या निर्यात कितना है और कितना बढ़ रहा है। बड़ी कंपनी वही मानी जाती है जो अनुसंधान कर नई नई असरदार दवाएं मार्केट में लाये बहरहाल, बच्चों की मौतों के बाद उज्बेकिस्तान और भारत में जांच शुरू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश ड्रग कंट्रोलिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने एक जॉइंट इन्क्वायरी शुरू कर दी है। देखिये, भारत का मित्र है उज्बेकिस्तान। सोवियत संघ के विघटन के बाद से भारत- उज्बेकिस्तान के सम्बन्ध लगातार करीब आते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1993 में उज्बेकिस्तान की यात्रा की थी। उस दौरान, दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर हस्ताक्षर हुए साथ ही ताशकंद के विश्व आर्थिक और कूटनीति विश्वविद्यालय में इंडियन चेयर की घोषणा और ताशकंद में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की गयी। इसी प्रकार भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तो को मजबूती प्रदान करने के लिए 2006 में 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति करीमोव द्वारा 1994, 2000, 2005 व 2011 में भारत की यात्रा की गयी। उनकी 2011 में की गयी यात्राएं बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है क क्योंकि, भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सामरिक साझेदारी पर हस्ताक्षर हुए, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को गति देना था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में उज्बेकिस्तान की सफल यात्रा की। यानी भारत- उज्बेकिस्तान के संबंध लगातार मजबूत होते रहे। जिस तरह भारत का मित्र है उज्बेकिस्तान। उसी तरह से अफ्रीकी देश गाम्बिया भी भारत का मित्र देश है। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 2015 में गाम्बिया की यात्रा पर गये थे। उन्होंने वहां पर गाम्बिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि अफ्रीका का भविष्य का आर्थिक अनुमान और भारत का विकास दोनों ही एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। *(साभार)*

भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं। हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं।

फार्मा क्षेत्र की बात

आर.के.सिन्हा

फोटो की दुनिया

यह तस्वीर जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने पोस्ट की है।

ट्वीट-ट्वीट

Tejashwi Yadav @yadavtejashwi

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आदरणीय @MamataOfficial जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जीवन की मंगलकामना करता हूँ।

फेसबुक वॉल से

Anju sharma @Sharma... · 4h

सहमत है तो रिट्वीट करें 🙏🚩

twitter.com/i/spaces/1yNxa...

भारत में जैनों की संख्या 45 लाख नहीं..
बल्कि पूरी 110 करोड़ है।
हर हिन्दू जैन है और हर जैन हिन्दू है।
हम दो नहीं, एक हैं 🚩

क्या सावित्रीबाई फुले की विरासत भूल गया देश?

किसी भी समाज में व्यक्ति के संपूर्ण विकास की पहली और जरूरी शर्त शिक्षा होती है। शिक्षा किसी भी देश के सजग और समग्र विकास का मजबूत बेस होती है। हमारे देश में भी समावेशी शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले की गौरवमयी विरासत मौजूद है। आज यानी 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्म के 192 साल हो चुके हैं। सवाल है कि आज के हमारे पढ़े-लिखे सभ्य समाज ने अपनी इस विरासत का क्या किया? ढेरों संस्थाएं और सरकारें सावित्रीबाई की 200वीं जयंती का समारोह मनायेंगी। लेकिन उनके शैक्षणिक, साहित्यिक चेतना, सामाजिक और राजनीतिक विरासत को बचाने की न तो सुगबुगाहट है और न ही कोई इच्छाशक्ति दिखाई पड़ती है। ऐसा लगता है मानो उनकी क्रांतिकारी चेतना को जिंदा न रहने देने में ही वर्ग विशेष की भलाई है। जबकि शिक्षा को लेकर सावित्रीबाई की परिकल्पना बहुत गहरी, दूरदर्शी और समावेशी थी। शिक्षा से उनका तात्पर्य शोषण आधारित मानसिकता की जगह वैज्ञानिक आधार और मानवीय मूल्यों को सुनिश्चित करना था। आज जब शिक्षा के मौलिक अधिकार का दायरा बढ़ाने के लिए तरह-तरह के मंच, आयोग और समितियां संघर्ष कर रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि इसका डंका सावित्रीबाई फुले बहुत पहले ही बजा चुकी थीं। उनका मानना था कि क्रांतिकारी चेतना न हो तो समाज के बदलने का हर रास्ता बंद हो जाता है। 19वीं शताब्दी के भारत में जब महिला, खासकर शूद्र महिला के लिए पढ़ पाना एक सपना था, तब सावित्रीबाई फुले ने बहुसंख्यक शोषित-पीड़ित लोगों और महिलाओं को इसका सपना देखना और साकार करना सिखाया। जब भी सबाल्टर्न इतिहास लेखन की परंपरा की बात होगी तो फुले दंपती के योगदान को दरकिनार करना मुश्किल होगा। समाज के निम्न वर्गों, किसानों, गरीबों, शूद्रों, अतिशूद्रों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के अगुआ दस्ते के रूप में उन्होंने नया समाज बनाने का सपना देखना सिखाया। सावित्रीबाई फुले पहली असाधारण महिला पॉलिटिकल थिंकर भी थीं, जिन्होंने न्याय के सिद्धांतों को वास्तव में धरातल पर स्थापित करने का काम किया। उनकी इसी दूरदर्शिता के चलते 1852 में महिला सेवा मंडल नाम से महिलाओं का एक संघ बना। इस संगठन ने महिलाओं के बुनियादी अधिकारों और 'मन राइट्स के प्रति जागरूक किया। वह जाति और पितृसत्ता के गठजोड़ को उसकी संपूर्णता में समझती थीं, इसलिए उन्होंने महिलाओं के प्रति दोहरे मापदंड को तो उठाया ही, साथ ही यह पितृसत्ता से कैसे जुड़ा हुआ है उसको भी उजागर किया। उन्होंने विधवाओं के प्रति समाज की असंवेदनशीलता, शोषण और दमन के खिलाफ लोहा लिया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह का न केवल समर्थन किया बल्कि इसे एक आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने ऐसी महिलाओं और विधवाओं के बच्चों के लिए आश्रम खोले। उनके तथाकथित 'नाजायज' बच्चों को भी संरक्षण दिया। ऐसे बच्चों के लिए उन्होंने अनाथालय खोले और उनको सम्मान की जिंदगी दी। उन्होंने विधवा महिलाओं के बाल काटकर गंजे करने के खिलाफ नाई लोगों को संगठित कर इसके खिलाफ हड़ताल कराई। सावित्रीबाई फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ, जब बंगाल में राजा राम मोहन रॉय, दयानंद सरस्वती और ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे महान समाज सुधारकों ने लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया था। उनके सामाजिक सुधार कार्यक्रमों की गूंज महाराष्ट्र तक भी पहुंचने लगी थी। इसी कड़ी में ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख जैसे समाज सुधारक आगे आए। सावित्रीबाई फुले की जनचेतना और दूरदृष्टि हर मायने में उन तमाम सुधारकों से कहीं आगे थी। हमारे देश में समाज सुधारकों की लंबी विरासत होने बावजूद महिलाओं को ध्यान में नहीं रखा गया। आज भी किसी कमांडिंग पोजिशन पर उन्हें स्थापित करने में हिचकिचाहट होती है। स्कूल, विश्वविद्यालय और अदालतों में महिला प्रिंसिपल, कुलपति या जजों की संख्या बेहद कम है तो इसलिए क्योंकि हमारी पितृसत्तात्मक व्यवस्था को किसी महिला से कमांड लेने की आदत नहीं।

19वीं शताब्दी के भारत में जब महिला, खासकर शूद्र महिला के लिए पढ़ पाना एक सपना था, तब सावित्रीबाई फुले ने बहुसंख्यक शोषित-पीड़ित लोगों और महिलाओं को इसका सपना देखना और साकार करना सिखाया। जब भी सबाल्टर्न इतिहास लेखन की परंपरा की बात होगी तो फुले दंपती के योगदान को दरकिनार करना मुश्किल होगा...

आधी आबादी

चिंटू कुमारी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

सर्दियों में डायबिटीज के मरीज करें आंवले से परहेज

सर्दियां आते ही आंवले का सेवन में इजाफा होने लगता है। लोग इसे जमकर इस्तेमाल करते है क्योंकि इसमें भारी मात्रा में विटामिन सी पाई जाती है। यही नहीं अगर आपको हाजमें की शिकायत है तो इसके लिए भी आंवला काफी लाभदायक होता है। इन सब के अलावा आंवला आपकी स्किन को भी निखारता है और स्किन की समस्या को दूर करता है। लेकिन क्या आप जानते है कि आंवला सभी के लिए फायदेमंद नहीं होता है। कुछ लोग ऐसे होते है जो आंवला का सेवन करते है तो उन्हें समस्या हो सकती है। आंवला किन-किन लोगों के लिए नुकसानदेह हो सकता है और इसके सेवन से उन्हें समस्या हो सकती है।

सर्दी और जुकाम वाले लोग भी बनाए दूरी

जानकारों का कहना है कि जिन लोगों को सर्दी और जुकाम है, उन्हें आंवला नहीं खाना चाहिए। इसके पीछे का तर्क वे ये देते है कि आंवला का तासीर ठंडा होता है और सर्दी और जुकाम में इसका सेवन करने से आपकी समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए इसके सेवन से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

पेट में सूजन वाले लोग भी करे इससे परहेज

ऐसे में कई लोग ऐसे भी होते है जिनकी

पेट में सूजन होता है, इन लोगों को भी आंवला नहीं खाना चाहिए। वे जितना हो सके इससे दूरी बना लें ताकि इसका बुरा असर आप पर न पड़े।

किडनी की दिक्कत वाले मरीज भी बचें

जिन लोगों को किडनी की समस्या है, उन्हें भी आंवला को इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके इस्तेमाल से आपके बॉडी में सोडियम की मात्रा बढ़ सकती है जिससे आपको आगे जाकर दिक्कत हो सकती है।

लो ब्लड शुगर वाले लोग रहे दूर

जिन लोगों को लो ब्लड शुगर की समस्या है, उन्हें आंवला के सेवन से दूर रहना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके सेवन से आपकी सेहत बिगड़ सकती है। यही नहीं डायबिटीज के मरीजों को भी इससे दूर रहना चाहिए।

खाने-पीने की चीजों को फ्रेश रखने के लिए लोग फ्रिज में स्टोर किया जाता है, लेकिन सर्दियों में कुछ फूड्स को फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए। इससे उनकी तासीर बदल सकती है। तासीर बदलने से यह फूड बॉडी में जहर की तरह असर करते हैं। इसके अलावा यह हैल्थ के लिए भी नुकसानदायक हो सकते हैं।

टमाटर

एक्सपर्ट्स के अनुसार टमाटर को फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए। यदि आप इसे रखना चाहते हैं तो कमरे के तापमान में स्टोर कर सकते हैं। फ्रिज में रखने से टमाटर के स्वाद, बनावट और सुगंध में बदलाव होने लगता है। टमाटर पकने के बाद एथिलीन गैस छोड़ती है जो सब्जियों को तेजी से पकाती हैं।

एवोकाडो

एवोकाडो को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। इसमें फैटी एसिड काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। इसलिए एवोकाडो को फ्रिज में रखने से उसकी बाहरी परत सख्त होने लगती है और अंदरुनी भाग खराब होने लगता है। कच्चे एवोकाडो को फ्रिज में रखने से वह कच्चे ही रहेंगे और खराब हो जाएंगे जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

खीरा

एक शोध के अनुसार, यदि खीरे को 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे कुछ दिनों के लिए रखा जाए तो यह तेजी से सड़ने लगता है। खीरे को आप फ्रिज में न रखें बल्कि इसे आप नॉर्मल तापमान पर रखें। ज्यादा समय तक फ्रिज में रखने से खीरा आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

आलू

आलू को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए इसमें मौजूद स्टार्च शुगर में बदल जाता है जो शुगर मरीजों की ब्लड शुगर बढ़ा सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, आलू को फ्रिज में रखने की बजाय आप नॉर्मल तापमान पर रख सकते हैं।

लहसुन

लहसुन भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। आप इसे नॉर्मल टेमप्रेचर में स्टोर करके रख सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इससे लहुसन की तासीर नहीं बदलती और वह सेहत के लिए भी फायदेमंद रहता है।

कोरोना संक्रमित रहे युवकों की शुक्राणु गुणवत्ता प्रभावित होने से

फर्टिलिटी संबंधी समस्या

संक्रमित होकर ठीक हो चुके साठ वर्ष से ज्यादा उम्र वालों में हृदयाघात और मस्तिष्क में खून का थक्का बनने के मामले सामने आ रहे हैं।

कोरोना संक्रमण के पहले - दूसरे चरण के कहर से भारत में मौत का किस तरह तांडव हुआ, सबने देखा। श्मशान में दाह -संस्कार करने तक की जगह व लकड़ी आदि मिलनी मुश्किल हो गयी, तो लोग किस तरह अपने परिजनों के शव को न चाहते हुए भी गंगा, सरजू जैसे नदियों के तट पर बालू से ढक कर अंतिम संस्कार करने को मजबूर हुए यह भी सबने जाना। लेकिन कोरोना संक्रमण के चपेट में आने के बाद भी जो बच गये, उनमें आज भी उसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। संक्रमित होकर ठीक हो चुके साठ वर्ष से ज्यादा उम्र वालों में हृदयाघात और मस्तिष्क में खून का थक्का बनने के मामले सामने आ रहे हैं। जो युवक कोरोना संक्रमण की चपेट में आये थे। जिनको कोरोना संक्रमण हुआ था। उनके वीर्य की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ऐसे युवकों में फर्टिलिटी संबंधी समस्या आ रही है। एम्स पटना में कोरोना संक्रमित पुरुषों की वीर्य गुणवत्ता जांच व विश्लेषण से यह बात सामने आई है।



अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2021 के दौरान एम्स पटना में कोविड-19 उपचार के लिए भर्ती 19 से 43 वर्ष के 30 पुरुषों के वीर्य की गुणवत्ता का विश्लेषण किया गया था। पहला विश्लेषण संक्रमण के तुरंत बाद एकत्रित किए गए स्पर्म का किया गया। जबकि दूसरा विश्लेषण अढ़ाई महीने बाद एकत्र किए गए वीर्य का किया गया। अध्ययन के परिणाम से पता चलता है कि कोरोना से संक्रमित होने के बाद स्पर्म की गुणवत्ता पहले जैसी नहीं रही थी। स्पर्म में कोरोना वायरस के अंश नहीं पाए जाने के बाद भी गुणवत्ता पहले वाली नहीं थी। मालूम हो कि वीर्य की गुणवत्ता का विश्लेषण मुख्य रूप से तीन मानकों पर किया जाता है। पहला- शुक्राणु की संख्या, दूसरा - शुक्राणु का आकार, तीसरा - शुक्राणु की गति। क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि कोरोना संक्रमण के ठीक बाद जिन 30 पुरुषों के स्पर्म का सैंपल लिया गया। उनमें से 12 (40%) का स्पर्म काउंट कम था। अढ़ाई महीने बाद जब दूसरी बार सैंपल लिया गया 3 (10%) पुरुषों का स्पर्म काउंट कम था। इन पुरुषों में प्रति इजैक्युलेशन 39 मिलियन से कम स्पर्म की संख्या रही। कोविड-19 से संक्रमित जिन 30 पुरुषों का पहली बार सैंपल लिया गया उनमें से 10 (33%) में वीर्य की मात्रा कम पायी गयी थी। स्खलन के वक्त 1.5 से 5 मिली के बीच वीर्य का निकलना सामान्य है। लेकिन कोरोना संक्रमित 10 मरीजों में वीर्य 1.5 मिली से कम था। अध्ययन में शामिल 30 पुरुषों में से 26 के वीर्य का गाढ़ापन (थिकनेस)कम हो गयी थी। 29 का स्पर्म काउंट कम हो गया था। वहीं 22 में वीर्य की गति की समस्या भी देखी गयी थी। अढ़ाई माह बाद के सैंपल में स्थिति कुछ ठीक थी लेकिन वह परिणाम भी सामान्य के बहुत नजदीक नहीं था।

● आरपी सिंह

इन सीड्स में छिपा है सेहत का खजाना

जब भी सेहत की बात आती है तो ज्यादतर लोग सबसे पहले एक अच्छे डाइट प्लान का विकल्प चुनते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि इतना सारे हेल्दी फूड के ऑप्शन्स देख लोग ये नहीं समझ पाते कि किसे छोड़ें और किसे जोड़ें। जिसकी वजह से सेहत के लिए जरुरी चीजें पीछे रह जाती हैं। ऐसे में हम आपके लिए हैं ऐसे 5 बीज जो की सेहत से भरा पिटारा हैं। इन्हें आप अपनी डाइट में शामिल करके हेल्थ को बूस्ट कर सकते हैं।

सनफ्लॉवर सीड्स

सनफ्लॉवर या सूरजमुखी के बीज में विटामिन, मिनरल्स और कॉपर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन्हें खाने से हड्डियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है और हड्डियां मजबूत होती हैं। साथ ही, इन्हें खाने से चेहरे में भी निखार आता है। इसके अलावा, सनफ्लॉवर सीड्स में मौजूद मैग्नीशियम नसों को शांत रखने में मदद करता है। सनफ्लॉवर सीड्स का रोजाना सेवन आपको तनाव की परेशानी से दूर रख सकता है, आपकी त्वचा को यूवी किरणों से बचा सकता है और दिल की बीमारी के खतरे को भी कम कर सकता है।

पंपकिन सीड्स

पंपकिन सीड्स में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, मैग्निशियम, फाइबर और विटामिन के आपको डायबिटीज के खतरे से बचाने में माहिर हैं। साथही पंपकिन सीड्स के ये गुण आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को भी मजबूत बनाए रखते हैं। इसके अलावा, आयरन से भरपूर पंपकिन सीड्स आपके शरीर को एनर्जेटिक रखते हैं।

अलसी के बीज

इन्हें फ्लैक्स सीड्स भी कहा जाता है। ये एक ऐसा सुपरफूड है जिनमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी, मैग्निशियम, कैलशियम, कॉपर, आयरन, जिंक, पोटेशियम आदि मिनरल्स पाए जाते हैं। साथ ही, इसमें ओमेगा-3 ऐसिड भी मिलता है। इन बीजों को खाने से कैंसर, अर्थराइटिस, डायबिटीज, एसिडिटी, कब्ज, यहां तक कि हार्ट प्रॉब्लम्स से भी बचा जा सकता है।

तिल

सर्दियों में तिल का इस्तेमाल करना अच्छा होता है। तिल के अंदर प्रोटीन, कैल्शियम, बी-कॉम्पलेक्स और कॉबोर्हाइड्रेट्स पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें ओमेगा 6 फैटी एसिड भी पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है।

चिया सीड्स

चिया सीड्स ओमेगा 3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर होते हैं। इसलिए इन सीड्स को खाने का सबसे ज्यादा फायदा वजन घटाने का मिलता है।

ज्यादा मात्रा में काजू खाना पड़ सकता है भारी

काजू ड्राई फ्रूट्स के तौर पर बहुत ही पसंद किया जाता है, यह स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, मिनरल, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, सेलेनियम, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। काजू खाने से शरीर को ताकत मिलती है। लेकिन काजू का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए नहीं तो इसके शरीर को नुकसान भी हो सकते हैं।

बढ़ता है मोटापा

यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो काजू का सेवन कर सकते हैं। इसमें कैलोरी की मात्रा पाई जाती है जिसके कारण आपका वजन बढ़ सकता है।

पेट संबंधी समस्या

अपच, कब्ज जैसे समस्या होने पर आप ज्यादा मात्रा में काजू का सेवन न करें। इसमें पाया जाने वाला फाइबर आपकी समस्या बढ़ा सकता है।

सिरदर्द : यदि आपके सिर में दर्द है तो भी काजू का सेवन न करें। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व सिर दर्द और भी बढ़ा सकते हैं। इसलिए यदि आप सिरदर्द से परेशान हैं तो सीमित मात्रा में ही काजू खाएं।

किसी तरह की एलर्जी

यदि आपको काजू का सेवन करने से किसी भी तरह की एलर्जी होती है तो इसका सेवन न करें। खुजली, उल्टी जैसी समस्या होने पर भी आप इसका सेवन न करें, इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है। किसी भी तरह की एलर्जी में काजू का सेवन करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह जरुर ले लें।

ब्लड प्रेशर : हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को भी सीमित मात्रा में ही काजू खाना चाहिए। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ा सकते हैं। इसलिए यदि आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं तो सीमित मात्रा में ही काजू का सेवन करें।

एवोकाडो ही नहीं, इसका बीज भी है लाभकारी

एवोकाडो के बीज में साल्यूबल फाइबर और शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक होते हैं जो पेट फूलने को कम करने और टॉक्सिन्स को खत्म करने में मदद करते हैं। जिससे आपका डाइजेस्टिव सिस्टम सही तरह से काम करता है। पिछले कुछ समय से एवोकाडो का सेवन करना लोग बेहद पसंद करने लगे हैं। इसे सुपरफूड की कैटेगिरी में रखा जाता है। अमूमन लोग इससे सैंडविच बनाने से लेकर स्मूदी तक में इस्तेमाल करते हैं। एवोकाडो काफी महंगे होते हैं और ऐसे में सिर्फ एवोकाडो खाना और इसके बीज को फेंक देना उचित नहीं माना जाता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन एवोकाडो के बीज भी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होते हैं।

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के 2003 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि एवोकाडो, आम और अन्य ट्रॉपिकल फलों के बीजों में फल की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक एंटीऑक्सीडेंट मूल्य होता है, जिसे खाने पर शरीर में सेलुलर स्तर पर ऑक्सीडेटिव तनाव को रोकने में मदद मिल सकती है। एवोकाडो के बीजों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट सेल एजिंग को कम करने, सूजन से लड़ने और पूरे शरीर की कंडीशन में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

पोटेशियम का अच्छा स्रोत : कैलिफोर्निया एवोकाडो सोसाइटी द्वारा प्रकाशित एक लेख के हवाले से पता चलता है कि एवोकाडो के बीज इस फल का हिस्सा हैं जो पोटेशियम से भरपूर होता है। पोटेशियम शरीर से अतिरिक्त टॉक्सिन्स और तरल पदार्थों को निकालने में मदद करता है और यह मसल्स क्रैम्प्स को भी कम करता है।

फंगल इन्फेक्शन को रोकता है : साल 2009 में सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन द्वारा एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि एवोकाडो बीज फंगल बैक्टीरिया और कैंडिडा जैसे रोगजनकों को रोकने में मदद मिली। दिलचस्प बात यह है कि यह पीत ज्वर को रोकने में भी मदद करता है। अपने आहार में एवोकरडो के बीजों को शामिल करने से यीस्ट संक्रमण को कम करने और अपने पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया के संतुलन को बहाल करने में मदद मिल सकती है।

डाइजेस्टिव डिसऑर्डर को करे ठीक : एवोकाडो के बीज में साल्यूबल फाइबर और शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक होते हैं जो पेट फूलने को कम करने और टॉक्सिन्स को खत्म करने में मदद करते हैं। जिससे आपका डाइजेस्टिव सिस्टम सही तरह से काम करता है। इसके अलावा, एवोकाडो के बीज कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हृदय रोग को रोकने, ब्लड शुगर के असंतुलन को रोकने, सूजन को कम करने, अल्जाइमर को रोकने और स्किन कंडीशन को सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं।

कैसे खाएं एवोकाडो के बीज : एवोकाडो के बीज के सेवन के लिए पहले इसे सुखाकर, काटकर और ब्लेंड करें। हालांकि, सुखाने की प्रक्रिया उनकी एंटीऑक्सीडेंट सामग्री को काफी कम कर सकती है।

● मिताली जैन

आज का राशिफल

मेष राशि : अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में व्यस्तता बढ़ सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से परिपूर्ण तो रहेंगे।

वृष राशि : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आत्मसंयत रहें।

मिथुन राशि : कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के परिवर्तन में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

कर्क राशि : लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव हो सकते हैं।

सिंह राशि : माता का साथ मिलेगा। नौकरी और कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहने का प्रयास करें।

कन्या राशि : मन शान्त रहेगा। आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

तुला राशि : कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक राशि : खर्चों में वृद्धि होगी। पिता का सानिध्य मिल सकता है। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन अशान्त हो सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु राशि : अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

मकर राशि : क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

कुंभ राशि : माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन राशि : दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कारोबार का दायरा बढ़ेगा। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। परिवार में मतभेद से बचें। किसी मित्र से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

शाह ने जोशी को दी जन्मदिन की बधाई

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की बधाई दी। शाह ने ट्विटर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा : वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनका संघर्ष एवं शिक्षा मंत्री रहते हुए शिक्षा क्रांति लाने में उनके निस्वार्थ एवं समर्पित भाव से किए कार्य अविस्मरणीय हैं।

विप्लव देव पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप

अगरतला। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद विप्लव कुमार देव पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले मंगलवार को गोमती जिले के अपने पैतृक गांव जामजुरी इलाके में हिंसा में शामिल होने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगा है। विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के अलावा देव के खिलाफ अपने पैतृक घर पर हमले के झूठे आरोप लगाने और स्थानीय मुस्लिम द्वारा भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को एक संत के वाहन में तोड़फोड़ करने के लिए शिकायत दर्ज की है।

27वीं सिंधु दर्शन उत्सव 23 जून से

अजमेर। 27वीं सिंधु दर्शन यात्रा के तहत सिंधु दर्शन उत्सव लेह लद्दाख में 23 से 27 जून 2023 तक आयोजित किया जाएगा। राजस्थान में अजमेर से प्रदेश प्रभारी महेन्द्र कुमार तीथार्णी ने बताया कि सिंधु दर्शन यात्रा समिति की अखिल भारतीय तैयारी बैठक कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 16 जनवरी 2023 को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुरलीधर माखीजा तथा यात्रा के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार करेंगे।

सब्जी में मांस का टुकड़ा मिला, दो लोगों की सेवाएं समाप्त

रायसेन (मप्र)। रायसेन में संचालित एक आंगनवाड़ी केंद्र में सब्जी के अंदर मांस का टुकड़ा मिलने के मामले में दो लोगों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। महिमा बाल विकास अधिकारी दीपक संकत ने बताया कि इस मामले में कलेक्टर के आदेश के बाद जांच कराई गई थी। मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तरन्नुम खान और सहायिका सुषमा यादव की सेवाएं समाप्त कर दी गई है, जबकि सुपरवाइजर सुनीता रजक को निलंबित कर दिया गया है।

मुंबई में 25वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, एक की मौत

मुंबई। मुंबई में 25वी मंजिल से लिफ्ट टूटकर गिर गई। हादसे में 20 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना विक्रोली में स्थित सिद्धिविनायक सोसाइटी में दोपहर को हुई। लिफ्ट में चार लोग थे, जैसे ही लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर गिरी वहां मौजूद लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोला। इसके बाद तीन लोग घायल स्थिति में लिफ्ट से बाहर आए, लेकिन 20 साल का युवक लिफ्ट में ही फंसा रहा। जिससे उसकी मौत हो गई।

जल संरक्षण के प्रयासों में जनता को जोड़ना होगा अहम : पीएम मोदी

'वाटर विजन @ 2047' को पीएम ने किया वर्चुअली संबोधित

राज्यों के नियंत्रण में है संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय

एजेंसी। भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता और सामाजिक संगठनों को साथ लाना होगा, क्योंकि किसी भी अभियान में जनता के जुड़ने से उसमें अभियान के प्रति 'सेंस ऑफ ओनरशिप' आती है। गुरुवार को मोदी यहां आयोजित प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल मंत्रियों का सम्मेलन अहम है। संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में हैं। राज्यों के प्रयास सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक साबित होंगे। किसी भी कार्य में सरकार के अकेले प्रयास से सफलता नहीं आती। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में भी जनता, सामाजिक संगठन और सिविल सोसाइटी को जोड़ना होगा। जनभागीदारी का एक और पक्ष भी है। कुछ लोग सोचते हैं कि जनभागीदारी से सरकार की जिम्मेदारी कम हो जाती है। पर ऐसा नहीं है। जनभागीदारी का बड़ा लाभ ये है कि जनता को भी पूरी प्रक्रिया में लगी मेहनत पता चलती है। अभियान में जनता जुड़ती है तो नागरिकों में 'सेंस ऑफ ओनरशिप' भी आती है, जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत अभियान' इसका बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी अभियान की तरह अब जल संरक्षण के प्रति भी जनभागीदारी की सोच जनता में जगानी है। जलजागरुकता महोत्सव आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही स्थानीय मेलों में पानी की जागरुकता के लिए कई प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने इस कार्य से नई पीढ़ी को जोड़ने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा कि इंडस्ट्री और खेती दोनों ही क्षेत्रों को पानी की आवश्यकता होती है। इन दोनों ही क्षेत्रों से जुड़े लोगों में विशेष अभियान चलाकर जल सुरक्षा के प्रति जागरुकता लानी होगी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सभी राज्यों में काम हो रहा है। जल संरक्षण के लिए केंद्र ने अटल भूजल संरक्षण योजना शुरू की है। इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। नदियां और अन्य जलस्रोत जल पारिस्थितिकी तंत्र का सबसे अहम हिस्सा हैं। ये बाहरी कारकों से प्रदूषित न हों, इसके लिए हर राज्य को कार्य करना होगा।

मध्यप्रदेश की जल नीति शीघ्र आएगी : शिवराज

एजेंसी। भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि जल संरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार बेहद गंभीर है और इससे जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित राज्य की जल नीति शीघ्र ही सामने आ जाएगी। चौहान यहां प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने जल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया और कहा कि सरकार जल नीति भी बना रही है। इसमें जल संरक्षण और इससे जुड़े विभिन्न आयामों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जल नीति सार्वजनिक कर दी जाएगी। जल संरक्षण के लिए वृक्षों को बचाने और पर्यावरण की रक्षा की जरूरत भी है। ये आपस में जुड़े हुए हैं। वे स्वयं प्रतिदिन पौधों का रोपण पिछले दो वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के मंत्रियों को आमंत्रण दिया कि वे भी कल यहां उनके साथ पौधारोपण करें। चौहान ने कहा कि जल संरक्षण हमारी संस्कृति में शामिल रहा है लेकिन पिछले कुछ दशकों से जल और वृक्ष संपदा का अंधाधुंध दोहन हुआ। इस वजह से पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है। अनेक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य हुए और अब स्थितियां फिर बदल रही हैं। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण और आने वाले समय में शहरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की चुनौती है।

तुर्की अंतर्राष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी

अंकारा। तुर्की के ऊर्जा मंत्री फतह डोनमेज ने कहा है कि तुर्की ने गैस के बुनियादी ढांचे को खोलने के लिए फरवरी में अंतरराष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना बनाई है। सीएनएल तुर्क की रिपोर्ट के मुताबिक श्री डोनमेज ने कहा उन्होंने बाल्कन देश के वित्त मंत्री को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है। श्री डोनमेज ने उत्तर मैसेडोनिया की यात्रा के दौरान यह बातें कही हैं। तुर्की अपने अपेक्षित निर्णय के साथ इस वर्ष गैस व्यापार केंद्र बनने के लिए रूस की पेशकश पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि तुर्की ने पिछले साल के अंत में अपने काला सागर तट से एक नए गैस भंडार की खोज की है।

अमेरिका के एक घर में पांच बच्चों सहित आठ की हत्या

एजेंसी। वाशिंगटन

उत्तरी अमेरिकी के उटाह प्रांत में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। यहां गोली मारकर पांच बच्चों सहित आठ लोगों की हत्या कर दी गयी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि उटा के ग्रामीण इलाके में एक घर के भीतर आठ लोगों के शव बरामद हुए हैं, जिनकी गोली मारकर हत्या की गई है। अमेरिकी जांच अधिकारियों ने गोलबारी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

पुलिस के मुताबिक, उटाह के 8000 की आबादी वाले कस्बे में यह वारदात हुई है। गोलीबारी किसने की और क्यों चलाई, इस बारे में पुलिस अभी जांच कर रही है। अधिकारियों ने जांच के दौरान एक घर के अंदर तीन वयस्कों और पांच नाबालिगों को मृत पाया। उन्होंने बताया कि मृतकों के शरीर पर गोली के निशान दिखाई दिए। इस घटना से संबंधित मामले की जांच जारी है।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग का रेड अलर्ट

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। वहीं, मौसम विभाग ने सात जनवरी तक शीतलहर चलने पर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से चल रही बर्फीली हवाओं की वजह से आज लोधी रोड़ पर न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कई पर्वतीय क्षेत्रों से नीचे रहा। इस तरह दिल्ली में गुरुवार को सुबह सीजन

की सबसे सर्द सुबह रही और राजधानीवासियों को हाड़ कंपाने वाली सर्दी से दो-चार होना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग का कहना है कि भारत के उत्तर- पश्चिमी और मध्य एवं पूर्वी भारत में अगले दो-तीन दिनों में अत्यधिक घना कोहरा छा सकता है। दिल्ली के पालम में यह 25 मीटर तो सफदरजंग में 50 मीटर की दृश्यता रिकॉर्ड की गयी है। ठंड के मद्देनजर दिल्ली एयरपोर्ट ने सभी यात्रियों को भी अलर्ट कर दिया है। हवाई अड्डा अधिकारियों का कहना है कि अभी तो सभी उड़ानें सुचारू रूप से चल रही हैं, लेकिन आने वाले समय में दृश्यता कम होने के कारण उड़ानों में देरी हो सकती है।

साल 2023 में समाप्त हो सकती है कोरोना महामारी : घेब्रेयसस

एजेंसी। जिनेवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने उम्मीद जताई है कि कोविड-19 महामारी 2023 में समाप्त हो जाएगी। श्री टेड्रोस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा : कोविड-19 निस्संदेह अभी भी चर्चा का एक प्रमुख विषय है, लेकिन मुझे विश्वास है और उम्मीद है कि सही प्रयासों से इस साल यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नैदानिक देखभाल, टीकों और उपचारों में सुधार के कारण दुनिया अब कुछ साल पहले की तुलना में काफी बेहतर स्थित में है। उन्होंने कहा कि परीक्षण, उपचार और टीकाकरण तक पहुंच में अभी भी काफी असमानताएं हैं और अंततः कोरोना मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समाज के लिए बड़े पैमाने पर एक खतरनाक वायरस बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस का पहला मामला चीन के वुहान में दिसंबर 2019 में दर्ज किया गया था।

चीन में कोरोना की स्थिति को लेकर बाइडेन चिंतित

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस बात को लेकर 'चिंतित' हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से कैसे निपट रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रशासन की नई नीति को दोहराया कि चीन से अमेरिका आनेवाले सभी यात्रियों का परीक्षण किया जाना चाहिए। श्री बाइडेन से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब पूछा गया कि क्या वह इस बात से चिंतित हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 से कैसे निपट रहे हैं, तो उन्होंने कहा, हां...मैं चिंतित हूं। उन्होंने कहा : मुझे लगता है कि हमें अभी उस प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि यदि आप चीन से उड़ान भर रहे हैं, तो आपको परीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि चीनी अधिकारी बहुत संवेदनशील हैं।

उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

कोर्ट ने कहा, 50 हजार लोगों को रातों-रात उजाड़ नहीं सकते

एजेंसी। हल्द्वानी

हल्द्वानी में रेलवे की जमीन से 50 हजार लोगों को हटाए जाने से जुड़े केस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इस केस की अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी। हल्द्वानी में रेलवे की जमीन से 50 हजार लोगों को हटाए जाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इतने सारे लोग लंबे समय से वहां रह रहे हैं। उनका पुनर्वास तो जरूरी है। 7 दिन में ये लोग जमीन कैसे खाली करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा- 50 हजार लोगों को रातों-रात नहीं उजाड़ सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब उस जमीन पर कोई कंस्ट्रक्शन और डेवलपमेंट नहीं होगा। हमने इस पूरी प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई है। केवल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है। इस केस की अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को गिराने का आदेश दिया था। वहां करीब 4 हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वो रेलवे की जमीन है। रेलवे विभाग का हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा चल रहा था। हमने पहले ही कहा है कि जो भी कोर्ट का आदेश होगा, हम उसके अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।

पठान के कई दृश्यों पर चलेगी कैंची

एजेंसी। मुंबई

सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म पठान में कई परिवर्तन करने के सुझाव दिए थे। इनमें विवादित गाना बेशरम रंग में भी बदलाव शामिल है। डायलॉग में परिवर्तन से लेकर कई सीन को सेंसर किए जाने तक सीबीएफसी ने पठान में 10 से ज्यादा कट लगाने के लिए कहा था। वहीं, बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, 'रॉ' शब्द को 'हमारे' से रिप्लेस किया गया है जबकि 'लंगड़े लुल्ले' की जगह 'टूटे फूटे', 'पीएम' की जगह 'राष्ट्रपति या मंत्री' और 13 जगहों से 'पीएमओ' शब्द हटा दिया गया है। 'अशोक चक्र' को 'वीर पुरस्कार', 'पूर्व-केजीबी' को 'पूर्व-एसबीयू' और 'मिसेज भारतमाता' को 'हमारी भारतमाता' से बदल दिया गया। स्कॉच शब्द को 'ड्रिंक' से बदल दिया गया था, जबकि फिल्म में दिखाई देने वाले टेक्स्ट 'ब्लैक प्रिजन, रूस' को 'ब्लैक प्रिजन' से रिप्लेस किया गया है।

फिल्म गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता व सांसद सन्नी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आनेवाली फिल्म गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही सन्नी देओल की फिल्म 'गदर-2' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। इसमें सन्नी देओल एक भारी से बैलगाड़ी का पहिया उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस लुक में सन्नी अपने पुराने अवतार में नजर आ रहे हैं। सन्नी देओल ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' में सिख तारा सिंह की भूमिका निभाई थी जिसे एक पाकिस्तानी मुस्लिम लड़की सकीना से प्यार हो जाता है। उत्कर्ष शर्मा, जिन्होंने फिल्म गदर में सनी और अमीषा के बेटे जीते की भूमिका निभाई थी, अगली कड़ी में भी अपनी भूमिका दोहराते हुए नजर आएंगे।

सुरक्षा अटलांटिक महासागर में रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस 'गोर्शकोव' भेजा

हमारे हथियार बाहरी खतरों से रक्षा करेंगे : पुतिन

एजेंसी। मॉस्को

रूस ने अटलांटिक महासागर में एक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस लड़ाकू जहाज 'गोर्शकोव' भेजा है। इसे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए पुतिन के संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और लड़ाकू जहाज के कमांडर के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी है। पुतिन ने कहा : जहाज में जिरकोन हाइपरसोनिक हथियार फिट किए गए हैं। मुझे उम्मीद है की ये ताकतवर हथियार बाहरी खतरों से रूस की रक्षा करेंगे। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने बताया कि 'गोर्शकोव' अटलांटिक महासागर के बाद हिंद महासागर और भूमध्य सागर से भी गुजरेगा।

जिरकोन मिसाइलें बनाने के लिए कई देशों में रेस : रूस के अलावा चीन और अमेरिका भी इस तरह की हाइपरसोनिक मिसाइलें बनाने की दौड़ में हैं। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, साउथ कोरिया, नॉर्थ कोरिया और जापान भी इन्हें बनाने के लिए अपना हाथ आजमा रहे हैं। अमेरिका के मुताबिक रूस की ये मिसाइलें इस तरह से डिजाइन की गई हैं कि इनमें परमाणु हथियार भी लगाए जा सकते हैं। वहीं, भारत 15 दिसम्बर को देश की सबसे ताकतवर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 के नाइट ट्रायल का सफल परीक्षण किया है। मिसाइल को ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से पहली बार पूरी रेंज में दागा गया है। इसने 5500 किलोमीटर दूर जाकर निशाने को सफलतापूर्वक तबाह किया। रूस लगातार अमेरिका के मिसाइल सिस्टम को भेदने के लिए अपने हथियारों को एडवांस कर रहा है। पुतिन का कहना है कि अमेरिका उनकी न्यूक्लियर मिसाइलों पर हमला कर सकता है। जिसके लिए रूस को सचेत रहना होगा।

जिरकोन मिसाइल की खासियत

- समुद्र और जमीन पर खतरनाक और सटीक हमला करने में माहिर है।
- हाइपरसोनिक मिसाइलें किसी भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती हैं।
- ये स्पीड ऑफ साउंड से 9 गुना ज्यादा तेज हैं।
- 1000 किलोमीटर की दूरी आसानी से तय कर सकती हैं।

NEWS इन ब्रीफ

अभियान चलाकर खिलायी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

रांची। राज्य के 17 जिलों में 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर एनएचएम, मुख्यालय, नामकुम में गुरुवार को संबंधित जिलों के वेक्टर बोर्न डिजीज (वीबीडी) पदाधिकारी, सलाहकार, कार्यक्रम समन्वयक एवं एफएलए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर बोर्न डिजीज, डॉ अनिल कुमार ने कहा कि 10 से 25 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक दवा प्रशासक अपने सामने ही लोगों को खिलाना सुनिश्चित करेंगे।

द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग संपन्न

रांची। राज्य के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग गुरुवार को संपन्न हो गई। इस प्रकार प्रथम और द्वितीय चरण की काउंसिलिंग को मिलाकर कुल 18 हजार अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए। सेकंड राउंड की काउंसिलिंग का परिणाम शुक्रवार शाम पांच बजे जारी किया जाएगा। दूसरे राउंड में चयनित हुए अभ्यर्थी 7 से 12 जनवरी तक नामांकन ले सकेंगे। इसे संबंधित विस्तृत जानकारी बीएड काउंसिलिंग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

भगवान बिरसा जैविक उद्यान का बीरू नामक शेर तीन दिन से बीमार

रांची। भगवान बिरसा जैविक उद्यान का बीरू नामक शेर तीन दिनों से बीमार है। बीरू की उम्र लगभग 14 से 15 वर्ष है उसे किडनी और लीवर में संक्रमण है। कांके वेटनरी कॉलेज के मेडिसिन के एचओडी डॉ अभिषेक और जू के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू उसका इलाज कर रहे हैं। एक माह पहले भी बीरू बीमार था, बीरू खाना कम खा रहा है। जांच के लिए सैंपल लेकर लैब भेजा गया है। जू में वर्तमान में दो शेर और दो शेरनी हैं। शेर बीरू के अलावा शशांक, जया और प्रियंका नामक शेरनी हैं।

अपनी मांगों को लेकर 21 को राजभवन घेरेंगे शिक्षक

रांची। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की ऑनलाइन बैठक गुरुवार को साबिर अहमद की अध्यक्षता में हुई। संचालन करते हुए केंद्रीय महासचिव अमीन ने बताया कि 21 जनवरी को झारखंड प्रदेश शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विभिन्न मांगों के समर्थन में राजभवन के समक्ष धरना दिया जाएगा। इसमें झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ भी शामिल है। धरना को लेकर सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी तैयारियों से अवगत कराया। अमीन अहमद ने बताया कि झारखंड प्रदेश शिक्षक संयुक्त मोर्चा की मांगों के साथ उर्दू शिक्षक संघ की ओर से तीन प्रमुख मांगों को भी शामिल किया जाएगा।

2023 के तहत मतदाताओं की संख्या में 2.7 प्रतिशत हुई वृद्धि दर्ज

जनवरी के अंत तक मिलेगा नया वोटर कार्ड

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में अब मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 45 लाख 29 हजार 841 हो गई है। 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाताओं की संख्या में कुल 2.7 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले प्रारूप प्रकाशन के समय राज्य में मतदाओं की कुल संख्या 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 481 थी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्यभर में चले विशेष ड्राइव में कुल 5 लाख 40 हजार 360 नये मतदाता बने हैं, जिसमें करीब 96.28 प्रतिशत आवेदन ऑनलाईन प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत तक इन नये मतदाताओं को नया

वोटर कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, सेक्टर 2,धुर्वा स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को फोकास किया गया था। पुनरीक्षण के पहले 18-19 आयु वर्ग के कुल 1,69,018 मतदाता थे जबकि अंतिम प्रारुप प्रकाशन में 18-19 आयु वर्ग के 4,33,774 मतदाता हो गये हैं। इस प्रकार पुनरीक्षण अवधि में इस आयु वर्ग के मतदाताओं में 156 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुये 2,64,756 नये युवा मतदाता बने हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि कुल नये मतदाताओं की बात करें, तो पुरुष मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 2,37,872 है, जो लगभग 1.92 प्रतिशत है और महिला मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 3,02,406 है, जो लगभग 2.60 प्रतिशत है । वहीं पुनरीक्षण में मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 946 हो गया है। राज्य में प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन के आलोक में 18+ आयु वर्ग के नागरिकों का अनुपात 63.06 है। एढ अनुपात मतदाता जनसंख्या अनुपात के बारे में दशार्ता है, जो कि 18+ की जनसंख्या पर आधारित है। जनवरी 2023 तक अनुमानित जनसंख्या के आधार पर आदर्श ईपी अनुपात 63.06 है। जबकि पुनरीक्षण के पश्चात झारखण्ड का ईपी अनुपात 59.15 हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से राज्य की मतदाता सूची में कुल 9,66,314 फोटो एक जैसे मिले हैं। साथ ही वर्तमान में कुल 19,397 डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री विद्यमान हैं, जिसे सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुये इसकी जांच एवं सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये इलेक्ट्रल लिट्रेसी क्लब स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन स्थल को बदलने में केंद्र सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में धार्मिक स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल के रूप में सूचीबद्ध किए जाने के खिलाफ जैन समुदाय के विरोध के बाद कांग्रेस ने कहा है कि इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है, जिसने इसे पर्यटन स्थल में बदल दिया। कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष पवन खेड़ा और पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की पिछली भाजपा सरकार और मोदी सरकार ने संयुक्त रूप से गिरिडीह को 20 जैन तीर्थंकरों की 'निर्वाण भूमि' (मोक्ष स्थल) घोषित किया और जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल - 'सम्मेद शिखरजी और पारसनाथ पहाड़ी को एक पर्यटन स्थल में बदलने का फैसला किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी सम्मेद शिखरजी, पालिताना की शत्रुंजय पहाड़ियों, गिरनार पर्वत जैसे जैन धर्म के पवित्र तीर्थस्थलों को सरकारी खजाने को भरने का माध्यम बनाना चाहती है। खेड़ा ने कहा, कांग्रेस पार्टी भारत के संविधान के तहत सभी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, जैन धर्म, 2,500 साल पुराना धर्म, हालांकि जनसंख्या में छोटा है, लेकिन इसने भारत की आर्थिक प्रगति में बहुत योगदान दिया है। ऐसा कहा जाता है कि जैन समुदाय के सिद्धांतों ने महात्मा गांधी की अहिंसा और सत्याग्रह को प्रेरित किया। आज भाजपा -आरएसएस ने उनके साथ विश्वासघात किया है और उनकी भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। कई शहरों में लाखों लोग शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इको सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) घोषित करने का मतलब यह नहीं है कि वहां पर्यटन क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता।

जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने फैलोशिप की राशि दोगुना की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देश के बेहतरीन बिजनेस स्कूलों में से एक जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट अब केवल पढ़ाई ही नहीं कराएगा बल्कि पढ़ाई के साथ फैलोशिप के पैसे भी देगा। अब फैलोशिप की यह राशि 50 हजार रुपये तक कर दी गयी है। संस्थान की ओर से इसकी घोषणा भी कर दी गयी है। इससे संबंधित नोटिस भी जारी कर दिया गया है। संस्थान ने इसे स्टूडेंट्स के लिए नये साल का तोहफा बताया है। संस्थान ने पहले और दूसरे साल के फैलोशिप की राशि को बढ़ाया है। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को नये साल का तोहफा दिया है। एक्सएलआरआइ से फुल टाइम रेजिडेंशियल डॉक्टरल प्रोग्राम कर रहे स्टूडेंट्स को यह लाभ मिलेगा।

संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरल प्रोग्राम करने वाले स्टूडेंट्स को 50 हजार रुपये का फैलोशिप दिया जायेगा। संस्थान ने एफपीएम में फुल टाइम डॉक्टरल रेसिडेंशियल का कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को इसका लाभ देने की घोषणा की है। अब तक इस कोर्स के पहले साल के स्टूडेंट्स को जहां हर महीने 20,000 रुपये दिये जाते थे, वहीं इसे बढ़ा कर प्रतिमाह 45,000 रुपये कर दिया गया है। वहीं, दूसरे साल में सभी छात्रों को प्रतिमाह 25,000 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ा कर 50,000 रुपये कर दिया गया है। संस्थान के मुताबिक एक एफपीएम स्कॉलर को फेलोशिप के साथ आकस्मिक अनुदान दिया जाएगा। चार साल के लिए प्रति वर्ष 30,000 का कंटीजेंसी ग्रांट भी मिलेगा। वहीं चार साल तक सफलता पूर्वक सीक्यूई पूरा होने और एफपीएम चेयर की पूर्व स्वीकृति के साथ विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लेने के लिए 2।5 लाख रुपये भी मिलेंगे।

रिम्स में ट्रॉलीमैन व सुरक्षा गार्ड की हड़ताल से मरीजों को परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में सिक्योरिटी गार्ड और ट्रॉलीमैन की हड़ताल के कारण चिकित्सा व्यवस्था पटरी से उतर गई है। इस हॉस्पिटल में हर रोज ढाई से तीन हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गंभीर मरीजों को ट्रॉली, स्ट्रेचर पर वार्ड, डॉक्टर्स और आवश्यक टेस्ट के लिए अलग-अलग डिपार्टमेंट में पहुंचाने की जिम्मेदारी ट्रॉली मैन पर होती है। बुधवार से चल रही इनकी हड़ताल से मरीजों की जान पर बन आई है। पिछले 24 घंटों के अंदर समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण तीन गंभीर मरीजों ने एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। इन मरीजों को सही वक्त पर वार्ड या डॉक्टर के पास पहुंचा दिया जाता तो उनकी जान बच सकती थी। रिम्स में सिक्योरिटी गार्डों और ट्रॉलीमैन की संख्या 378 है। इन्हें पिछले चार-पांच महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इस बीच इन्हें हॉस्पिटल से हटाए जाने की सूचना दी गई है। इससे नाराज होकर इन्होंने बुधवार से हड़ताल शुरू कर दी है। इस वजह से चिकित्सा व्यवस्था इस तरह बेपटरी हुई है कि पिछले दो दिनों में लगभग पांच सौ मरीजों को रिम्स से इलाज के बगैर वापस लौटना पड़ा या प्राइवेट हॉस्पिटल में दाखिल होना पड़ा है। मरीजों के परिजन खुद से ट्राली खींच रहे हैं। जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। सही जगह पर पहुंचने में उन्हें काफी समय लग रहा है। रिम्स में तीन शिफ्टों में 70 ट्रालीमैन को ड्यूटी में लगाया गया था। अभी इनमें से एक भी ट्रालीमैन ड्यूटी में नहीं है। इस बीच गुरुवार को हड़ताली सिक्योरिटी गार्डों के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स गवर्निंग बॉडी के प्रेसिडेंट बन्ना गुप्ता से मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद 10 जनवरी तक मामले के समाधान का आश्वासन दिया है।

झारखंड आर्म्ड फोर्स ने मनाया अपना 143वां स्थापना दिवस

रांची। नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेना हो या फिर झारखंड के माननीयों की सुरक्षा की जिम्मेवारी। यह कार्य कई दशकों से झारखंड आर्म्ड फोर्स के जवान पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। वीआईपी सुरक्षा को लेकर सबसे विश्वसनीय फोर्स माने जाने वाले झारखंड आर्म्ड फोर्स वन अपना 143वां स्थापना दिवस मनाया गया। जैप ग्राउंड में स्थापना दिवस समारोह बड़े भव्य तरीके से मनाया गया है। शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देकर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समारोह के मुख्य अतिथि जैप के अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत सिंह ने गोरखा बटालियन के गौरवशाली इतिहास को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जैप वन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। बटालियन के वीर जवानों ने हमेशा अपनी शहादत देखकर जैप वन का नाम बुलंद किया है।

पृष्ठ एक के शेष

सीएम हेमंत की पहल ...
लिए प्रतिबद्ध है।

सरयू राय ने अधिसूचना वापस लेने का किया था आग्रह
जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने फेसबुक पर लिखा कि यह फैसला कब हुआ और किसने किया इस पर ध्यान न देकर बल्कि इसे ओझल कर सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करनेवाली अधिसूचना वापस करनी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्श्वनाथ क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित कर एक अच्छा काम करना चाहिए। सरयू राय ने लिखा... बीती ताहि बिसारिये और जब हुई भूल तब उस भूल के परिप्रेक्ष्य में पूर्व के निर्णय को सुधार नए सिरे से नीतिगत निर्णय लें।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वन व...
सम्मेद शिखर पौराणिक काल से जैन समुदाय का विश्व प्रसिद्ध पवित्र एवं पूजनीय तीर्थ स्थल है। मान्यता के अनुसार इस स्थान पर जैन धर्म के कुल 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों द्वारा निर्वाण प्राप्त किया गया है। इस स्थल के जैन धार्मिक महत्व के कारण भारत एवं विश्व के कोने-कोने से जैन धर्मावलंबी यहां तीर्थ करने आते हैं।
जैन समाज ने जताया आभार : जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने पर जैन समुदाय ने आभार जताया है। झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, प्रमुख संयोजक तीर्थराज शिखर जैन समिति एवं अध्यक्ष शिखर संस्कार एमपी अजमेरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कि हम समस्त जैन समाज तहे दिल से सम्मान प्रकट करते हैं। इन सभी के पावन प्रयासों से विश्व विख्यात परम पावन तीर्थ सम्मेद शिखरजी की पवित्रता सदैव बरकरार रहे तथा पारसनाथ क्षेत्र में सर्वत्र नशा मुक्त एवं पवित्रता बनी रहे। इसके लिये विश्व का संपूर्ण जैन समाज सदैव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

योजनाएं कागजों-फाइलों में नहीं...
से लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ योजनाओं से जोड़ा गया। अब फिर से शिविर लगाए जाएंगे ताकि जो भी वंचित हैं उन्हें उनका हक और अधिकार हम दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने का काम सरकार कर रही है।

ग्रामीणों को आर्थिक रूप से बना रहे स्वावलंबी
मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी तमाम योजनाएं शुरू की गई हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को जोड़ने के लिए भी जागरूक करें। इससे आप आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण क्षेत्र भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो कृषि के लिए नीति निर्धारण हो रहा है, उसका नतीजा है कि किसान खेती-बाड़ी छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर हैं। अगर किसान फसल नहीं उगाएगा तो जीविका कैसे चलेगी। ऐसे में किसानों की समस्याओं का समाधान और उनके हित में योजनाओं को बनाने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार का संकल्प किसानों को खेतों से जोड़ना है।

गांवों में दवाओं की नहीं होगी किल्लत, सरकार कर रही व्यवस्था
मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की किल्लत नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार जल्द करने जा रही है। अब हर गांव में जेनेरिक दवाएं की व्यवस्था होगी। इसके लिए गांव के ही पढ़े-लिखे नौजवानों को दवा दुकान खोलने की इजाजत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में जरूरी दवाओं की उपलब्धता करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि इमरजेंसी में किसी बीमार को दवा का अभाव नहीं हो।

लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण, कई योजनाओं का शिलान्यास
मुख्यमंत्री ने इस मौके पर यूनिवर्सल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। उन्होंने जेएसएलपीएस की सखी मंडलों को चेक प्रदान किया। सेविका और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और ग्राम प्रधानों को प्रधानी पट्टा सौंपा। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे-बच्चियों को स्वेटर और गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 61 करोड़ 25 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर राजमहल सांसद विजय हांसदा, उपायुक्त आरएन यादव और पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रारमीण क्षेत्रों कों...
लिए कोई सार्थक प्रयास हुआ। लेकिन हमारी सरकार पिछले तीन वर्षों में ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समेत सभी क्षेत्रों के लिए तमाम योजनाएं शुरू की गई है। वहीं, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को आर्थिक सुरक्षा कवच देने का काम हो रहा है।

एनटीपीसी गोलरीकांड में पूर्व....
दस वर्ष की सजा सुनाई है। गुरुवार को निर्मला देवी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और अम्बुज नाथम की कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद जमानत दी गयी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत में बेल बांड भरने के बाद रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब हो कि साल 2015 में एनटीपीसी बड़कागांव में अपना प्लांट लगा रही थी। जिस जमीन पर प्लांट लगाया जा रहा था, उसे लेकर ग्रामीण विवाद कर रहे थे। वे अपनी जमीन प्लांट को नहीं देना चाह रहे थे। उस समय तत्कालीन विधायक निर्मला देवी ने एनटीपीसी कफन सत्याग्रह चलाया था। इस कफन सत्याग्रह के दौरान हिंसा भड़की। जिसके बाद मौके पर पुलिस फायरिंग हुई। इस फायरिंग में कई लोगों की मौत हुई थी।

लोस चुनाव को लेकर भाजपा ने...
विशेष नजर बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पिछले चुनाव के परिणामों पर बोलते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एवं सिंहभूम क्षेत्र के मतदाताओं में इस बात की समझ बनी है कि गैर भाजपाई दलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीतने की वजह से यहां का विकास अवरूद्ध हुआ है। अमित शाह के चाईबासा आगमन का उद्देश्य सिर्फ लोकसभा चुनाव से पहले कोई जनसभा करना मात्र नहीं है बल्कि श्री शाह यहां पहुंचकर पहले भाजपा की लोकसभा कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे और कोर कमेटी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपेंगे। अंदरखाने यह भी चर्चा है कि सिंहभूम के कुछ बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करने की कवायद भी चल रही है।

रामगढ़ महिला थाना प्रभारी घूस...
निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग को आवेदन दिया था कि केस मैनेज करने के नाम पर महिला थाना प्रभारी 10 हजार रुपए घूस की मांग रही है। घूस नहीं देने पर जेल भेजने तक की बात कही। ऐसे में एसीबी की टीम ने शिकायत की जांच करते हुए मामले को सही पाया और महिला थाना प्रभारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आवेदक तपन गिरि ने जानकारी दी कि उसके भाई तरुण गिरि के विरुद्ध धारा 376 और 506 आईपीसी के अंतर्गत मामला दर्ज है। इस संबंध में उसके घर में पुलिस इश्तेहार चिपकाने के लिए आयी थी और इसी दौरान आरोपी महिला थाना प्रभारी ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। गिरफ्तार करने के बाद महिला थाना प्रभारी मेंजारी बिरुआ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इतने बड़े अपराध की इतनी छोटी...
और बदले में उसका नाम सार्वजनिक कर दिया जाए। गोदी मीडिया थोड़ा और इंतजार करे। हो सकता है एयरपोर्ट से किसी मंत्री का वीडियो आ जाए और उसमें वे बिजनेस क्लास का दौरा करते नजर आएं। महिला को हौसला रखना चाहिए क्योंकि दुनिया में यही एक देश है जहां नारी की पूजा होती है और नारी के शरीर पर सू सू करने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है। समाचार समाप्त हुए।

एक्टविस्ट और पत्रकार सौमित्र रॉय ने लिखा है : ब्रांड इंडिया लोगों से बनता है। समाज से बनता है। इसे सुनिश्चित करना तंत्र का काम है। न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक व्यक्ति महिला पर सू सू कर देता है। एयर इंडिया इसे बुरा आचरण नहीं मानता। बंदा सू सू कर निकल लेता है। सरकार जी-20 का मुखिया होने पर छाती पीट रही है। मुल्क की औरतें सड़कों पर घसीटी जा रही हैं। इससे क्या संदेश गया, ये किसी ने सोचा?

इस एक्शन को क्या कहा...
की मदद लेनी होगी? एयर इंडिया ने 30 दिनों के लिए उसे नो फ्लाईंग लिस्ट में डाल दिया है। इससे क्या होगा? वह एयर इंडिया में न उड़ कर किसी और में उड़ेगा। क्या डीजीसीए उसे जिंदगी भर के लिए हर विमान में उड़ने के अयोग्य नहीं ठहरा सकता?

देश में विदेशी विवि की अगवानी के...
वाराणसी कैंपस और बरकछा (मिर्जापुर) कैंपस में अंतर को एक बार देख लेना चाहिए, पता चल जाएगा कि मेन कैंपस का माहौल, आधारभूत ढांचा, पढ़ाई की गुणवत्ता और उससे अलग दूसरे कैंपस के माहौल, गुणवत्ता में कितना अंतर होता है। यूजीसी अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालय अपना फीस स्ट्रक्चर भी तय कर सकती हैं। लेकिन सुनिश्चित करना होगा कि फीस स्ट्रक्चर पारदर्शी और वाजिब हो। ऐसे में सवाल है कि इस देश में प्राइवेट विश्वविद्यालय- अशोक विश्वविद्यालय है, इसी तरह से अन्य तमाम प्राइवेट विश्वविद्यालय व प्रबंध शास्त्र के कॉलेज भी हैं। उनकी फीस लगभग विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों के बराबर हैं। ऐसे में किस फीस स्ट्रक्चर की बात यूजीसी कर रही है? क्या यह केवल फेस सेविंग के लिए कही जाने वाली बात की तरह है? यूजीसी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों में आरक्षण नीति, दाखिले संबंधी नीति निर्धारण के बारे में निर्णय विदेशी विश्वविद्यालय करेंगे, इसमें यूजीसी की भूमिका नहीं होगी। यूजीसी के बड़े साहब ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि फंड ट्रांसफर में कोई गड़बड़ी न हो, फंडिंग से संबंधित सभी मामले फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के अनुसार होंगे। इसके बारे में अधिक जानकारी जनवरी 2023 के अंत तक अधिसूचित की जाएगी। इन पूरे मामले में मूल बात यह है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों व शिक्षा संस्थानों सहित आईएमएफ व विश्व बैंक का लंबे समय से दबाव है कि भारत का सब कुछ प्राइवेटाइज किया जाए। रेलवे, हवाई अड्डा, पोर्ट, गोदाम, चिकित्सा, शिक्षा, खेती सब कुछ। बीते कुछ वर्षों में इसमें तेजी आ गई है। संभव है जल्दी ही खबर सुनने को मिले कि देश के फलां-फलां प्रसिद्ध केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों को फलां-फलां बड़े गुजराती, मुंबईया सेठ या एनआरआई ने अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोप के फलां-फलां नामी विश्वविद्यालयों के साथ साझा करके 50 वर्ष या इतने वर्ष के लीज पर ले लिया और हुक्मरानों द्वारा इसको प्राइवेटाइज करना न कह, यह कहा जाएगा कि यह तो लीज पर दिया गया है।

सुविधा | राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्व में लोगों को किया जा रहा है जागरूक

लोग निःशुल्क ले रहे हैं स्वास्थ्य सुविधा

नवीन मेल संवाददपाता

रांची। राष्ट्रीय खादी सरस महोत्सव में सरकारी स्टाल के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरूका, जिसमें आरबीआई के तरफ से वित्तीय साक्षरता जागरूकता एवं वित्तीय हानि के बारे में लोगों को बताया जा रहा है । मेले परिसर में आधार कार्ड की भी सुविधा दी जा रही है। सदर हॉस्पिटल रांची के तरफ से फ्री हेल्थ सुविधा उपलब्ध है, जिसमें शुगर जांच, ब्लड प्रेशर एवं फ्लेरिया और मलेरिया के रोकथाम और बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए कोविड-19 के सभी टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। इसके लिए आपको अपना आधार अपने साथ रखना है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रति

लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डाक जीवन बीमा द्वारा स्टॉल भी मेले परिसर में लगाया गया है। औषधीय पौधों के महत्व को जन -जन तक पहुंचाने के लिए वन विभाग के तरफ से लोगों को औषधीय पौधों के बारे में बताया जा रहा है, साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे अपने घरों और आसपास लगाने की प्रेरणा दी जा रही है। पौधे लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं भारतीय संचार निगम लिमिटेड के द्वारा मेले के शुभ अवसर पर सस्ती सिम मुहैया कराया जा रहा है। यहां पर मिल रही सुविधाएं इस प्रकार है आधार कार्ड को लेकर जागरूक किया जा रहा है एवं आधार कार्ड में हुई त्रुटि को सुधार किया जा रहा हैं यह सुविधा स्टाल संख्या 1 और 2 पर उपलब्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा लोगों को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय हानि से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है इसकी सुविधा आप मेले परिसर में सरकारी स्टॉल संख्या तीन पर ले सकते हैं। भारतीय डाक विभाग के द्वारा ग्रामीण डाक जीवन बीमा और सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया जा रहा है । यह सुविधा मेला परिसर में सरकारी स्टाल संख्या 4 पर उपलब्ध है। सदर हॉस्पिटल रांची के तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य चेककप जिसमें ब्लड प्रेशर एवं शुगर का जांच किया जा रहा है एवं मलेरिया और फलेरिया के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसकी सुविधा आप स्टाल संख्या 15 और 16 पर ले सकते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

सीएम बघेल से मिले अजहरुद्दीन

रायपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की है। इस दौरान प्रदेश में क्रिकेट को बढ़ावा देने के प्रयासों पर बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया, 21 जनवरी को नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम के बीच वनडे मैच खेला जाना है। अजहरुद्दीन ने इस आयोजन की मेजबानी मिलने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी।

एशिया कप में एक बार फिर भारत-पाक मुकाबला

दुबई। एशिया कप में एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। गुरुवार को एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने एशियाई क्रिकेट के दो साल का रोड मैप जारी किया। 2023 का एशिया कप वनडे वर्ल्ड कप से पहले सितम्बर में खेला जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवम्बर के दौरान भारत में होना है। एशिया कप के लिए भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं।

अफ्रीका टी-20 लीग के मालिकों, बीसीसीआई के बीच टकराव

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग के टीम मालिकों और बीसीसीआई के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। द. अफ्रीकी लीग (एसए-20) की सभी 6 टीमों के मालिक वही हैं, जो आईपीएल की टीमों के मालिक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई अधिकारी द. अफ्रीकी टी-20 लीग की टीमों के लोगो देखकर हैरान हैं। अधिकारी ने कहा कि इस पूरे मामले को क्रिकेट द. अफ्रीका और आईपीएल टीमों के सामने उठाएंगे।

वृंदावन आश्रम पहुंचे कोहली-अनुष्का

वृन्दावन। भारत का स्टार कपल विरुष्का (विराट कोहली और अनुष्का शर्मा) भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में था। वहां दोनों ने बाबा नीम करोली की समाधि के दर्शन किए और ध्यान लगाया। उन्हें प्रसाद के रूप में कंबल मिला। विराट-अनुष्का ने बाल भोग का प्रसाद भी ग्रहण किया। विराट और अनुष्का का वृन्दावन विजिट पूरी तरह गोपनीय रहा। इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। दोनों सुबह-सुबह बाबा नीम करोली आश्रम पहुंच गए।

वनडे सीरीज के लिए पाक टीम का ऐलान

कराची। बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम कराची में नेशनल बैंक क्रिकेट एरिना में 9 जनवरी सोमवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान ने तीन मैचों के लिए मजबूत 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है और इंग्लैंड टेस्ट के दौरान खुद को चोटिल करने वाले हारिस रऊफ 50 ओवर के खेल में वापसी करेंगे।

हॉकी : वर्ल्ड कप जीतने पर हर खिलाड़ी को 1-1 करोड़

ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने किया ऐलान

एजेंसी। भुवनेश्वर

एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप इस साल भारत में होने जा रहा है। टूर्नामेंट 13 जनवरी से शुरू होकर 29 जनवरी तक ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित होगा। इसी बीच ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ऐलान किया है कि अगर इस साल भारत हॉकी वर्ल्ड कप जीतता है तो वे टीम के हर खिलाड़ी को 1-1 करोड़ रुपये देंगे। पटनायक राउरकेला में वर्ल्ड कप गांव का उद्घाटन करने गए थे, उसी समय उन्होंने इनाम की घोषणा की। वर्ल्ड कप के खेलगांव में 225 रूम है। इसे बनाने में 9 महीने लगे है। इसमें वर्ल्ड कप के ऑफिशियल्स और टीम रहेंगी। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक भारतीय टीम के खिलाड़ियों से भी मिले। उन्होंने टीम को वर्ल्ड कप के लिए बेस्ट ऑफ लक कहा। दुनिया में नंबर छह की रैंकिंग वाले भारत के पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है। मेजबान टीम अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में स्पेन के खिलाफ करेगी। टीम ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में उतरेगी। वहीं, अभिषेक और सुखजीत सिंह पहली बार वर्ल्ड खेलेंगे। 26 साल के हरमनप्रीत ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे। उन्हें 2020-21 और 2021-22 में एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। भारत का पहला मैच 13 जनवरी को स्पेन, दूसरा 15 जनवरी को इंग्लैंड और तीसरा 19 जनवरी को वेल्स से होगा। श्रीजेश और कृष्ण बहादुर चौथा वर्ल्ड कप खेलने उतरेंगे।

भारत का फुल स्क्वाड

हरमनप्रीत (कप्तान), अमित (उपकप्तान), कृष्ण बहादुर, श्रीजेश (गोलकीपर), जरमनप्रीत, सुरेंद्र, वरुण, नीलम संजीप, मनप्रीत, हार्दिक, नीलकांत शर्मा, शमशेर, विवेक प्रसाद, आकाशदीप, मनदीप, ललित, अभिषेक, सुखजीत।

रणजी ट्रॉफी 2023 : सरफराज ने 50वीं पारी में जड़ा 12वां शतक

टीम इंडिया के लिए पेश की अपनी दावेदारी

एजेंसी। मुंबई

मुंबई के 25 साल के सरफराज खान का घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी है। रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड में एक बार की चैम्पियन तमिलनाडु के खिलाफ सरफराज ने शतकीय पारी खेलकर लड़खड़ाई मुंबई को संभाला। सरफराज ने 73.63 की स्ट्राइक रेट से 220 गेंद पर 19 चौके और एक छक्के की मदद से 162 रन की पारी खेलकर टीम के स्कोर को 380+ के पार पहुंचाया। सरफराज का यह फर्स्ट क्लास के 50 पारियों में 12वां शतक है। इसके अलावा उनके नाम 9 अर्धशतक भी है। बहरहाल, मैच के दूसरे दिन मुंबई ने तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी में 183/6 से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 4.50 की नेट रनरेट से 481 रन बनाए। टीम ने मौजूदा सीजन में किसी भी टीम के खिलाफ दूसरी बार 450+ का स्कोर किया है। इससे पहले हैदराबाद के खिलाफ मैच में 651/6 पर पारी घोषित की थी और टीम को उस मुकाबले में जीत मिली थी। सरफराज के अलावा तनुश कोटियन (71) और मोहित अवस्थी (69) ने अर्धशतकीय पारी खेली। तमिलनाडु के एच. त्रिलोक नाग और अश्विन क्रिस्ट ने सबसे ज्यादा तीन-तीन विकेट लिए। मुंबई ने तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी में 337 रन की बढ़त हासिल की। दिन का खेल खत्म होने तक तमिलनाडु ने एक विकेट पर 62 रन बनाए। टीम को अभी भी बढ़त हासिल करने के लिए 275 रन की जरूरत है। सीजन में मुंबई को तीन मैच में से दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 13 अंक के साथ ग्रुप-बी में टॉप पर है। सरफराज मुंबई के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 5 पारियों में 97.00 की औसत से 388 रन बनाए। इसमें दो शतक व एक अर्धशतक है। वे 2019 सीजन से अब तक 22 पारियों में 134.64 की औसत से 2289 रन बना चुके हैं।

सरफराज को जल्द मिल सकता है मौका : सलेक्टर

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने पिछले दिनों सरफराज खान के प्रदर्शन को लेकर अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि सरफराज को भारतीय टीम में आने का मौका मिलने में कुछ ही समय है। हम उन्हें मौका दे रहे हैं। आगे उन्होंने कहा था कि हमने उन्हें भारत-ए टीम में चुना था। मैं चयनकर्ताओं से भी उनके बारे में बात कर रहा हूं। उन्हें बहुत जल्द मौका मिलेगा।

विदर्भ के खिलाफ कहर बनकर बरसे आवेश

विदर्भ के खिलाफ मध्य प्रदेश के आवेश खान कहर बनकर बरसे। दूसरे दिन मध्य प्रदेश ने पहली पारी को 234/6 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम 309 रन पर आउट हो गई। सारांश जैन (61) ने अर्धशतकीय पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने से पहले विदर्भ ने पहली पारी की शुरूआत करते हुए 65 ओवर में 145/7 रन बनाए। आवेश ने 1.68 की इकॉनोमी से 19 ओवर में महज 32 रन देकर सबसे ज्यादा पांच विकेट झटके। उन्होंने सात मेडन ओवर में भी डाले। इसके अलावा गौरव यादव ने 14 ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया।

विश्व के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम में झारखंड के नाम रही पहली जीत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला मुख्यालय से मात्र 70 किलोमीटर दूर राउरकेला उड़ीसा में गुरुवार को विश्व के सबसे बड़े बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने झारखंड और उड़िया मैच का उद्घाटन किया। हॉकी उड़ीसा और झारखंड के बीच मैत्री मैच खेला गया। बीस हजार से भी अधिक दर्शकों, उड़ीसा सरकार के मंत्रियों, अधिकारियों, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सभी सदस्यों, हॉकी इंडिया के अधिकारियों की उपस्थिति में खेले मैत्री मैच में झारखंड टीम ने मेजबान उड़ीसा को 40 से पराजित कर पहली जीत करते हुए इतिहास रच दिया। बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मैच के तीसरे मिनट में झारखंड के आतिस दोदराय ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर इस स्टेडियम का पहला और झारखंड का पहला गोल किया। 29वें मिनट में अभिषेक तिग्गा, 39वें मिनट में जोसेफ टोपनो और 54वें मिनट में डेबिट दोदराय ने गोल किया। झारखंड और उड़ीसा के साथ खेले गए मैत्री मैच की शुरुआत उड़ीसा सरकार के खेल मंत्री, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप तिर्की और हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने किया।

विश्व का सबसे बड़ा बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम हॉकी स्टेडियम राउरकेला में पहला मैच झारखंड के विजई होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा विश्व प्रसिद्ध इस स्टेडियम में समर्थकों के बीच झारखंड ने जीत हासिल कर बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। हमारे खिलाड़ियों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। गोलकीपर से लेकर फॉरवर्ड सभी खिलाड़ियों ने अपना शत-प्रतिशत दिया।

टी-20 आईसीसी रैंकिंग में ईशान और दीपक ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी। दुबई

श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को 3 टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में खेले गए शानदार पारी का इनाम ईशान किशन और दीपक हुड्डा को मिला है। गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ओर से टी-20 की जारी वर्ल्ड रैंकिंग में सुधार हुई है। ओपनर ईशान किशन को 10 स्थानों का फायदा हुआ है। वहीं, दीपक हुड्डा 40 पायदान ऊपर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी बॉलरों की रैंकिंग में 9 स्थान का फायदा हुआ है। मुंबई में खेले गए पहले मुकाबले में ईशान किशन ने भारतीय टीम को शानदार शुरुआत दी। उन्होंने 29 गेंदों पर 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के भी जड़े। इस पारी की बदौलत वह अपनी वर्ल्ड रैंकिंग में सुधार करने में सफल हुए हैं। वे 33वें से 10 स्थान की छलांग लगाकर 23वें पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, प्लेयर ऑफ द मैच रहे दीपक हुड्डा को 40 स्थान का फायदा हुआ है। वह 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहले मुकाबले में 23 गेंदों पर नाबाद 41 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा, हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। उन्हें 9 स्थान का फायदा हुआ है। वे 76वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चोट के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे बुमराह और अश्विन को बुधवार को जारी टेस्ट रैंकिंग में एक-एक स्थान का फायदा हुआ। गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह तीसरे और अश्विन चौथे नंबर पर पहुंच गए। द. अफ्रीका के कगिसो रबाडा तीन स्थान के नुकसान के साथ छठे पर आ गए हैं।

रणजी ट्रॉफी में जाधव ने ठोका दोहरा शतक

मुंबई। लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे केदार जाधव का रणजी ट्रॉफी 2022-23 में गजरता दिखा। जाधव ने एलिट ग्रुप बी मुकाबले में आसाम के खिलाफ शानदार दोहरा शतक ठोका, जिस कारण महाराष्ट्र ने पहली पारी 9 विकेट खोकर 594 रनों पर घोषित की। जाधव ने 100 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, हालांकि वह तीसरा शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने 283 गेंदों में 283 रनों की पारी खेली, जिसमें 21 चौके व 12 छक्के शामिल रहे। जाधव ने अपना शतक 115 गेंदों में पूरा किया था, जबकि दोहरा शतक 207 गेंदों में पूरा किया। जाधव का यह 79वां फर्स्ट-क्लास मैच रहा। इस फॉर्मेट में अब उनके 15वां शतक पूरे हो चुके हैं। वह 5,449 रन बना चुके हैं। जाधव ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टीम इंडिया के लिए साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

सिडनी टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने डोनाल्ड ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा

ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका पर पूरी तरह हावी, ख्वाजा दोहरे शतक से पांच रन दूर

एजेंसी। सिडनी

सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका पर पूरी तरह हावी हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट पर 475 रन बना लिए हैं। टीम के उस्मान ख्वाजा 195 और मैट रेन्शॉ 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनसे पहले स्टीवन स्मिथ ने अपना 30वां टेस्ट शतक पूरा किया। साउथ अफ्रीका के लिए एनरिक नॉर्त्या को सबसे ज्यादा 2 विकेट मिले। तीसरे दिन का खेल सिडनी में भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से शुरू होगा। 3 मैचों की सीरीज के शुरूआती 2 मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया 2-0 से आगे हैं। तीसरा मैच जीतना वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से साउथ अफ्रीका के लिए बहुत अहम है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच को ड्रॉ कराकर भी खुश रहेगी।

ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ा। इसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के डोनाल्ड ब्रैडमैन को पीछे छोड़ दिया। ब्रैडमैन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट में 29 शतक जड़े थे। स्मिथ ने अपने 92वें टेस्ट में 192 बॉल पर 104 रन बनाए। उन्होंने मैथ्यू हेडन के 30 शतकों की बराबरी की। स्मिथ से ज्यादा शतक ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव वॉ (32) और रिकी पोंटिंग (41) ने बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को पीछे छोड़ा। क्लार्क ने 115 टेस्ट में 8643 रन बनाए थे। स्मिथ के 8647 रन हो गए हैं। उनसे आगे स्टीव वॉ, एलन बॉर्डर और रिकी पोंटिंग हैं।

द. अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन को भरोसा है कि दक्षिण अफ्रीका का दौरा सीखने और हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी का अच्छा मौका होगा। एशियाई खेलों की विजेता टीम को पेरिस 2024 ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की जहां गोलकीपर सविता पूनिया की अगुआई में टीम 16 से 28 जनवरी तक केपटाउन में मेजबान टीम के खिलाफ चार और नीदरलैंड के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह दौरा स्पेन के वेलेंसिया में पहले नेशन्स कप में भारत की खिताबी जीत के एक महीने बाद हो रहा है।

उपलब्धि 2021 से भारत के बेस्ट टेस्ट बल्लेबाज, बनाये सबसे ज्यादा रन

रोहित, विराट से ज्यादा खलेगी पंत की कमी

एजेंसी। मुंबई

पिछले दिनों कार एक्सीडेंट में घायल भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को एयरलिफ्ट कर मुंबई ले जाया गया। मुंबई में बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनका इलाज करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंत 5 से 6 महीनों के लिए ग्राउंड से दूर रहेंगे। ऐसे में वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में 4 टेस्ट मैचों की सीरीज नहीं खेल पाएंगे। अगर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचती है तो उस मैच में भी पंत नहीं होंगे। इन मैचों में टीम इंडिया को उनकी भरपाई करने में मुश्किलें आएंगी। पिछले 2 सालों में वे टेस्ट टीम के सबसे बड़े मैच विनर बल्लेबाज साबित हुए हैं। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश में अहम मौकों पर कई उपयोगी पारियां खेलकर भारत को जीत दिलाई है। पंत ने ये पारियां उन मौकों पर खेलीं जब हमारा टॉप ऑर्डर बुरी तरह फेल हो जाता था। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज आउट ऑफ फॉर्म होते रहे या चोटिल होकर टीम से बाहर होते रहे, लेकिन पंत ने किसी की कमी नहीं खलने दी। सबसे बड़ी चुनौती फरवरी-मार्च के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आएगी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को कम से 3 टेस्ट जीतने होंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें ऋषभ पंत जैसे मैच विनर की जरूरत पड़ेगी। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक खेले 7 टेस्ट में 62.40 की औसत से 624 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने सभी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में ही खेले। इनमें उनके बैट से सिडनी में 97 और 159* रन की पारियां आईं। 2021 में गाबा के मैदान पर 89 रन की नॉटआउट पारी खेल उन्होंने भारत को 2-1 से सीरीज भी जिताई थी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में वह अहम साबित हो सकते थे। कगांरू टीम आखिरी बार भारत में 2017 के दौरान टेस्ट सीरीज खेलने आई थी। तब उन्हें 2-1 से हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद से भारत को टेस्ट सीरीज में हरा नहीं सका है।

इंग्लैंड में होना है डब्ल्यूटीसी का फाइनल

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड में होना है। अगर हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने में कामयाब रहे तो लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेल सकते हैं। अभी के हालातों को देखते हुए अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो उसका सामना ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका से हो सकता है। दोनों ही टीमों के खिलाफ पंत उन्हीं के घर में शतक जड़ चुके हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तो 3 टेस्ट में उन्होंने 186 रन बनाए हैं। फाइनल मुकाबला लंदन के ओवल मैदान पर होगा। जहां पंत के नाम 2 टेस्ट में एक शतक और एक फिफ्टी दर्ज है। उनका रिकॉर्ड भी यही कहता है कि वे फाइनल के लिए अहम होते।